# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 14 अप्रैल 2025 सोमवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 320 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1434 :** फ्रांस के विश्वविख्यात सेंट पीटर कैथेड्रल की आधारशिला रखी गई।

**1563 :** सिखों के दसवें गुरू अर्जुन देव का जन्म हुआ।

**1659 :** औरंगजेब ने दिल्ली पर हुकूमत की लड़ाई में दारा को हराया।

**1809 :** नेपोलियन ने बावारिया की लड़ाई में आस्ट्रिया को शिकस्त दी।

**1814 :** नेपोलियन को राजगद्दी से हटाया गया।

**1891 :** भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर का जन्म हुआ।

# राष्ट्र सेवा के लिए मतदान पहली सीढ़ी : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सभी निर्वाचक और राजनीतिक दल मतदाता सूची से संतुष्ट हैं क्योंकि झारखंड के किसी भी जिला या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर मतदाता सूची में गड़बड़ी से जुड़ा एक भी अपील लंबित नहीं है। ये बातें झारखंड दौरे पर आए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कही। रांची के दशम फॉल क्षेत्र की बीएलओ दीदियों से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए मतदान पहली सीढ़ी होती है। इसलिए हर भारतीय का फर्ज है कि वह मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं। 18 वर्ष की आयु पूरा होते ही हर भारतीयों को निर्वाचक बनने का संवैधानिक अधिकार है। इससे पहले दशम फॉल क्षेत्र की बीएलओ दीदियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। उन्हें साल के पत्ते से बनी टोपी और माला पहनाई गई। मुख्य चुनाव आयुक्त ने चुनाव आयोग के संस्थागत ढांचा और कार्यप्रणाली का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आयोग में करीब 500



कर्मचारी हैं लेकिन चुनाव के वक्त डेपुटेशन पर लोगों को जोड़कर धीरे-धीरे यह दुनिया की सबसे बड़ी संस्था बन जाता है। पूरी दुनिया के लिए अचरज का विषय होता है कि हर साढ़े दस लाख बूथ में उसी संख्या में बूथ लेवल ऑफिसर और करीब 50 लाख अधिकारी, राजनीतिक दलों, बूथ एजेंट और काउंटिंग एजेंट के साथ मिलकर एक ही पैटर्न को फॉलो करते हुए चुनाव कार्य को पूरा किया जाता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि इसी तरह मतदाता सूची से जुड़ी प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। इसको पूर्ण करने में 10.50 लाख बूथ लेवल ऑफिसर के साथ-साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि की भी भागीदारी होती है। मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद मतदाता या राजनीतिक दल को कानूनी अधिकार मिला है कि वह नाम में गड़बड़ी या किसी गलत व्यक्ति का नाम जोड़े जाने के खिलाफ शिकायत कर सकता है। इसके लिए पहले स्तर पर उपायुक्त के पास अपील करने का प्रावधान है। दूसरी अपील मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के यहां की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि के अलावा रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले 12 अप्रैल को रामगढ़ दौरे के वक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ने सीसीएल गेस्ट हाउस स्थित सभागार में वॉलेंटियर के साथ एक्सपेरिएंस साझा किया था। उन्होंने झारखंड के वॉलिंटियर्स के कामकाज की सराहना की थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि दशम जलप्रपात जैसे दुर्गम क्षेत्र की बीएलओ दीदियां भारत में कार्यरत सभी बीएलओ के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। इन्होंने ऐसे दुर्गम क्षेत्र के कठिनाइयों को सामना करते हुए हर घर तक अपनी पहुंच बनाई और मतदान प्रतिशत भी बेहतर किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक पहल की गयी है, जिसके तहत देश के विभिन्न राज्यों के बीएलओ को दिल्ली बुलाकर ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है। दशम जलप्रपात की बीएलओ दीदियों को इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में एक ट्रेनर के रूप में भाग लेने के लिए बुलाया जाएगा ताकि देश के अन्य बीएलओ भी इनकी कार्यशैली को जान सकें और इनसे प्रेरित हो सकें।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को रांची स्थित अपने आवास पर रिम्स ब्लड बैंक के लिए रक्तदान किया और लोगों से आगे आकर रक्तदान करने की अपील की ताकि इससे किसी की जान बचाने में मदद मिल सके।

## देश के 17 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार सहित 17 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में धूलभरी आंधी की चेतावनी है। असर दिल्ली तक देखने को मिल सकता है। राजस्थान में शनिवार को बिजली-आंधी से 2 लोगों की मौत हो गई है। बिजली की चपेट में आने से खेत में काम कर रही एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग झुलस गए। वहीं, सिरोही में शुक्रवार देर रात तेज आंधी के चलते पेड़ गिरने से एक महिला की जान चली गई। यूपी में अगले 24 घंटे तक 47 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। बिजली के साथ ओले भी गिरने की आशंका है। बिहार में आज पटना समेत 24 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश के 24 जिलों में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ की सक्रियता घटने के बाद तेज गर्मी का असर शुरू होगा। 15 अप्रैल के बाद राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हीटवेव चलने का अनुमान है। इस दौरान तापमान 40 डिग्री पार पहुंच सकता है।

## जवानों की आहुति जाया नहीं जाएगी : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के चाईबासा जिले में हुए आईईडी विस्फोट में वीरगति को प्राप्त हुए झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान को रांची के टेंडर ग्राम स्थित जगुआर मुख्यालय में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रविवार को रांची स्थित झारखंड जगुआर मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा रखा गया। जहां झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल और मुख्यमंत्री दोनों शहीद के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उनका ढाढ़स बंधाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के परिवार के साथ सरकार का साथ हमेशा रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद पूरे देश की समस्या है, जो अब समाप्ति की ओर है। हमारे जवानों की आहुति जाया नहीं जाएगी। शहीद जवान झारखंड के मुख्य सचिव, डीजीपी अनुराग गुप्ता के साथ आईजी अभियान, आईजी सीआरपीएफ, आईजी रांची, डीआईजी सह रांची



एसएसपी चन्दन कुमार ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार शनिवार को नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान नक्सलियों के द्वारा पहले से जमीन के नीचे लगाकर रखे गए आईईडी ब्लास्ट किया गया। ब्लास्ट में 203 कोबरा बटालियन के आरओ विष्णु सैनी और झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल जवानों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। लेकिन इलाज के क्रम में घायल सुनील धान ने दम तोड़ दिया। झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान ब्लास्ट में वीरगति को प्राप्त होने वाले सुनील झारखंड के खूंटी जिला के रहने वाले हैं। शहीद जवान का अंतिम संस्कार खूंटी में ही किया जाएगा। चाईबासा में एक महीने के भीतर नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में दो जवान शहीद हो चुके हैं। 22 मार्च 2025 को चाईबासा में ही नक्सलियों से लोहा लेते हुए सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील मण्डल वीरगति को प्राप्त हुए थे। सीआरपीएफ 193 बटालियन के सब इंस्पेक्टर जीडी सुनील कुमार मंडल अपनी टीम के साथ नक्सलियों के खिलाफ अभियान में निकले हुए थे। इसी दौरान चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा पूर्व में लगाए गए आईईडी विस्फोट किया गया जिसकी चपेट में आने से सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल और सीआरपीएफ जवान जीडी पार्थ घायल हो गए थे। ब्लास्ट की जानकारी मिलने के बाद आनन-फानन में दोनों घायलों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल को मृत घोषित कर दिया था।

## वज्रपात से तीन महिलाओं समेत चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शनिवार की रात 11 बजे आई तेज आंधी में एक व्यक्ति की छत से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान स्व. फैजदारी पासवान के 62 वर्षीय पुत्र बालेश्वर पासवान उर्फ कारू के रूप में की गई है। दूसरी घटना सारे थाना क्षेत्र के मलावां गांव की है। जहां ग्रामीणों ने बताया कि जमीदार बिंद की 58 वर्षीय पत्नी रामसखी देवी की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक आंधी पानी में खेत से लौट रही थी। गुरुवार की शाम आए आंधी पानी में गिरने से चोट लग गई। परिवार के लोग इलाज के लिए ले गए जहां इलाज के क्रम में मौत हो गई। वहीं, तीसरी घटना बेन थाना क्षेत्र के जनकपुर गांव की है। जहां देर रात आए तेज आंधी और बारिश के कारण गुरुवार की शाम मृतका का झोपड़ी बर्बाद हो गई थी। जिसे किसी प्रकार बुजुर्ग मरम्मत करा रात को सो रहे थे, उसी क्रम में झोपड़ी बचाने के दौरान वज्रपात से उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अशोक कुमार की 43 वर्षीय पत्नी संजू देवी के तौर पर की गई है। चौथी घटना बिहार थाना क्षेत्र के अहियाचक मुसहरी मोहल्ले की है। जहां तेज आंधी पानी की वजह से जर्जर मकान में महिला की दबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान मनोज कुमार की 47 वर्षीय पत्नी सविता देवी के तौर पर हुई है। आपदा के तहत अब तक जिले में 27 लोगों की मौत हो चुकी है।

## सिर में गोली मार युवती की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बेखौफ बदमाशों ने एक युवती की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। इस वारदात ने पुलिस को खुला चैलेंज दे दिया है। घटना पटना के घोसवरी थाना क्षेत्र की है। पुलिस को घटनास्थल से दो खोखा बरामद हुए हैं। युवती की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। मौके पर पुलिस जांच में जुटी है। स्थानीय लोगों में घटना के बाद दहशत का माहौल है। मवेशी चराने निकले ग्रामीणों ने जब शव देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। युवती को पहचानने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अब तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हाल के दिनों में क्षेत्र में इस तरह की कई घटनाएं हुई हैं, जिनकी जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

## हमने सभी वर्गों के लिए किया काम : नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को राजनीतिक दलों की ओर से पटना में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जदयू की ओर से बापू सभागार में 'भीम संवाद' का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में पार्टी के सभी नेताओं को मिलकर सबके लिए काम करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने दलित, महादलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, सवर्ण सभी के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि हम बाबा साहब के घर पर भी गए हैं। उनके परिवार वालों से भी मिले हैं। नीतीश कुमार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा देश के संविधान निर्माण



में निभाई गई भूमिका को याद किया। साथ ही वर्ष 2005 के बाद से बिहार में दलित वर्ग के साथ ही महिलाओं, पिछड़ों, अल्पसंख्यक, सवर्णों के सशक्तिकरण के लिए किये गए कार्यों से राज्य में हुए बड़े बदलाव की जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विशेषकर दलितों के लिए सरकारी की योजनाओं से उनके जीवन में आये बदलावों को बिहार में बड़े सामाजिक परिवर्तन का रूप बताया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन के बीच में ही अचानक मंच पर अपने मंत्रिमंडल के सहयोगी अशोक चौधरी को खड़ा करा दिया। उन्होंने रोचक अंदाज में कहा कि अरे भाई कहां हैं जी अशोक चौधरी। खड़ा होइए न, देखिए ये भी हमलोगों के साथ आ गए और ये पूरा का पूरा काम कर रहे हैं। इनको हम बधाई देते हैं। हम इनसे कहेंगे जितना काम किया जा रहा है, आप सभी जगह जाकर एक -एक बात कहिये। इस इस दौरान मुख्यमंत्री ने अशोक चौधरी का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। अशोक चौधरी ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का झुककर अभिवादन किया। जदयू की ओर से आयोजित भीम संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, मंत्री विजय चौधरी, अशोक चौधरी, सुनील कुमार, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा सहित पार्टी के कई अन्य नेता मौजूद थे। इस दौरान संजय झा ने कहा कि बिहार को अगर बैक गियर में नहीं ले जाना है तो 2025 में फिर से नीतीश कुमार की रणनीति पर काम करें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 के बाद बिहार में दलित वर्ग के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कई योजनाएं चलाई जिससे बिहार में अनुसूचित जाति और जनजाति को बड़ा फायदा हुआ।

## एनआईए कोर्ट को मिला धमकी भरा गुमनाम पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची के एनआईए कोर्ट में एक धमकी भरा पत्र मिलने से खलबली मच गई है। पत्र में एनआईए के जज को धमकी तो दी ही गई है साथ ही साथ जेल ब्रेक करने की भी चेतावनी दी गई है। मामले को लेकर रांची के कोतवाली थाने में एफआईआर भी दर्ज की गई है।

**क्या है पूरा मामला**

रांची के एनआईए कोर्ट में एक धमकी भरा पत्र पहुंचा है। पत्र में एनआईए जज पर एक महीने के भीतर हमला और जेल ब्रेक करने की धमकी दी गई है। इस मामले में कोतवाली थानेदार इंस्पेक्टर आदिकांत महतो के बयान पर कई लोगों के विरुद्ध कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में यह बताया गया है कि पत्र में मोबाइल नंबर भी अंकित है। कोतवाली थाना प्रभारी के द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि शुक्रवार को



कोर्ट में तैनात पुलिसकर्मी

एनआईए कोर्ट कार्यालय में स्पीड पोस्ट के जरीए गुमनाम एक पत्र पहुंचा है। पत्र दो लिफाफे के भीतर है। दोनों लिफाफे में भेजने वाले के अलग-अलग नाम हैं। पत्र में कहा गया है कि एनआईए जज पर एक महीने के भीतर हमला हो सकता है। इसके अलावा धमकी भरा पत्र में यह भी कहा गया है कि जेल ब्रेक हो सकता है। इसके लिए शूटरों को पैसे भी दिए गए हैं। पत्र में यह भी लिखा गया है कि भाकपा माओवादी शीला मरांडी और प्रशांत बोस दोनों को जेल से बाहर निकालने के लिए जेल ब्रेक किया जाएगा। इसकी प्लानिंग की जा रही है। पत्र के जरिये जेल ब्रेक और जज को धमकी दिए जाने के बाद रांची पुलिस एक्टिव हो गई है। कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

### बिना नाम लिए कांग्रेस को बताया क्षेत्रीय पार्टी की पिछलग्गू

# मांझी बोले-बिहार में हम 30-40 सीटों पर लड़ेगी पूर्णिया के कसबा से कैंडिडेट किया फाइनल

**पूर्णिया, एजेंसी।** हम पार्टी ने एनडीए की टेंशन बढ़ा दी है। पूर्णिया में पार्टी सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने कहा है कि बिहार में 30 से 40 सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ेगी। साथ ही जिले की कसबा विधानसभा सीट पर दावेदारी पेश करते हुए कैंडिडेट की घोषणा भी कर दी है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दावा किया कि आनेवाले बिहार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी 20 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। इसके लिए पार्टी की तैयारी है कि 30 से 40 सीट पर चुनाव लड़ा जाए। जिसकी मांग एनडीए की बैठक में रखी जाएगी। कांग्रेस का नाम लिए बिना उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एक पार्टी, क्षेत्रीय दल की पिछलग्गू बनी हुई है। साथ ही कहा कि पीएम मोदी के कारण वो केंद्र में मंत्री बने हैं। जीतन राम मांझी पार्टी के जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। इस दौरान हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन भी मौजूद रहे।

### इंडी गठबंधन में सीएम फेस की लड़ाई है

अपने संबोधन में जीतन राम मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर साल 2 करोड लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, मगर महज 11 सालों में ही एमएसएमई योजना के तहत 26 करोड लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। इंडी गठबंधन वाले मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री चेहरा के विवाद से नहीं निकल पाए हैं। इंडी गठबंधन का एक ही मुद्दा है, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कौन होगा। जबकि एनडीए गठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। एनडीए का मुद्दा 2047 तक विकसित बनना और 2027 तक भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना है।



### कसबा विधानसभा से हम के उम्मीदवार की घोषणा

पूर्णिया के कसबा सीट पर अपनी दावेदारी पेश करते हुए मांझी ने कहा, एनडीए की मीटिंग में सीटों पर बात होगी तो पूर्णिया का की कसबा विधानसभा सीट निश्चित तौर पर हम को ही मिलेगी। जिस सीट पर हमारी पार्टी लड़ती आई है, उस सीट पर पार्टी ने जीत दर्ज की है। पूरा यकीन है कि ये सीट हम के खाते में ही आएगी और राजेंद्र यादव यहां से हम पार्टी के उम्मीदवार होंगे।

### पहले कहा था-हम से हो सकता है बिहार का अगला सीएम

हम पार्टी के सुप्रीमो और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने 23 मार्च को गया में दावा किया था कि अगर उनकी पार्टी चुनाव में 20 से 25 सीट जीतकर आती है तो अगला सीएम उनकी हम पार्टी से भी हो सकता है। मांझी गया के शेरघाटी में रंगलाल हाई स्कूल मैदान में रविवार को गरीब चेतना सम्मेलन में बोल रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- पूरे बिहार में एनडीए के घटक के रूप में हम पार्टी को 40 सीट मिलनी चाहिए। यदि आपकी पार्टी से 20-25 सीट जीत कर जाते हैं तो आपका आदमी भी मुख्यमंत्री बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नजर हम पर है। मांझी ने कहा, जब कम पढ़-लिखे लोग मुख्यमंत्री बन सकते हैं तो आपके यहां वकील, डॉक्टर, इंजीनियर सब हैं। यह बातें उन्होंने मगही भाषा में जनता को संबोधित करते हुए कहीं। उनका इशारा साफ था कि अब हम वोट बैंक नहीं, किंग मेकर हैं।



# सोनपुर मंडल में बिना टिकट यात्रियों से वसूले 26.20 लाख

### एक दिन में 4048 लोगों को बिना टिकट यात्रा करने पर पकड़ा, रात 10 बजे तक चला अभियान

हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।

पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल ने बड़ी कार्रवाई की है। मंडल ने एक दिन में चलाए गए मेगा टिकट चेकिंग अभियान में 4048 बिना टिकट यात्रियों से 26.20 लाख रुपए का जुर्माने की वसूली की है। यह विशेष अभियान शनिवार सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चलाया गया। इसमें सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, नवगछिया, खगड़िया, बरौनी और मानसी स्टेशन को शामिल किया गया। चेकिंग दल में मंडल के सभी टिकट जांच स्क्वॉड, स्टैटिक और स्लीपर टिकट जांच कर्मी मौजूद थे। वाणिज्य विभाग के सभी अधिकारी, निरीक्षक और पर्यवेक्षक भी अभियान में शामिल रहे।

### सभी ट्रेनों की जांच की

रेलवे ने कई प्रमुख रूट पर विशेष जांच की। इनमें सोनपुर-हाजीपुर, हाजीपुर-मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर-बरौनी, बरौनी-बेगूसराय और खगड़िया-मानसी-नवगछिया शामिल हैं। इन मार्गों पर चलने वाली सभी प्रीमियम, मेल/एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों की जांच की गई। रेल प्रशासन ने यात्रियों से वैध टिकट के साथ यात्रा करने की अपील की है। इससे रेलवे की आय में वृद्धि होगी। साथ ही यात्रियों को भी किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। सोनपुर मंडल ने रेल सेवाओं में यात्रियों के सहयोग की भी अपील की है।



# शराब पीकर तस्कर के घर पर ही तोड़ा दम: भतीजी की शादी में परिवार के साथ आया था ससुराल

### धंधेबाज के घर मिली 3 लीटर महुआ शराब

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद में शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक रामाबांध निवासी राधेश्याम राम (35) अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल आया था। 9 अप्रैल को साले की बेटी की शादी थी। उसी में शामिल हुए थे। बेटी की विदाई हो चुकी थी। परिजन कह रहे कि 11 अप्रैल को घर से 1 किमी दूर तस्कर के घर शराब तस्कर अर्जुन भुइयां के घर गए थे। वहां उन्होंने बहुत ज्यादा शराब पी ली और तस्कर के घर के दरवाजे पर ही दम तोड़ दिया। सभी को लगा कि राधेश्याम बेहोश होकर गिरा है। बाद में किसी ग्रामीण ने राधेश्याम को उठाने की कोशिश की तो पता चला उनकी मौत हो गई है। सूचना पुलिस और परिजन को दी गई। शाम करीब 7 बजे पुलिस से पहले परिजन पहुंच गए। पुलिस आई तो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को इनपुट मिली जहां लाश मिली उस घर से शराब की तस्करी होती है। जिसके बाद पुलिस ने तस्कर अर्जुन के घर पर छापेमारी की तो 3 लीटर महुआ शराब मिली। पुलिस ने तस्कर अर्जुन और उसकी पत्नी प्रतिमा देवी को गिरफ्तार कर लिया। आज मृतक राधेश्याम का पोस्टमॉर्टम और केस दर्ज हुआ। घटना कुटुंबा थाना क्षेत्र के गोडीहा गांव के पास की है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि मृतक झारखंड से शराब पीकर घर पहुंचा था। इसके बाद और शराब पीने गोडीहा गांव चला गया। वहां शराब तस्कर अर्जुन के घर शराब मांग रहा था। हालांकि वहां उसे शराब नहीं मिली थी। इसी दौरान उसके घर के पास गिरकर उसकी मौत हो गई। परिजन ने दंपती पर शराब पिलाकर हत्या का आरोप लगाया है, केस दर्ज कर लिया गया है।

### शराब पीने से मेरे दामाद की मौत हुई है

मृतक के ससुर महावीर राम ने कहा कि 2 दिन पहले पोती की शादी थी। राधेश्याम अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल आए हुए थे। 11 अप्रैल को वो गोडीहा गांव गए हुए थे। वहां अर्जुन भुइयां के घर पर उन्होंने शराब पीया था। अर्जुन शराब का धंधा करता है।

### जहां घटना हुई वहां से झारखंड 5 किमी दूर

जिस जगह पर घटना हुई है। वहां से झारखंड की दूरी करीब 5 किमी है। इस कारण इस इलाके में शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है। कई लोग तस्करी भी करते हैं। झारखंड से औरंगाबाद में प्रवेश के कई रास्ते हैं। जिससे तस्कर आसानी से आना-जाना करते हैं। हालांकि पुलिस की ओर से सड़क मार्ग पर वाहनों की जांच की जाती है, पर कुछ वैकल्पिक रास्ते है जो सुनसान है, वहां कोई नजर नहीं रखता है। हालांकि पुलिस का दावा है कि इन रास्तों पर भी नजर रहती है।

# रेल मेला की शुभारंभ, पहले दिन श्याम शैलजा दी प्रस्तुति

### कटिहार में श्याम शैलजा की प्रस्तुति से कार्यक्रम की हुई शुरुआत, भारी संख्या में जुटे लोग

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार में रेल मेला 2025 का भव्य शुभारंभ शनिवार की शाम को हुआ। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, कटिहार की मेयर उषा देवी अग्रवाल, डीआरएम सुरेंद्र कुमार और महिला रेल समिति की अध्यक्षा मीता कुमार ने दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया। रेल प्रशासन ने बैलून उड़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्थानीय कलाकार मनीषा देबथ ने अपनी प्रस्तुति दी। रॉक ऑन डांस ग्रुप ने शास्त्रीय और भरतनाट्यम का फ्यूजन नृत्य पेश किया। किलकारी बाल भवन की ओर से शिवांशी ने चकेवा एट्स मोर पंखिया नृत्य में मुख्य भूमिका निभाई। निकिता वरदमन ने सैक्सोफोन पर मधुर धुनें बजाई। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण बिहार की प्रसिद्ध गायिका श्याम शैलजा झा रहीं। उनकी सुरीली प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का समापन रात 9:30 बजे पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। बता दें कि रेल प्रशासन ने बैलून उड़ाकर मेले की शुरुआत की।

### शास्त्रीय गाने और भरतनाट्यम देख झुमे दर्शक

स्थानीय कलाकारों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ। शाम 5 बजे मनीषा देबनाथ ने प्रस्तुति दी। 5:10 बजे रॉक ऑनडांस ग्रुप ने शास्त्रीय और भरतनाट्यम फ्यूजन नृत्य पेश किया गया। 5:15 बजे किलकारी बालभवन ने चकेवा एट्स मोर पंखिया नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें शिवांशी मुख्य भूमिका में रहीं। 6:30 बजे निकिता (वर्दमान) ने







सैक्सोफोन पर मधुर धुनें बजाई। 7:30 बजे मनीषा देबनाथ ने तेरे नाम से जी लूं तेरे नाम से मर जाऊं.... तेरी जान के सदक़े में कुछ ऐसा कर जाऊं.. तूने क्याकर डाला मर गई मैं, मिट गई मैं,हो जी, हां-हां जी, हो गई मैं तेरी दीवानी, दीवानी, तेरी दीवानी,दीवानी गाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्धकर दिया। मेले में रेलवे के दर्जनों विभागों ने स्टॉल लगाए।

### खाने पीने के भी लगाएं गए स्टॉल

मेले में रेलवे के विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए। यहां रेल की ऐतिहासिक जानकारियां और नई तकनीकों की जानकारी दी गई। रेलवे महिला समिति, एनएफ रेलवे मजदूर यूनियन और एनएफ रेलवे इंप्लॉई यूनियन ने भी स्टॉल लगाए। यहां निःशुल्क पेयजल और स्वीट कॉर्न की सुविधा थी। बच्चों के लिए झूले और मिकी माउस का विशेष आकर्षण था। खान-पान के स्टॉल में चाय, गोलगप्पे, मोमो, वेज केक, आइस गोला और कोल्डड्रिंक्स की दुकानें लगी थीं।



# स्कूल में महिला टीचर ने छात्रों से साफ करवाई स्कूटी, अब ऐक्शन की तैयारी

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के एक स्कूल में हैरान कर देने वाली घटना हुई है। यहां स्कूल की एक शिक्षिका पर आरोप लगा है कि उन्होंने छात्रों से अपनी स्कूटी धुलवाई है। महिला टीचर पर संगीन आरोप लगने के बाद से हड़कंप मच गया है। शिक्षिका द्वारा छात्र से स्कूटी धुलवाने का एक कथित वीडियो भी सामने आया है। हालांकि, लाइव हिन्दुस्तान इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। हालांकि, इस वीडियो के सामने आने के बाद अब शिक्षिका पर ऐक्शन की भी तैयारी है। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह पूरा मामला भागलपुर के जगदीशपुर प्रखंड के मुखेरिया मध्य विद्यालय का है। बताया जा रहा है कि यहां एक महिला शिक्षिका की स्कूटी में कीचड़ लग गया था। जिसके बाद महिला टीचर ने स्कूल के कुछ छात्रों को उनकी स्कूटी साफ करने के लिए कहा। जो कथित वीडियो वायरल हुआ है उसमें कुछ छात्र स्कूल यूनिफॉर्म में स्कूटी साफ करते नजर आ रहे हैं। महिला टीचर भी उस वक्त वहां खड़ी नजर आ रही हैं। स्कूल में छात्रों से स्कूटी साफ करवाने पर अब महिला टीचर के पर ऐक्शन की तैयारी भी चल रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### डीपीओ माध्यमिक में परसा हाई स्कूल का किया निरीक्षण

**छपरा, एजेंसी।** डीपीओ माध्यमिक अजीत कुमार हरिजन ने शनिवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जयशंकर प्रसाद गुप्ता से विद्यालय संचालन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्र उपस्थिति पंजी व शिक्षक उपस्थिति पंजी का भी निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने विद्यालय में मौजूद छात्र-छात्राओं का भी अवलोकन किया व शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ एक बैठक आयोजित करते हुए छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष बल दिया। साथ ही नए शैक्षणिक सत्र में विद्यालय की सभी गतिविधियों को नियमित रूप से जारी रखने व वर्ग संचालन पर विशेष फोकस रखते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपनी नैतिक जिम्मेवारी के साथ अध्यापन कार्य करने का भी निर्देश दिया। - चनचौरा-माधोपुर हाईस्कूल ने निकाली साइकिल नामांकन रैली रसूलपुर। थाना क्षेत्र के चनचौरा - माधोपुर हाईस्कूल में छात्र -शिक्षकों ने नामांकन रैली शनिवार की सुबह निकाली।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन लगातार कई महीनों से लगाई जा रही कैंप

### विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ होम्योपैथी डॉक्टर भी मौजूद

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा नालंदा द्वारा आज साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर बिहार शरीफ स्थित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में सुबह 7:30 बजे से 9:00 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहकर नागरिकों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। शिविर में डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. सुमित राज (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ), डॉ. उमेश कुमार सिंह एवं डॉ. वीरेंद्र कुमार (फिजिशियन), डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. बालमुकुंद (सर्जन), डॉ. उदय देव रंजन (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम (फिजियोथैरेपिस्ट) तथा डॉ. गौतम कुमार (होम्योपैथिक चिकित्सक) अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।



### पिछले कई महीनों से शिविर का आयोजन

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव ने बताया कि इस शिविर में मधुमेह (शुगर) की जांच निशुल्क की जाएगी। साथ ही होम्योपैथिक चिकित्सा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे पारंपरिक और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति से इलाज की सुविधा एक ही छत के नीचे मिल सकेगी। पिछले कई महीनों से निरंतर चल रहे इन साप्ताहिक शिविरों से क्षेत्र के हजारों नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं।

विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को इन शिविरों से काफी राहत मिली है, जिन्हें अक्सर महंगी चिकित्सा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी नालंदा शाखा ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाए और स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम बढ़ाएं!

# 10वीं के छात्र को प्रिंसिपल ने हार्ड पाइप से पीटा: टीशर्ट पहनकर नहीं जाने पर वारदात

### शरीर पर नीले जख्म के निशान; हाथ में आई गंभीर चोट

**गया, एजेंसी।** गया में माड़नपुर में परमज्ञान निकेतन स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र के साथ बर्बरता का मामला सामने आया है। जिसमें टीशर्ट पहनकर स्कूल नहीं आने पर प्रिंसिपल ने स्टूडेंट की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित छात्र के हाथ-पैर में कई जगहों पर नील पड़े हैं। इस मामले में छात्र के पिता रंजन यादव ने विष्णुपद थाना में लिखित शिकायत की है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, स्कूल डायरेक्ट रेमश कुमार सिन्हा ने आरोपी प्रिंसिपल को अगले 25 दिनों के लिए फोर्स लिव पर भेज दिया है। साथ इस घटना पर खेद जताते हुए कहा कि इस तरह की घटना स्कूल में नहीं होनी चाहिए थी। इस मामले में विष्णुपद थाना इंस्पेक्टर धर्मेंद्र यादव का कहना है कि शिकायत देर शाम आई है, उसकी जांच की जा रही है। जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विष्णुपद थाना में दिए गए आवेदन में रंजन यादव का कहना है कि 12 अप्रैल को उनका बेटा स्कूल गया था। दोपहर तक सब सामान्य था, लेकिन शाम को स्कूल से फोन आया कि बच्चा घायल हो गया है। परिजन जब स्कूल पहुंचे तो देखा कि छात्र को बेरहमी से पीटा गया है। उसके दोनों हाथों में गंभीर चोटें थीं। दाहिना हाथ पूरी तरह से काम करना बंद कर चुका था।

### टीशर्ट पहन कर स्कूल नहीं जाने पर हार्ड पाइप से पिटाई

छात्र ने बताया कि शनिवार को स्कूल ड्रेस के मुताबिक टीशर्ट पहन कर जाना था लेकिन हम टीशर्ट में स्कूल नहीं जा सके थे क्योंकि हमारे पास टीशर्ट नहीं है। उसने बताया कि जहां से टीशर्ट लेना था, वहां हमारे साइज की टीशर्ट नहीं थी। दुकानदार ने 4 से 5 दिन बाद टीशर्ट देने की बात कही थी। इस वजह से शनिवार को टीशर्ट पहन कर हम स्कूल नहीं जा सके। आम दिनों वाला ही



स्कूल ड्रेस पहन कर स्कूल शनिवार को गए तो स्कूल के एक टीचर बुलाकर प्रिंसिपल के पास ले गए।

प्रिंसिपल पहले लकड़ी के डंडे से पीटा, जब वो टूट गया तो प्लास्टिक के हार्ड पाइप से बेरहमी से पिटाई की। जब मैं घर पर बात बताने का बोला तो सर ने कहा कि स्कूल की बदनामी होगी। हम इलाज करवा देंगे। पीड़ित छात्र के पिता रंजन यादव ने शिक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य और आरोपी शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि दोबारा किसी और छात्र के साथ ऐसी घटना न हो। फिलहाल छात्र घर पर है और उसका इलाज निजी डॉक्टर से चल रहा है।

### प्रिंसिपल को फोर्स लीव पर भेजा

स्कूल के डायरेक्टर रमेश कुमार सिन्हा ने कहा कि स्कूल में चिंताजनक घटना हुई है। इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए थी। हमने स्कूल प्रिंसिपल को उनके पद से हटाते हुए फोर्स लिव पर भेजा है। उनकी जगह पर दूसरे सीनियर टीचर को प्रभारी प्रिंसिपल की जिम्मेवारी दी है। उन्होंने यह भी कहा कि जानकारी में बात आई है कि स्टूडेंट्स ने प्रिंसिपल को अपशब्द कहे थे। जिसके बाद यह घटना हुई। हालांकि जांच जारी है और प्रिंसिपल को फ़िलहाल हटाया गया है।

# लूटपाट का विरोध करने पर व्यवसायी को मारी गोली, गंभीर

**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल में शनिवार की रात बदमाशों ने एक व्यवसायी को गोली मार दी। घटना राघोपुर थाना क्षेत्र के धरहरा मंदिर के पास की है। घायल व्यक्ति की पहचान चंदन कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि चंदन कुमार अपने बड़े भाई सुमित कुमार के साथ भोज से लौट रहे थे। तभी पहले से घात तीन बदमाशों ने व्यवसायी को लूटने की कोशिश की। जिसका विरोध करने पर बदमाशों ने उनपर गोली चला दी। घायल होने के बावजूद चंदन ने हिम्मत दिखाते हुए दो बदमाशों को पकड़ लिया। इनमें से एक बदमाश मौका पाकर भाग निकला। एक अन्य बदमाश पहले ही फरार हो चुका था। स्थानीय लोगों की मदद से एक बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। इसके बाद घायल चंदन को पहले सिमराही के रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सुपौल रेफर कर दिया गया। घटना से इलाके के व्यवसायियों में दहशत है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की है। राघोपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है। साथ ही आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।



Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 13-04-2025 21:52 Page 1



# रजिस्ट्रेशन कराने गयी छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

## उपमुखिया सहित दो गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांका।** थाना क्षेत्र के एक गांव में इंटरमीडिएट में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पड़रिया पंचायत के उपमुखिया गौतम मंडल, मुखिया के चचेरे भाई छोटू कुमार सहित अन्य के खिलाफ थाने में शिकायत की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पड़रिया पंचायत के उपमुखिया गौतम मंडल, मुखिया के चचेरे भाई छोटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है।

पीड़िता के अनुसार शुक्रवार को वह इंटर का रजिस्ट्रेशन कराने पड़रिया विद्यालय गई थी। रजिस्ट्रेशन का काम अधूरा रहने पर ममेरी बहन के साथ ननिहाल चली गई।

शनिवार को विद्यालय में रजिस्ट्रेशन कराने के बाद वापस लौट रही थी। रास्ते में नहर किनारे पहले से घात लगाए उपमुखिया गौतम मंडल, मुखिया का चचेरा भाई छोटू कुमार सहित अन्य लोगों ने घेर लिया। फिर सूने स्थान पर ले जाकर छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

किसी तरह लड़खड़ाती छात्रा देर रात घर पहुंची। घर में स्वजनों को जानकारी दी। पीड़ित स्वजन छात्रा को लेकर थाना पहुंचे। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपमुखिया गौतम और छोटू को गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में पंचायत के मुखिया नेहा देवी ने बताया कि घटना काफी निंदनीय है।

आरोपितों को सजा मिलनी चाहिए। थानाध्यक्ष ने बताया कि उपमुखिया ने घटना को स्वीकार भी किया है। दोनों को जेल भेजा गया है। इस घटना में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी होगी।

इसके पहले खपड़ा गांव में एक शिक्षक ने ट्यूशन पढ़ने आई नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म किया था।

घटना को लेकर जनप्रतिनिधियों के घिनौने कारनामें की चचाओं का बाजार गर्म है।

# राजद नेत्री को मिली जान की मारने धमकी

## 10 लाख रुपये की मांग गयी है रंगदारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रूपौली की पूर्व विधायक और राजद नेत्री बीमा भारती को 10 लाख रुपये की रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। इस मामले को लेकर उन्होंने पटना के फुलवारीशरीफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बीमा भारती ने खुद को जान का खतरा भी बताया है। मामले की पुष्टि पूर्व मंत्री बीमा भारती और उनके छोटे भाई अशोक भारती ने की है।

एफआईआर के अनुसार, 12 अप्रैल को सुबह 10 बजकर 2 मिनट पर बीमा भारती के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसे वह किसी कारणवश रिसीव नहीं कर सकीं। इसके बाद उसी नंबर से उनके छोटे भाई अशोक भारती के मोबाइल पर कॉल आया, जिसमें फोन करने वाले ने 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी और रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। रविवार को एक बार फिर उसी नंबर से सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर बीमा भारती के मोबाइल पर कॉल आया। कॉल रिसीव करने पर बदमाश ने सीधे बीमा भारती से रंगदारी की मांग की। उसने कहा, ₹तुम्हारा पति और बेटा जेल में है, तुम्हें मारना मेरे लिए बड़ी बात नहीं है।₹ जब बीमा भारती कुछ कहने लगीं, तो बदमाश ने उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां दीं और धमकाते हुए रकम जल्द पहुंचाने को कहा। इस संबंध में बीमा भारती ने फुलवारीशरीफ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# आइपीएल में जीत का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## सरगना फरार, छापेमारी जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** साइबर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए आईपीएल में पैसा हार चुके लोगों को दोबारा जीत दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह का सरगना मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से 10 एटीएम कार्ड, 8 मोबाइल फोन, 65,000 नगद, दो गूगल बारकोड स्कैनर और कई अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपी अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपियों में आलोक कुमार (सिवान), संदीप कुमार और ब्रजेश कुमार (गोपालगंज) शामिल हैं। जबकि प्रिंस कुमार (गोपालगंज) मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

गिरोह आईपीएल के दौरान चर्चित गेम एप्स और अन्य फैंटेसी गेम एप्स में पैसा हार चुके लोगों को निशाना बनाता था। साइबर सेल को एक शिकायत के आधार पर जांच शुरू हुई थी, जिसके बाद एक संदिग्ध मोबाइल नंबर को ट्रैक कर टीम ने छापेमारी की। रेड के दौरान सभी आरोपी भागने लगे, लेकिन तीन को मौके पर ही दबोच लिया गया। जांच में खुलासा हुआ कि ये शातिर ठग टेलीग्राम एप के जरिए लोगों को चिन्हित करते थे जो पहले से गेम में हार चुके होते थे।

गिरोह इन लोगों से संपर्क कर उन्हें विश्वास में लेते और दावा करते कि उनके पास स्पेशल ट्रिक है, जिससे अगली बार उन्हें बड़ी जीत दिलाई



जाएगी। शुरूआत में डिजिटल पेमेंट के जरिए उनसे इन्वेस्टमेंट के नाम पर पैसे लिए जाते और फिर उनका नंबर ब्लॉक कर दिया जाता।

साइबर डीएसपी हिमांशु कुमार ने बताया कि यह गिरोह अब तक करीब 200 से अधिक लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर चुका है। इनका नेटवर्क न सिर्फ बिहार बल्कि मुंबई सहित कई बड़े शहरों तक फैला है। सभी आरोपी इस ठगी को बाकायदा ट्रेनिंग लेकर अंजाम देते थे। फिलहाल पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# पत्नी की हत्या करने वाला सनकी पति धराया

## पत्नी के प्रेम संबंध और उपेक्षा से था नाराज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** मोतीपुर थाना क्षेत्र में पत्नी की नृशंस हत्या कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 11 अप्रैल की शाम आरोपी ने बच्चों के सामने ही लाठी से पीट-पीटकर पत्नी की हत्या कर दी थी। वारदात के बाद वह मौके से फरार हो गया था, जिसके बाद पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी।

गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को पुलिस ने मोतीपुर थाना क्षेत्र के कोडरकट्टा स्थित कदम चौक के पास नदी किनारे छिपे आरोपी को घेर लिया। पुलिस को देख कलीमुल्लाह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। अब उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी पहले उसके बड़े भाई की पत्नी थी। फारूक की मौत संदिग्ध हालात में सेंट्रल जेल में आत्महत्या के कारण हुई थी, जिसके बाद घरवालों ने मृतका की शादी छोटे भाई कलीमुल्लाह से कर दी थी। फारूक से मृतका को दो बेटे थे, जबकि कलीमुल्लाह से उसके तीन बेटे हैं। कलीमुल्लाह को शक था कि मृतका का किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध है, और इसी कारण वह बार-बार मायके चली जाती थी। इसी शक और गुस्से में आकर उसने यह खौफनाक कदम उठाया।

इस जघन्य हत्याकांड को लेकर ग्रामीण एसपी विद्यासागर ने बताया कि घटना बेहद क्रूर थी और पुलिस इसे गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे और गुप्त सूचना के आधार पर उसे पकड़ा गया है। हम इस मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर आरोपी को जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलवाएंगे।

# चुनावी मोड में प्रशासन, कर्मियों की मांगी सूची

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को देखते हुए जिला प्रशासन धीरे-धीरे चुनावी तैयारी करने लगा है।

निर्वाचन आयोग से निर्देश मिलने के बाद जिले के सभी विभागों और कार्यालयों से चुनाव कार्यों में लगने वाले पदाधिकारियों और कर्मचारियों की सूची तैयार की जाने लगी है। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम तनय सुल्तानिया के द्वारा जिले के सभी विभागों के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को पत्र भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि वे 10 दिनों के अंदर अपने-अपने कार्यालय में कार्यरत सभी प्रकार के सरकारी और एजेंसी के द्वारा कार्यरत कर्मचारियों की सूची भेजें।

जिला मुख्यालय में इस सूची को कार्मिक कोषांग शाखा में भेजने का निर्देश दिया गया है। इसे लेकर डीएम ने कड़ी चेतावनी देते हुए लिखा है कि जब तक सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों का फूल प्रूफ डाटा जिला मुख्यालय




नहीं भेज दिया जाता है, तब तक उन्होंने मार्च माह के वेतन निकासी पर रोक लगा दी है।

कर्मचारियों का डाटा पूरी तरह से अपडेट हो जाने के बाद ही वेतन लेने का निर्देश दिया है। डीएम ने इसे लेकर जिला कोषागार पदाधिकारी को भी पत्र दे दिया है।

डीएम ने अपने निर्देश में सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी से यह भी लिख कर देने को कहा है कि वह अपने-अपने कार्यालय के संबंध में भेजें कि उनके यहां किसी कर्मचारी का डाटा नहीं छूटा है।

दूसरी तरफ सूची देने में किसी भी प्रकार का विलंब या गड़बड़ी करने पर चुनाव एक्ट के अनुसार कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। डीएम के इस निर्देश के बाद जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर सभी कार्यालयों में तेजी से सूची को बनाया जा रहा है।

कर्मियों के डाटा में विशेष रूप से नाम, पद, बैंक खाता, विधान सभा क्षेत्र, संख्या, भाग संख्या, ईपीक संख्या, मोबाइल संख्या, पे आईडी, सेवानिवृति की तिथि स्पष्ट रूप से भरा हुआ प्रपत्र एक और प्रपत्र दो में देने को कहा गया है।

वहीं, जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि वे सभी विद्यालयों के कर्मियों का प्रखंडवार डाटा संकलित कराकर अपने कार्यालय में संधारित सूची से मिलान करने के उपरांत ही कार्मिक कोषांग को भेजे।

पिछले लोकसभा में 15 और विधानसभा में 21 हजार कर्मियों को दिया गया था प्रशिक्षण

भोजपुर जिले में पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान कार्मिक कोषांग के द्वारा 15 हजार पदाधिकारी और कर्मचारियों को चुनाव का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें से लगभग 12 हजार को चुनाव ड्यूटी पर तैनात किया गया था, जिसमें लगभग नौ हजार पुरुष और तीन हजार महिला पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में लगभग 21 हजार पदाधिकारी और कर्मचारियों को चुनावी प्रशिक्षण देने के बाद 18 हजार को कार्य में लगाया गया था, जिसमें से लगभग 14 हजार पुरुष और चार हजार महिला कर्मचारी शामिल थे।

# नवगछिया - चौधरीडीह फोरलेन के डीपीआर में होगा बदलाव

## अप्रोच रोड बनाने का काम शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** नवगछिया से चौधरीडीह तक बनने वाली फोरलेन सड़क की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में बदलाव होगी।

अब समानांतर पुल की ऊंचाई को ध्यान में रखते हुए फोरलेन सड़क बनेगी। पूर्व की डीपीआर में विक्रमशिला सेतु के हिसाब से सड़क बनाने की योजना बनी थी। विक्रमशिला सेतु की ऊंचाई 51 मीटर है। जबकि समानांतर पुल की ऊंचाई नवगछिया की ओर 10 मीटर अधिक 61 मीटर और भागलपुर की तरफ पांच मीटर अधिक 56 मीटर है। लंबाई दोनों पुल का बराबर है।

एक माह पूर्व सर्वे कर मुख्यालय को डीपीआर भेजी गई थी। अब इसको लेकर सवाल उठाया गया है। एनएच के अधिकारियों ने बताया कि फोरलेन की ऊंचाई समानांतर पुल के हिसाब से बढ़ाए जाने पर डीपीआर में सिर्फ दो-तीन बिंदुओं में बदलाव किया जाएगा।

ऊंचाई अधिक होने के कारण मिट्टी भराई ज्यादा करना पड़ेगा। सुरक्षा वाल की ऊंचाई भी अधिक होगी। पूर्व में मिट्टी भराई में 32 हजार घन मीटर मिट्टी का उपयोग होने की बात थी, जो बढ़कर 35-40 हजार घन मीटर हो जाएगा। अब इसका कास्ट भी बढ़ जाएगा। जल्द की संशोधित डीपीआर भेज दी जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि समानांतर पुल के पूरा होने तक फोरलेन सड़क, फ्लाइओवर, रेलओवर ब्रिज, अंडरपास का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। समानांतर पुल अप्रैल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है।

पुल बनाने वाली एजेंसी एसपी सिंगला ने अप्रोच बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। अप्रोच भागलपुर की ओर 53 मीटर और नवगछिया की ओर 35 मीटर बनना है।

# मैट्रिक-इंटर में बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को यादव महासभा ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मैट्रिक-इंटर में बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को यादव महासभा द्वारा सम्मानित किया गया तथा भविष्य में और बेहतर करने के उत्साह वर्धन किया गया। यह कार्यक्रम दाउदनगर के भखरुआं के समीप फ्लुएंट हाई स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक सोम प्रकाश, जिला पार्षद अमरेंद्र उर्फ यादव, यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया अशोक यादव, व्यापार मण्डल के पूर्व अध्यक्ष चुन्नू कुमार, राष्ट्रीय इंटर स्कूल के प्रधानाध्यापक महेंद्र सिंह, सेवानिवृत शिक्षक कामेश्वर सिंह, नागेंद्र सिंह, कांग्रेस नेता आरपी यादव व अन्य ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अतिथियों के अलावा शिक्षक नेता डा.मधेश्वर सिंह व गोपेन्द्र कुमार सिन्हा गौतम, अम्बुज कुमार, बसंत कुमार सिंह एवं अन्य ने बच्चों को सम्मानित किया। सर्वप्रथम इस



अवसर पर अतिथियों को गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज का समावेशी विकास तभी होगा जब लोग न्यायपालिका और पत्रकारिता के क्षेत्र में होंगे।मैट्रिक और इंटर आपके कैरियर की शुरूआत है। यहां से बच्चे सही और गलत रास्ते का चयन करते हैं। आप सभी शिक्षा को आगे निरंतर रखें, क्योंकि शिक्षा ही ऐसी चीज है, जो आपको सही पायदान पर पहुंचा सकती है। पढ़ाई से गांव ही नही राज्य और देश स्तर पर अपनी पहचान बनाएं। शिक्षा ही आपको सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक मजबूत बना सकता है। अगर आप के पास शिक्षा है तो दुनिया में कहीं भी बेहतर जिंदगी बिता सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के समृद्ध लोगों को आगे आना होगा और गरीब तथा असहाय छात्रों को मदद करना होगा। इस दौरान सफल सभी छात्र-छात्राओं को महासभा की ओर मोमेंटम, गुलदस्ता मेडल एवं अन्य उपहार प्रदान किया गया। सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों और उनके माता-पिता ने यादव महासभा के सभी प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# कार्यकारिणी की बैठक में 25-30 सीटों की हुई दावेदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को पार्टी संरक्षक जीतन राम मांझी के आवास पर आयोजित की गई।



बैठक की अध्यक्षता मंत्री और पार्टी अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने की। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि पार्टी गठबंधन के तहत विधानसभा चुनाव में 25 से 30 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि 25-30 जिलों में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

बैठक में संगठनात्मक मजबूती, इंटरनेट मीडिया को सक्रिय बनाने, पार्टी का यू-ट्यूब चैनल शुरू करने, हम सेना नाम प्रशिक्षित कार्यकताओं की टीम बनाने और प्रत्येक जिले में सौ समर्पित कार्यकर्ताओं का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण देने पर भी सहमति बनाई गई।

संतोष कुमार ने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस 20 मई को पटना में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस दौरान मांझी दर्पण नाम पार्टी स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

बैठक में रामचंद्र प्रसाद सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, देवेंद्र मांझी, श्याम सुंदर शरण, कौशलेंद्र कुमार, पम्पी शर्मा, रमेश सिंह, राजेश रंजन, शंकर मांझी, सहित दूसरे कई नेता उपस्थित रहे।

# विधान सभा चुनाव को ले कांग्रेस एक्टिव मोड में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** वैसे तो बिहार विधानसभा चुनावों की घोषणा में अभी वक्त है। लेकिन, कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने सहयोगी राजद पर दबाव की रणनीति के तहत पार्टी में केंद्रीय टीम के दिग्गजों को मोर्चा संभालने के लिए मैदान में उतार दिया है।

यूं तो पार्टी चार्जशीट कार्यक्रम के नाम पर बिहार में अपराध और विधि-व्यवस्था के मुद्दे पर एनडीए सरकार पर हमलावर है। लेकिन उसकी इस कवायद को सहयोगी दल खास कर राष्ट्रीय जनता दल दबाव से जोड़ा जा रहा है।

पिछले दो दशकों से राजद से गठजोड़ कर चुनाव मैदान में उतरने वाली कांग्रेस वैसे तो अपने दम पर अकेले मैदान में तो नहीं उतरेगी लेकिन, सीटों को लेकर दबाव में भी नहीं आएगी।यही कारण है कि एक ओर जहां प्रदेश नेतृत्व में बदलाव किए गए, वहीं अभी से राजद पर

## 20 को बिहार आ सकते हैं कांग्रेस अध्यक्ष खडगे

दबाव की कोशिशें भी शुरू हो गई है। दबाव बनाने का जिम्मा केंद्रीय स्तर के नेताओं को दिया गया है। केंद्रीय नेता यहां आकर जहां चुनाव की जमीन तैयार कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री फेस के मुद्दे पर भी खुलकर अपना पक्ष रख रहे हैं।

सूत्र बता रहे हैं कि राहुल गांधी के अलावा पार्टी के करीब दिग्गज 40 नेताओं को बिहार में उतारा जा रहा है। जो नाम सामने आए हैं।

उनमें रणदीप सुरजेवाला, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, सचिन पायलट, अलका लांबा, सुप्रिया श्रीनेत्र, कन्हैया कुमार, कपिल सिब्बल, सलमान खुर्शीद, इमरान प्रतापगढ़ी, पवन खेड़ा, जयराम रमेश, जिग्नेश मेवाणी और कुमारी शैलेजा के नाम प्रमुख हैं।

इनमें से राहुल गांधी के तीन महीने में तीन दौरे हो चुके हैं। राहुल के अलावा सचिन पायलट, अलका लांबा, सुप्रिया श्रीनेत्र, कन्हैया, पवन खेड़ा और जिग्नेशन मेवाणी का दौरा हो भी चुका है। आने वाले महीनों में कई और वरिष्ठ कांग्रेस नेता बिहार का रुख करेंगे और कांग्रेस को मजबूत दिशा देंगे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 20 अप्रैल को बिहार आ सकते है। जानकारी के अनुसार मल्लिकार्जुन 20 को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में पार्टी के अध्यक्ष, प्रभारी की मौजूदगी में प्रदेश नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

सूत्रों की माने तो 19 को बक्सर में पार्टी की एक रैली प्रस्तावित है। इसमें भी खरगे शामिल हो सकते हैं परंतु यह कार्यक्रम अब तक तय नहीं हुआ है परंतु 20 का उनका दौरा करीब-करीब तय हो चुका है।

# राज्यस्तरीय खो-खो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

## 18 जिलों के खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के अंतर्गत बिहार राज्य स्तरीय खो-खो प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत शनिवार को मुंगेर के इनडोर स्टेडियम में की गई। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं बिहार खो-खो एसोसिएशन के महासचिव नीरज कुमार पप्पू ने पारंपरिक नारियल फोड़कर किया।

इस अवसर पर एसडीओ शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा, ‟खेलों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर लगातार प्रयास कर रही हैं। ऐसे प्रशिक्षण शिविरों से दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी लाभांवित होते हैं और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है‟ उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर 12 अप्रैल से 3 मई तक चलेगा, जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों को विशेषज्ञ कोच द्वारा




प्रशिक्षण दिया जाएगा।

खो-खो एसोसिएशन बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू ने जानकारी दी कि पहली बार बिहार को खेलो इंडिया अंडर-18 बालक-बालिका खो-खो चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में 18 जिलों से चयनित 25 बालक एवं 25 बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इन खिलाड़ियों को चार अनुभवी कोच द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत, इनमें से 15-15 खिलाड़ी मई माह में गया जिले में होने वाली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मुंगेर, बेगूसराय, बांका, गोपालगंज, गया, नालंदा समेत कई जिलों से आए खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर को लेकर उत्साह जताया। उन्होंने कहा कि मुंगेर में प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्हें काफी कुछ नया सीखने को मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर खेलों के आयोजन से युवाओं में जागरूकता बढ़ी है। खिलाड़ियों ने सरकार की ‟मेडल लाओ, नौकरी पाओ‟ योजना की भी सराहना की, जिसके तहत कई खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं खिलाड़ियों को न केवल प्रेरित करती हैं, बल्कि उनके भविष्य को भी सुरक्षित बनाती हैं।

# बिहार में तेजी से बढ़ रहा इलेक्ट्रिक वाहनों का क्रेज

## ईवी को ले अग्रणी राज्यों में गिना जाएगा बिहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। राज्य में सिर्फ वित्तीय वर्ष 2024-25 में 23,096 ईवी का पंजीकरण कराया गया है। इसमें 22,133 दोपहिया और 963 चारपहिया वाहन शामिल हैं, जो यह दशार्ते हैं कि इलेक्ट्रिक वाहन अब सिर्फ विकल्प नहीं, बल्कि आम जनता की पसंद बन चुके हैं।




इस हरित क्रांति में पटना अग्रणी बनकर उभरा है। 23,096 ईवी के पंजीकरण में अकेले पटना में 5633 ईवी पंजीकृत किए गए। परिवहन विभाग मंत्री शीला कुमारी के अनुसार बिहार अब ईवी अपनाने में सिर्फ पीछे नहीं, बल्कि नेतृत्व करने की ओर अग्रसर है। हमारा लक्ष्य सिर्फ वाहन बदलना नहीं। हम जीवनशैली बदलने के प्रयास में हैं। बिहार जल्द ही देश के अग्रणी ईवी राज्यों में गिना जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्रदूषण मुक्त बिहार के निर्माण में भागीदार बनें।

परिवहन सचिव संजय कुमार के अनुसार 2028 तक लक्ष्य है कि बिहार में क्रय और निबंधन होने वाले वाहनों में 15 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन हो। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित किया जा रहा। चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। चार्जिंग स्टेशन योजना लागू की गई है जिससे गांवों तक ईवी अपनाना संभव होगा।

## किशोर की डूबने से मौत

**सीवान।** सीवान के बड़हरिया थाना क्षेत्र के तिलसंडी 512 गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 13 वर्षीय किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी जयप्रकाश साह के पुत्र कृष्णा कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, कृष्णा रविवार की दोपहर अपने छोटे भाई अंकित, गांव के ही आदित्य और सूरज के साथ चंवर गया था। इसी दौरान अचानक मौसम बदल गया और तेज हवा के साथ बादल घिर आए। सभी बच्चे घबराकर घर लौटने लगे, लेकिन तालाब के बांध पर फिसलन होने के कारण चारों बच्चे फिसलकर तालाब में जा गिरे। तालाब के किनारे गिरे अंकित, आदित्य और सूरज तो किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकल आए, लेकिन कृष्णा गहराई में गिर जाने के कारण डूब गया। बाकी तीनों बच्चे भागकर गांव पहुंचे और घटना की जानकारी परिजनों को दी।

## संक्षिप्त समाचार

### हादसों में तीन युवकों की मौत: बंद रेलवे क्रासिंग पार करते समय चपेट में आये

**सुल्तानपुर , एजेंसी।** यूपी के सुल्तानपुर में शनिवार की रात अलग-अलग हादसों में तीन युवकों की जान चली गई। थोड़ी सी लापरवाही ने तीन घरों को गम में डुबा दिया। खबर मिली तो घरों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के बघराजपुर निवासी संदीप चौरसिया पुत्र राम किशोर सेल्समैन का काम करता था। वह निजी काम से पयागीपुर की तरफ जा रहा था। रेलवे फाटक बंद होने के बाद भी वह रेलवे क्रासिंग पार कर रहा था। इसी समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना देर रात कोतवाली नगर क्षेत्र के गोडवा पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई। यहां बाइक सवारों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंचाया। यहां जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान अमन राय (24) पुत्र इंद्र प्रकाश, निवासी इमलिया कला, थाना कोतवाली नगर एवं बृजभूषण शर्मा (42), निवासी इमलिया खुर्द, थाना कोतवाली नगर के रूप में हुई। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर रमेश कुमार ने बताया कि एक युवक की मौत रेलवे क्रासिंग पार करते समय हुई है। जबकि, दो अन्य युवकों की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है।

### मेडिकल कॉलेज में 10 बेड का हीटवेव वार्ड बनकर हुआ तैयार

**ललितपुर।** जनपद में गर्मी ने दस्तक दे दी है। ऐसे में लू की चपेट में आने वाले मरीजों को उपचार की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए तैयारियां हो गई हैं। मेडिकल कॉलेज में भूतल पर दस बेड का वार्ड तैयार हो गया है। इसमें वेंटिलेटर, एसी समेत अन्य सुविधाओं से लैस किया गया है। मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाएंगी।

तापमान में वृद्धि को लेकर हीट स्ट्रोक की घटनाएं अधिक होने की संभावना होती है। वर्तमान में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। इसको लेकर स्वास्थ्य महकमे ने लू से निपटने की तैयारियां कर ली हैं। मेडिकल कॉलेज में भूतल पर दस बेड का हीटवेव वार्ड बनकर तैयार किया गया है। इसमें मरीजों को समुचित उपचार की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। वार्ड में वेंटिलेटर की सुविधा की गई है। वहीं, ऑक्सीजन व पल्स, ब्लडप्रेशर की जांच के लिए मल्टी मॉनीटर भी लगाए गए हैं। वार्ड के प्रत्येक कक्ष में एसी लगाया गया है। मरीजों में पानी की कमी न हो, इसके लिए ओआरएस की सुविधा की गई है। मरीजों को ओआरएस का घोल दिया जाएगा। दवाइयां भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करा दी गई हैं। उपचार सेवाएं देने के लिए तीन शिफ्ट में चिकित्सक समेत अन्य स्टाफ को लगाया गया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है कि हीटवेव वार्ड में सभी प्रकार की सुविधाएं की गई हैं। हालांकि अभी एक भी मरीज भर्ती नहीं हुआ है।

### मीना मंच के जरिए छात्रों के जीवन कौशल को किया जाएगा विकसित

**ललितपुर।** विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के जीवन कौशल को विकसित करने के लिए मीना मंच का गठन किया गया है। अब प्रत्येक शनिवार को भोजनावकाश के बाद तीन घंटे मीना सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे। मीना की फिल्म दिखाकर चर्चा कराई जाएगी। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल सके। इसके लिए शासन की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में परिषदीय विद्यालयों में मीना मंच गठित किया गया था। अब उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में भी मीना मंच का गठन होगा। मीना मंच के जरिए विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के जीवन कौशल को विकसित करने की कवायद शुरू की जा रही है। प्रत्येक शनिवार को मध्याह्न भोजन अवकाश के बाद तीन घंटे तक विद्यालयों में मीना सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य जानकारियां दी जाएंगी।

# प्रदेश में 14 मौतों के बाद 13 अप्रैल से थमेगी मौसम की उथल-पुथल



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह के बीच प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश ने कहर बरपाया। इस बीच हुए हादसों में 14 लोगों की मौत हो गई। शनिवार को भी लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, बलरामपुर सहित कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबादी हुई। रविवार से मौसम साफ रहने और सोमवार से पारा चढ़ने के आसार हैं। शुक्रवार देर रात प्रदेश के पश्चिम से लेकर पूर्वी- तराई इलाकों में गरज-चमक और तेज हवाओं संग बारिश हुई। कानपुर व आसपास आंधी में पेड़ और दीवार गिरने से मलबे में दबकर छह लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन लोगों की मौत हरदोई में जबकि एक-एक व्यक्ति की मौत कन्नौज, फर्रुखाबाद और कानपुर में हुई है।

देवबंद में एक कच्चे मकान की छत ढह गई। मलबे में दबकर एक किशोर की मौत हो गई। बदायूं में शुक्रवार देर रात तेज आंधी व बारिश में पेड़ गिरने से युवक की मौत हो गई। फिरोजाबाद में भी आंधी ने शुक्रवार रात खूब तबाही मचाई। कई जगह पेड़, दीवार और बिजली के खंभे गिरे। इनके नीचे दबकर अलग-अलग जगह महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई।

#### शिकोहाबाद-फर्रुखाबाद रेलवे ट्रैक बाधित

कासगंज में गिरे पेड़ के नीचे दबने से एक चौकीदार की मौत हो गई। वहीं, एक परिवार के बाइक सवार पांच सदस्य घायल हो गए। वहीं, शनिवार को महराजगांज में बिजली गिरने से वृद्धा की मौत हो गई। मैनपुरी में आंधी की वजह से रेलवे ट्रैक पर पेड़ टूट कर गिरने से पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित हो गईं। शिकोहाबाद-फर्रुखाबाद रेलवे ट्रैक भी बाधित हो गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रविवार से पूर्वी-तराई के कुछ हिस्सों को छोड़कर प्रदेश में मौसम के साफ रहने की उम्मीद है। सोमवार से तापमान में बढ़ोतरी होगी।

#### फसलों को नुकसान

आंधी-बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि से किसान परेशान दिखे। शाहजहांपुर में शुक्रवार देर रात आई आंधी और पानी से गेहूं, मक्का और आम की फसल को नुकसान हुआ है। खुदागंज में तेज हवाओं के कारण आग लग गई और करीब डेढ़ सौ बीघा गेहूं की फसल राख हो गई। खलिहान में पड़ा गेहूं और भूसा भीगने से खराब हो गया।

## अंबेडकर प्रतिमा स्थापित करने को लेकर दिन में बवाल, रातोंरात दूसरे गांव भी बनाया चबूतरा; पुलिस तैनात



**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में शनिवार की रातोंरात एक और गांव में अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए चबूतरे का निर्माण करा दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। लोगों से बात करके जानकारी ली। किसी भी प्रकार के तनाव की स्थिति न पैदा हो, इसके लिए पुलिस तैनात है।

इससे पहले बख्शी का तालाब क्षेत्र के मवई खंतारी गांव में प्रतिमा स्थापित कर दी गई। इसे हटाने को लेकर शनिवार को बवाल हो गया। इसमें ग्रामीणों की पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। यहां रविवार को भी मामला गर्म रहा। पुलिस और पीएसी बल तैनात है। ताजा मामला महिंगवा क्षेत्र के शिवपुरी गांव का है। खंतारी गांव में हुए बवाल के बाद रातोंरात यहां अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए चबूतरे का निर्माण कर दिया गया। जानकारी मिली तो मामले की गंभीरता और हंगामे की आशंका को देखते हुए अधिकारियों ने मौके पर पुलिस बल भेजा। उधर, खंतारी गांव में रविवार को भी पीएसी और पुलिस बल तैनात रहा। अग्निकांड को लेकर दमकल कर्मी भी मुस्तैद रहे। प्रतिमा को चारों ओर से ट्री गार्ड से ढक दिया गया है।

## निजीकरण मामला: बिजली सुधार जरूरी..., मुख्य सचिव बोले- सरकार हर स्तर पर तैयार; विरोध से दबाव में नहीं आएंगे




**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल के निजीकरण की प्रक्रिया के बीच शनिवार को लखनऊ के होटल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न पहलुओं पर मंथन हुआ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने दो टूक कहा कि प्रदेश में बिजली सुधार जरूरी है। सरकार इसके लिए हर स्तर पर तैयार है। बिना रुके, बिना थके सुधार की दिशा में आगे बढ़ना होगा। किसी के विरोध के कारण दबाव में नहीं आना है। विकसित भारत और विकास की बात विद्युत क्षेत्र में सुधार (रिफॉर्म्स) किए बिना संभव नहीं है।

प्रदेश में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण को लेकर अक्तूबर माह से प्रक्रिया चल रही है। ऊर्जा संगठन विरोध कर रहे हैं तो पॉवर कॉर्पोरेशन निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसी के तहत शनिवार को गोमतीनगर स्थित होटल में सेमिनार का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रदेशों में विद्युत वितरण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने तकनीकी, वित्तीय और व्यावहारिक पहलुओं पर जानकारी दी।

### विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कठिन फैसले लेने होंगे

कर्मचारियों के हितों की रक्षा से लेकर वित्तीय प्रबंधन और उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर बिजली देने के लिए अपनाई जाने वाली विधियों पर राय रखी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने के लिए हमें कठिन और संवेदनशील फैसले लेने होंगे।

ग्रामीण इलाके को भरपूर बिजली देने के लिए निजी क्षेत्र को वितरण में भागीदार बनाना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना के लिए दक्षिणांचल एवं पूर्वांचल डिस्कॉम का सुधार और निजी क्षेत्र की सहभागिता के लिए कार्य किया जा रहा है। इसमें उपभोक्ता, उद्योगों और कार्मिकों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

दिल्ली, उड़ीसा, चंडीगढ़ समेत देश के कई हिस्सों में निजीकरण किया गया है उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के सुधार के वक्त विरोध होता है, लेकिन हमें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना है। ग्रेटर नोएडा का उदाहरण देते हुए कहा कि अब लोग एनपीसीएल का कनेक्शन लेना चाहते हैं। ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव नरेंद्र भूषण ने कहा कि दिल्ली, उड़ीसा, चंडीगढ़ समेत देश के कई हिस्सों में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सुधार और निजीकरण किया गया है, जो बेहद सफल भी रहा है। हर क्षेत्र के बाधारहित 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए यह जरूरी है। पॉवर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बड़े पैमाने पर आधारभूत सुविधाओं का सुधार किया है। पूर्वांचल और दक्षिणांचल अन्य डिस्कॉम की तुलना में पीछे हैं।

## लखनऊ में जय भीम पदयात्रा का आयोजन, उच्च शिक्षा मंत्री ने दिखाई हरी झंडी; युवाओं को किया प्रेरित

**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में रविवार को जय भीम पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर किया। यात्रा मरीन ड्राइव चौराहे से शुरू होकर अंबेडकर स्मृति स्थल पर संपन्न हुई। डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती से एक दिन पूर्व आयोजित इस यात्रा में सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसका उद्देश्य सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत उच्च शिक्षा मंत्री ने सामाजिक परिवर्तन प्रतीक स्थल पर डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके मौन श्रद्धांजलि के साथ की। इसके बाद युवाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। साथ ही डॉ अंबेडकर के विचारों को उपस्थित जनसमूह के समक्ष रखा।

### महान समाज सुधारक, चिंतक और न्यायप्रिय नेता थे अंबेडकर

अपने संबोधन में उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर न केवल भारत के संविधान निर्माता थे, बल्कि वे एक महान समाज सुधारक, चिंतक और न्यायप्रिय नेता भी थे। उन्होंने जीवन भर सामाजिक असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया। शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख साधन माना। उन्होंने शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का जो संदेश दिया था, वही आज के युवाओं के लिए सबसे बड़ा पथ प्रदर्शक है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने आगे कहा कि प्रकृति में आरंभ से ही सामाजिक समरसता और समता का भाव रहा है। डॉ अंबेडकर ने इस विचार को संविधान में मूलभूत अधिकारों और कर्तव्यों के माध्यम से सशक्त किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समावेशी समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। भारत एक है और हमें समतामयी, ममतामयी समाज की स्थापना करनी है।

### बाबा साहब के विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा

मंत्री उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में जय भीम पदयात्रा जैसे आयोजनों के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। यह पदयात्रा केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक जन-जागरण अभियान है, जो युवाओं को सामाजिक समता, बंधुत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरित करती है।

यह राज्य स्तरीय पदयात्रा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की संस्था माय भारत के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र संगठन और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। मार्ग में युवाओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए संविधान और सामाजिक न्याय के संदेश को जनमानस तक पहुंचाया।

## दुकान में विस्फोट से सहमे लोग: एक झटके में उड़ गई छत और 70 फीट की दीवार

#### पांच लाख का नुकसान; पहुंची पुलिस

**जौनपुर , एजेंसी।** जौनपुर के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मालिनी बाजार में बीती रात करीब 1 बजे मिठाई की एक दुकान में जोरदार धमाका हो गया। दुकान के अंदर रखा सामान, दुकान की छत और दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। पीड़ित ने सरायख्वाजा थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कुहियां गांव के निवासी मानिक चंद्र यादव ने मल्हनी बाजार में मिठाई की दुकान खोल रखा है। शनिवार की रात करीब 1 बजे किसी ने सूचना दी कि उसकी दुकान में जोर-जोर से धमाका हो रहा है। सूचना लगते ही मानिक चंद्र आनन फानन मौके पर पहुंचा तो देखा कि दुकान के परछक्के उड़ गए थे।

दुकान के अंदर रखा सामान नष्ट हो गया था। दुकान की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। मानिक ने बताया कि दुकान के अंदर धमाका होने से करीब 70 फीट दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है। दुकान का शटर टूट गया है। दुकान के अंदर रखी मिठाई भी नष्ट हो गई है। इससे करीब 5 लाख से अधिक रुपये का नुकसान हुआ है।

थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**प्रशासन के मुस्तैदी पर सवाल-** दुकानदार मानिक चंद्र ने बताया कि मल्हनी बाजार के समीप ही करीब 100 मीटर दूर पर सरायख्वाजा पुलिस द्वारा अस्थाई चौकी भी बनाई गई है प्रशासन अगर मुस्तैद रहती तो शायद इतना बड़ा हादसा संभव न होता दुकान के अंदर ऐसा लगता है की जगह-जगह विस्फोटक सामग्री रखकर दुकान को क्षति पहुंचाने का कार्य किया गया है।

## कर्ज से परेशान युवक ने लगाया फंदा

**वाराणसी , एजेंसी।** लालपुर-पांडेयपुर थानांतर्गत दौलतपुर उसरा गांव निवासी युवक ने आर्थिक तंगी से परेशान होकर फंदा लगा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया। परिजनों में कोहराम मच गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दौलतपुर उसरा गांव पांडेयपुर में मुन्ना पटेल (35) युवक ने बीती रात अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर खुदखुशी कर ली। सुबह परिवार के लोग सोकर उठे थे। कमरे में मुन्ना का शव पंखे से लटक रहा था। पत्नी मनीष और दो छोटी बेटियां घटना से बदहवास हो गईं।

मोहल्ले के लोगों ने डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को जानकारी दी। मौके पर लालपुर-पांडेयपुर पुलिस पहुंचकर फारेंसिंग पुलिस टीम को बुलाकर शव पंखे से उतरवाया। शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

मुहल्ले के लोगों के अनुसार, मुन्ना तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह रोजाना मेहनत-मजदूरी का काम करता था। इधर, कुछ दिनों से काम न मिलने और आर्थिक तंगी की वजह से परेशान था। उसके ऊपर कई लोगों के उधार भी थे। समय से पैसा नहीं देने से वह परेशान था। दोनों बेटियों व पत्नी मनीषा का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

## लगातार दूसरे दिन भी एयरपोर्ट से देर से उड़ी उड़ान, फ्लाइट में फंसे रहे 220 यात्री

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर एयरपोर्ट पर शनिवार को भी फ्लाइटों की उड़ान में देरी से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इंडिगो की मुंबई से 14 मिनट पहले शाम 05:05 बजे आने वाली फ्लाइट को सवा घंटे तक टैक्सी-वे पर ठहरना पड़ा।

इस वजह से मुंबई से गोरखपुर आए करीब 220 यात्री फ्लाइट में फंसे रहे। वहीं टर्मिनल में यात्रियों की अधिक भीड़ होने की वजह से हंगामे की स्थिति बन गई। किसी तरह एयरपोर्ट प्रशासन ने समझाकर सभी यात्रियों का शांत कराया।

एयरपोर्ट पर सबसे अधिक परेशानी अकासा एयरलाइन के यात्रियों को हुई, जब बंगलूरू से आने और दिल्ली जाने वाली दोनों उड़ान रद्द कर दी गईं। देरी की वजह से रात को मुंबई जाने वाले स्पाइस जेट के विमान की उड़ान स्पेशल परमिशन पर हुई।

विमानों की बार-बार देरी और अचानक उड़ानों के रद्द होने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। कुछ यात्री छोटे बच्चों और बुजुर्गों के साथ सफर कर रहे थे, जिन्हें कई घंटों तक टर्मिनल में बैठने की जगह भी नहीं मिली।




सुबह 9:30 बजे दिल्ली से आने वाला इंडिगो का विमान 1:40 मिनट की देरी से गोरखपुर पहुंचा। इसी तरह, अपराह्न 3:15 बजे दिल्ली से आने वाला इंडिगो का दूसरा विमान भी 1:20 मिनट की देरी से लैंड हुआ। एलायंस एयर का विमान शाम 7:53 बजे पहुंचा, जबकि यह पहले तय समय से करीब 1:50 मिनट लेट था।

मुंबई से शाम 6:05 बजे पहुंचने वाला स्पाइस जेट का विमान रात 8:30 बजे पहुंचा और फिर रात 9:50 बजे मुंबई के लिए रवाना हुआ। गौरतलब है कि गोरखपुर एयरपोर्ट से रात 9 बजे के बाद सामान्य रूप से कोई उड़ान नहीं होती। ऐसे में इस उड़ान के लिए एयरफोर्स से विशेष अनुमति ली गई।

इसी तरह, शाम 6:50 बजे दिल्ली से आने वाला अकासा एयरलाइन का विमान रात 8 बजे पहुंचा और रात 9:12 बजे बंगलूरू के लिए रवाना हुआ। वहीं, इंडिगो की बंगलूरू उड़ान भी 1:20 मिनट की देरी से शाम 4:55 बजे हुई।

## बकरी का बच्चा चोरी के मामले में उलझी पुलिस, अपनाया अनोखा तरीका-मेमना खुद ही पहुंचा अपनी मां तक

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर के कल्याणपुर थाने में शनिवार को समाधान दिवस पर बकरी का बच्चा चोरी होने का मामला चर्चा का विषय बन गया। हुआ यूं कि गूबा गार्डेन निवासी चंदा देवी के पति सुमन शनिवार सुबह करीब दस बजे कल्याणपुर स्थित सरकारी अस्पताल में अपनी एक बकरी के बच्चे को खस्सी कराने ले जा रहे थे।

इसी दौरान गूबा गार्डेन क्रॉसिंग के पास मीना नाम की महिला ने बच्चा चोरी करने का आरोप लगा पुलिस को फोन कर दिया। दोनों पक्ष के लोग थाने पहुंच गए और हंगामा करने लगे। पुलिस ने दोनों पक्षों से बच्चे की मां को लाने के लिए कहा। चंदा और मीना अपनी-अपनी बकरियों को लेकर आईं।

**चंदा को बच्चा सुपुर्द कर दिया गया-** तब बच्चा तुरंत चंदा की सफेद बकरी का दूध पीने लगा। इसके बाद मीना की बकरी के पास भी बच्चे को ले जाया गया, लेकिन वह उसके पास नहीं गया। पुलिस ने बच्चा चंदा को सुपुर्द कर दिया। कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि चंदा को बच्चा सुपुर्द कर दिया गया है।

# सहकारिता से ही सम्भव है राज्य का सर्वांगीण विकास : डॉ. प्रेम कुमार

## गुजरात से लौटे सहकारिता मंत्री ने कहा, गुजरात की सहकारी व्यवस्था का होगा अनुसरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गुजरात के सहकारिता मॉडल के अध्ययन के पश्चात लौटे बिहार सरकार के माननीय सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य का विकास सहकारिता के माध्यम से ही सम्भव है। उन्होंने गुजरात की सहकारी व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे देश का सर्वश्रेष्ठ सहकारी मॉडल बताया। डॉ. प्रेम कुमार दिनांक 8 अप्रैल से 13 अप्रैल 2025 तक गुजरात में सहकारी संस्थाओं के कार्यप्रणाली और व्यवस्थागत ढांचे के अध्ययन के लिए भ्रमण पर थे। उन्होंने बताया कि गुजरात ने सहकारी बैंकों के माध्यम से एक मजबूत आर्थिक प्रणाली विकसित की है। राज्य की सहकारी समितियां–जैसे सहकारी चीनी मिलें, सहकारी प्रशिक्षण संस्थान, सहकारी विपणन बोर्ड आदि–एक प्रेरक मॉडल प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में भी सहकारी बैंकों तथा अन्य सहकारी संस्थाओं को सशक्त करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य के सहकारी बैंकों में जरूरी सुधार और डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। कोर बैंकिंग सिस्टम को आधुनिक बनाया जा रहा है, जिससे ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी और बैंकिंग प्रणाली अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनेगी। गुजरात की तर्ज. पर बिहार में भी सहकारी बैंकों में अत्याधुनिक लॉकर सुविधा, गोल्ड लोन एवं विविध ऋण सेवाएं शुरू करने की योजना है। मंत्री ने जानकारी दी कि 30 मार्च को बिहार दौरे पर आए देश के सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह ने भी राज्य की बंद चीनी मिलों को पुनः शुरू करने की आवश्यकता जताई थी। इसी दिशा में गुजरात के सहकारी मॉडल को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जा रही हैं। राज्य की निष्क्रिय गन्ना उत्पादक सहकारी समितियों को पुनः सक्रिय करने हेतु शीघ्र ही विभागीय बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही बिहार में एक सहकारिता महाविद्यालय खोलने की भी योजना है। इस संदर्भ में डॉ. कुमार ने गुजरात दौरे के दौरान प्रसिद्ध संस्थान 'इंस्टीट्यूट ऑफ रुरल मैनेजमेंट, आनंद ' के अधिकारियों से बैठक कर सहयोग का आश्वासन प्राप्त किया है।

# जय भीम पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब, अंबेडकर जयंती पर युवाओं ने दिया समता और न्याय का संदेश

## केंद्रीय मंत्री और उपमुख्यमंत्री भी हुए शामिल, राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले भव्य आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर राजधानी पटना के गांधी मैदान से 'जय भीम पदयात्रा' का आयोजन किया गया जिसने शहर को संविधानिक मूल्यों और सामाजिक समानता के नारों से गूंजा दिया। यह पदयात्रा राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले आयोजित की गई जिसमें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न कॉलेजों के सैकड़ों छात्रों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस ऐतिहासिक आयोजन में बी. डी. कॉलेज, पटना की भूमिका केंद्रीय रही। कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार साव, विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. सुजीत कुमार दूबे तथा एनसीसी अधिकारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने संविधान, समता और सामाजिक न्याय के संदेश के साथ पूरे मार्ग को जीवंत बना दिया। पदयात्रा की शुरूआत सुबह 9:30 बजे गांधी मैदान के गेट संख्या 07 से हुई। कारगिल चौक, डाकबंगला चौराहा और इनकम टैक्स गोलंबर होते हुए यह यात्रा बी. आर. अंबेडकर की प्रतिमा तक पहुंची जहां प्रतिभागियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। रास्ते भर 'जय भीम', 'संविधान अमर रहे', और समता और न्याय का संदेश जैसे नारों से वातावरण गूंजता रहा। इस पदयात्रा में भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया तथा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए। मंच से अपने संबोधन में अतिथियों ने बाबा साहब के संघर्षों और योगदान को याद करते हुए युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात करने की अपील की।

# दो बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की हुई मौत

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** मसौढ़ी हिल्सा मार्ग के कादिरगंज थाना क्षेत्र के दरियापुर मोड़ के पास दो बाइक की सीधी टक्कर में एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक का नाम कुंदन कुमार उम्र 24 वर्ष पिता पिंटु यादव खरजमा गांव का निवासी बताया जाता है। दरअसल कुंदन कुमार मसौढ़ी से अपने घर खरजमा जा रहा था, उसी दरमियान दरियापुर मोड़ के पास अचानक अनबैलेंस होकर दो बाइक में सीधे से टक्कर हो गई जहां जोरदार टक्कर होने से दोनों बाइक सवार जख्मी हो गए हैं जहां इलाज के दौरान एक बाइक सवार कुंदन कुमार की मौत इलाज के दौरान हो गई है।

# वक्फ बिल के नाम पर ममता सरकार ने भड़कायी हिंसा : मंगल

## सरकार ने भड़काया दंगा, तुष्टिकरण के जरिए लिया जा रहा राजनीतिक लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री व भाजपा पश्चिम बंगाल के प्रभारी मंगल पांडेय ने ममता सरकार पर यह आरोप लगाया है कि वो अपने राज्य में हिंदुओं को डरा रही है। साथ ही राज्य को बंगलादेश बनाने की कोशिश कर रही हैं। राज्य की पुलिस सीएम के इशारे पर मौन है। कत्ल हो रहे हैं मगर संवेदनशून्य सीएम ममता तमाशा देख रही हैं। नतीजतन मामले पर कोर्ट को संज्ञान लेना पड़ा है। कलकत्ता



हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश दिए हैं। वक्फ कानून के विरोध में राज्य में 10 अप्रैल से ही हिंसा का दौर जारी है। इस हिंसा को सरकार ने प्रायोजित किया है, ताकि एक खास वर्ग को वोटबैंक की खातिर खुश किया जाए और एक खास धर्म को निशाना बनाकर तुष्टिकरण की राजनीति की जाए। श्री पांडेय ने कहा कि हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में फिर हिंसा भड़क गई। हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर गरीब हिंदू परिवार के पिता-बेटे की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हुई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, गोली लगने से एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। मेरी सरकार से अपील है कि वो हिंसाग्रस्त क्षेत्र में हिंदुओं को सुरक्षा मुहैया कराए, सबकी जान कीमती है। सरकार राजनीति के लिए दंगे न भड़काएं। मुर्शिदाबाद हिंसा पर पश्चिम बंगाल सरकार इसका राजनीतिक फायदा लेना चाहती है। यही वजह है कि ममता सरकार ने एक खास धर्म के लोगों को वक्फ बिल के नाम पर भड़काया है। श्री पांडेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में आज हिंदू अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्हें अपने त्योहार मनाने के लिए भी कोर्ट जाना पड़ता है। पूरी तरह से ममता सरकार सरिया कानून की समर्थक है जो अपने देश में बनाए गए पूजनीय बाबा साहब अंबेडकर के कानून को नहीं मानती है। ममता सरकार कानून, संविधान व सनातन विरोधी है। ये लोग केवल अपना एजेंडा चलाना चाहते हैं।

# धनरूआ के नीमा गांव के पास डिप्टी सीएम विजय सिन्हा की गाड़ी हुई अचानक खराब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया ठल 83 पर धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव के पास उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा की गाड़ी अचानक खराब हो गई, गाड़ी खराब होने के बाद उनका काफिला कुछ देर के लिए ठहर सा गया। अचानक गाड़ी रूकने पर सुरक्षा बल हरकत में आ गये और आनन-फानन में कुछ देर के लिए नीमा गांव के पास डेरा डाल दिया और फिर गाड़ी को बदली गई उसके बाद पटना की ओर प्रस्थान हुए। दरअसल उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा गया से कार्यक्रम कर पटना वापस लौट रहे थे की नीमा गांव के पास जैसे ही पहुंचे अचानक उनकी गाड़ी खराब हो गई। बताया जाता है कि कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी, सुरक्षा बलों ने और धनरूआ पुलिस के सहयोग से उनकी गाड़ी को दूसरी गाड़ी बदलकर उन्हें पटना तक पहुंचाया गया।

# कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में ''न्याय पथ'' कार्यक्रम को ले बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस लीगल सेल के द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में ''न्याय पथ'' कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने हर घर कांग्रेस का झंडा, सोशल मीडिया, संविधान की चर्चा, लीगल विज्ञापन जैसे कार्यक्रम पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए लीगल टीम के सदस्यों को निर्देश दिया। आगे उन्होंने संगठन विस्तार करने की बात की। भारतीय युवा कांग्रेस लीगल सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश भदोडिया ने कहा कि आगामी दो माह में बिहार के सभी जिला में लीगल सेल संगठन का विस्तार करने तथा चुनाव से सम्बन्धित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को हो रहे परेशानी को दूर करने के लिए लीगल सेल वार रूम की व्यवस्था की जायेगी। विधान मंडल कांग्रेस दल के नेता डा. शकील अहमद खान ने कहा कि समाज में फैले कुरीति को दूर करने के लिए वकीलों की अहम भूमिका हमेशा रही है। कांग्रेस पार्टी लीगल सेल संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस लीगल सेल के अध्यक्ष विकास कुमार झा ने कहा कि लीगल सेल विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों एवं आम लोगों को होने वाले परेशानी को लेकर लीगल से वार रूम के माध्यम से एक-एक समस्या का समाधान करने का कार्य करेगी एवं बिहार के तमाम जिला में जल्द से जल्द कमिटी बनाने की बात कहीं। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता मुदस्सीर शम्स ने कहा कि लीगल सेल गांव-गांव तक पहुंचकर गरीब लोगों को मदद करेगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश युवा कांग्रेस लीगल सेल के अध्यक्ष विकास कुमार झा ने की।

# पारस एचएमआरआई में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पारस एचएमआरआई पटना की ओर से रविवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया इसमें कई तरह की बीमारियों की जांच और परामर्श निःशुल्क दिए गए। इनमें बीपी, आरबीएस, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, आई स्कैनिंग, डेंटल स्क्रीनिंग और कंसल्टेशन शामिल हैं। शिविर में 510 मरीजों ने पारस एचएमआरआई की आधुनिक तकनीक के साथ जांच और अनुभवी डॉक्टरों से मुफ्त परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में सभी प्रकार की लैब और रेडियोलॉजी सेवाओं पर 50 प्रतिशत तक की बड़ी छूट भी दी गई। इसके अलावा इंटरनल मेडिसिन से लेकर ऑर्थोपेडिक्स, ओंकोलॉजी, कार्डियोलॉजी, डेंटल, फिजियोथेरेपी, यूरोलॉजी, पेडियेट्रिक्स, जेनरल सर्जरी, गायनेकोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ईइनटी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोइन्टेरोलॉजी, डायटेटिक्स और पल्मोनोलॉजी के मरीजों को पारस एचएमआरआई के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने परामर्श दिया। शिविर का आयोजन पारस एचएमआरआई परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक किया गया था।

# हत्या के विरोध में सड़क पर उतरे आक्रोशित, हत्यारों को फांसी देने की मांग, बाजार की दुकानें बंद

**शशि तुलस्यान**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी मेन रोड स्थित मां गारमेंट वस्त्रालय के ओनर जगदीश प्रसाद के बेटे प्रापर्टी डीलर मुकेश उर्फ छोटन यादव की हत्या के विरोध में मसौढ़ी में रविवार की सुबह से ही आक्रोशितों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करते हुए हत्यारों की गिरफ्तारी और उसे फांसी देने की मांग कर रहे हैं जहां मसौढ़ी मेन रोड, स्टेशन रोड, कर्पूरी चौक, रेलवे गोलंबर की सभी दुकाने बंद रही। जिला परिषद



प्रतिनिधि वीरेन्द्र उर्फ किरी यादव ने कहा कि बीते शनिवार को सड़क पर दिनदहाड़े एक दुकानदार के बेटे की निर्मम हत्या कर दी गई। यह कैसा सुशासन है। एक तरफ सरकार पुलिस की मुस्तैदी दिखाकर वाह वाही लूटती है दूसरी तरफ दिनदहाड़े सड़क पर बीचो-बीच गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। हमारी मांग है कि जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी हो और उसे स्पीडी ट्रायल चला कर उसे फांसी की सजा दिया जाए जिसको लेकर रविवार को सभी दुकानें बंद रहेगी।

# पान महासंघ के अध्यक्ष आईपी गुप्ता ने बनाई नई पार्टी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के गांधी मैदान में रविवार को पान समाज के आरक्षण के लिए इंकलाब का नारा बुलंद करने वाले अखिल भारतीय पान महासंघ के अध्यक्ष आईपी गुप्ता ने नई पार्टी 'इंडियन इंकलाब पार्टी' बनाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में अब इंडियन इंकलाब पार्टी अपनी ताकत का अहसास दिलाएगी। गांधी मैदान में पूरे बिहार से उमड़ी भारी भीड़ से उत्साहित आईपी गुप्ता ने इसे पान समाज की ताकत कहा। इस दौरान आईपी गुप्ता ने सियासी दलों पर पान समाज के लोगों से धोखाधड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे तांती-तंतवा को कोई नहीं जानता है, वे पटना में उमड़ी इस भीड़ को देखकर सबको को पहचानने लगे हैं। पान समाज के आरक्षण के लिए लगातार आवाज बुलंद करने का आह्वान करते हुए गुप्ता ने कहा कि अपने हक अधिकार के लिए यह आंदोलन अब और बड़े रूप में दिखेगा। बिहार विधानसभा चुनाव में पान समाज के लोग अपनी ताकत का अहसास कराएंगे। बिहार सरकार ने वर्ष 2015 में तांती-ततवा सरनेम से पुकारे जाने वाले समुदाय को पान जाति का माना था। साथ ही पान वर्ग को अनुसूचित जाति यानी एस सी का दर्जा दिया। लेकिन 15 जुलाई 2024 को आए सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय में पान जाति का एससी का दर्जा छीन लिया गया।

# कन्हैया कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के खिलाफ पटना के कोतवाली थाना में भाजपा की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल की ओर से की गई शिकायत में कन्हैया पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे दो दिवसीय दौरे पर 19 को आयेंगे बिहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में अब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। खड़गे 19 अप्रैल को बक्सर और 20 अप्रैल को पटना में पार्टी की रैली को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगे। खड़गे का यह बिहार दौरा बिहार विधानसभा चुनाव का शंखनाद माना जा रहा है। विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का बिहार में सक्रिय होना पार्टी की राज्य में ताकत दिखाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इस चुनावी साल के अब तक शुरूआती चार महीनों में तीन बार राहुल गांधी भी बिहार आ चुके हैं। इस बीच कांग्रेस ने कृष्णा अल्लावारू बिहार का प्रभारी बना कर भेजा। फिर अखिलेश प्रसाद सिंह की जगह राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष बनाया। इसके बाद 40 संगठन जिलों के जिलाध्यक्षों की सूची जारी की। राहुल गांधी ने चार अप्रैल को दिल्ली में जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। कांग्रेस संगठन में हुए इन बदलावों को पार्टी आने वाले चुनाव के पहले हर मोर्चे पर खुद को मजबूत बनाकर पेश कर रही है। कांग्रेस इस बार बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती है। वह मिशन बिहार में पूरी तरह जुटी हुई है। वहीं खड़गे के दो दिवसीय बिहार दौरे में फिलहाल उनके लालू यादव या तेजस्वी यादव से मिलने की कोई योजना नहीं है। पार्टी सूत्रों के अनुसार वे बिहार कांग्रेस के नेताओं संग बैठक करेंगे। साथ ही किन सीटों पर पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ने की योजना बना रही है उस पर चर्चा करेंगे। इसमें सहयोगी दलों के साथ ही कैसे बेहतर सामंजस्य बनाया जाए इसे भी तय किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि संभव है कि अंतिम समय में खड़गे लालू यादव से मिलें, क्योंकि वह बीमार चल रहे हैं।

# राणा सांगा का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, मसौढ़ी में क्षत्रिय सम्मेलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** वीर शिरोमणि राणा सांगा के सम्मान में मसौढ़ी के श्री वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में रविवार को क्षत्रिय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह उज्जैन ने किया। मंच संचालन पंकज कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मरकाना ने कहा राणा सांगा का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, अखिलेश यादव की सपा पार्टी के राज्यसभा सांसद ने जिस तरह से अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है उसे माफी मांगनी पड़ेगी, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए नहीं तो आने वाले चुनाव में न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के सभी राज्यों में क्षत्रिय समाज ने संकल्प लिया है कि उस सपा पार्टी को और उससे जुड़े तमाम पार्टियों को चोट की वोट से सबक सिखाएंगे, इसके साथ ही महिपाल सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार से ईडब्ल्यूएस में सरलीकरण, बाबू वीर कुंवर सिंह को भारत रत्न देने और एयरपोर्ट उनके नाम करने की मांग की है। इसके अलावा आगामी 9 मई को दिल्ली में और पटना में भव्य क्षत्रिय सम्मेलन करने का ऐलान किया है। कार्यक्रम में भारी संख्या में राजपूत करणी सेना के लोग पहुंचे। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष आदित्य प्रकाश, गोलू सिंह, पिंटू सिंह, शिवम सिंह, जितेंद्र सिंह, विकी राणा, अभय सिंह, उज्जवल सिंह, मनोज कुमार सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# ज्ञान भवन में जिनियो विजर्ड चैंपियनशिप का आयोजन, एक हजार छात्रों ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिनियो एक्टिव अकादमी द्वारा गांधी मैदान स्थित ज्ञान भवन में जिनियो विजर्ड चैंपियनशिप - 2025 का आयोजन किया गया। एबेकस प्रतियोगिता का आयोजन पांच राज्यों - बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली एनसीआर, महाराष्ट्र और झारखंड में हाइब्रिड मोड (ऑफलाइन और ऑनलाइन) में किया गया जिसमें जिनियो एबेकस के 1000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और एबेकस और मानसिक गणित में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिक्किम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, विधानसभा



अध्यक्ष नंद किशोर यादव एवं जिनियो एक्टिव अकादमी के निदेशक डॉ. प्रणीता प्रभांशु, राजीव रंजन, मधु चौरसिया एवं समारोह की मास्टर हेमा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता 11 मिनट तक आयोजित की गई जिसमें सभी छात्रों ने एबेकस और मानसिक अंकगणना के प्रश्नों को हल किया। इस दौरान 6 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों ने चमत्कारी गति से सैकड़ों सवालों को हल किया। इस अवसर पर सिक्किम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने जिनियो एबेकस कार्यक्रम के लाभों के बारे में विस्तार से बताया और जिनियो एक्टिव अकादमी को ऐसे शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सभी बच्चों और उनके माता-पिता को गणना की इतनी आश्चर्यजनक और चमत्कारी गति के लिए बधाई दी। इसके बाद जिनियो एबेकस के सभी स्तरों को उत्तीर्ण करने वाले 51 छात्रों के लिए एक उपाधि समारोह आयोजित किया गया, जिन्हें एबेकस के ग्रैंडमास्टर का शीर्षक प्रदान किया गया। साथ ही प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक स्तर के चैंपियन और उपविजेताओं को ट्रॉफी और योग्यता सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। प्रत्येक केंद्र के केंद्र प्रमुखों और पाठ्यक्रम के प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

# भीम शक्ति संवाद को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने नियुक्त किए जिला पर्यवेक्षक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 135वीं जयंती पर बिहार कांग्रेस ने सूबे के सभी जिलों एवं प्रखंडों में 'भीम शक्ति संवाद' कार्यक्रम की घोषणा की है। इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने सभी जिला में कार्यक्रम के व्यापक आयोजन के लिए जिला पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 135वीं जयंती के व्यापक रूप से आयोजन को लेकर जिला में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है जो यह सुनिश्चित करेंगे कि बाबा साहब के विचारों को कांग्रेस पार्टी आम जनता के बीच लेकर जाएं। कुल 40 सांगठनिक जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति संबंधी पत्र भी बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने जारी किया है।

# अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ओल्ड बॉयज एसोसिएशन, पटना के तत्वावधान में एएमयू के समर्पित पूर्व छात्र डॉक्टरों की टीम, डॉक्टर प्रभात मेमोरियल हीरामती हॉस्पिटल एवं अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सा विशेषज्ञों के सहयोग से, शास्त्री नगर, बोर्ड कॉलोनी स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम के पास के झुग्गी क्षेत्र में एक भव्य निःशुल्क बहुविशेषज्ञता चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र की वंचित जनसंख्या के 500 से अधिक लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श, निःशुल्क जांच, दवाइयां, आयुष्मान भारत योजना



से संबंधित सहायता तथा आयुष्मान कार्ड के झरिया इलाज की जानकारी एवं जागरूकता, अखंड ज्योति संस्थान के सहयोग से नेत्र परीक्षण, आहार परामर्श, फिजियोथेरेपी तथा आयुष चिकित्सा जैसी सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में न्यूरोसर्जन डॉ. नसीब इकबाल कमली, डॉ. सतीश कुमार सिंह (अध्यक्ष, प्रभात मेमोरियल हॉस्पिटल), हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नेसर अंसारी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रिजवान अहमद, फेफड़ों के रोग विशेषज्ञ डॉ. अरशद एजाजी, डॉ. डैनिश (जनरल फिजिशियन), डॉ. आकांक्षा और डॉ. दनिया (स्त्री रोग विशेषज्ञ), त्वचा रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. फरजाना और आहार विशेषज्ञ शाहीन फातिमा। सभी ने समर्पण भाव से अपनी सेवाएं प्रदान कीं। मौके पर सीनियर अलीगढ़, एएमयू छात्र संघ के पूर्व सचिव और समाजसेवी सैयद अनवर हुसैन, कांग्रेस विधायक दल के नेता और विधायक शकील अहमद, इंजीनियर जकी अहमद खान, इंजीनियर सैयद काजिम, राजद के सचिव परवेज अख्तर, आसमा खान, कहकशां परवीन, एडवोकेट नसरुलहुदा खान, एजाज हुसैन, चंद्रकला तथा एएमयूओबीए के विभिन्न पदाधिकारी जिनमें अध्यक्ष एडवोकेट नदीम सिराज, महासचिव मुशीर आलम, कोषाध्यक्ष डॉ. अरशद हक, उपाध्यक्ष संजय कुमार, प्रो. रिजवानुल हक प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# फोरलेन पर इ-रिक्शा पलटने से चार जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना-गया फोरलेन पर नदवां से मसौढ़ी जा रहे एक ई रिक्शा अचानक मोड़ के पास पलटी खा गई जहां ई रिक्शा पर सवार एक महिला समेत चार लोग जख्मी हो गए जिसकी सूचना पाकर धनरूआ के डायल 112 की गाड़ी पहुंची और उसे आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया है। जख्मी सविता कुमारी मिश्रीचक, नदवा और रिशु कुमार, गोहापाकड़, जहानाबाद के रहने वाले हैं इसके अलावा दो अन्य नदवां के बताए जाते हैं।

# वीर कुंवर सिंह की स्मृति में 31 वां अन्तर्राष्ट्रीय अन्तजार्लीय संस्कृत सम्भाषण शिविर सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना की संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अन्तर्गत वीर कुंवर सिंह स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक अन्तजार्लीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का उद्घाटन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मुकेश कुमार ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज; पटना ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में वीर कुंवर सिंह को भारतीय स्वातंत्र्य संग्राम का प्रातःस्मरणीय नायक बताते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह न केवल साहस के प्रतीक थे, अपितु भारतीय संस्कृति एवं स्वाभिमान के जीवंत उदाहरण भी थे। शिविर का उद्घाटन डॉ. अनिल कुमार सिंह, पूर्व सचिव, गृह विभाग उत्तरप्रदेश एवं प्रधान संरक्षक द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में वीर कुंवर सिंह के राष्ट्रप्रेम, नीति एवं नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा वे उम्र के अंतिम पड़ाव में भी युवाओं को प्रेरणा देने वाले योद्धा थे। मुख्य अतिथि मिथिलेश झा, वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक ने संस्कृत के सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डालते हुए वीर कुंवर सिंह के योगदान को भारतीय आत्मा का गौरव बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल कुमार चौबे, सुप्रसिद्ध संस्कृत गीतकार ने अपने सुमधुर गीतों के माध्यम से वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संपादकीय

# विनिर्माण क्षेत्र में नजर आ रहा सुधार

भारतीय रिजर्व बैंक ने बाजार अनुमानों के मुताबिक रेपो दर में पच्चीस आधार अंक की कटौती कर दी है। करीब पांच वर्षों तक रेपो दर में कोई कटौती नहीं की गई थी। फरवरी में पच्चीस आधार अंक की कटौती की गई थी। यह दूसरी कटौती है। इससे बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ने और भवन, वाहन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर ब्याज का बोझ कम होने का रास्ता आसान हो गया है। रिजर्व बैंक यह फैसला इसलिए कर पाया कि इस वक्त अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें काफी नीचे आ गई हैं, गेहूं और दालों का अच्छा उत्पादन हुआ है, खुदरा महंगाई का रुख नीचे की तरफ है। आगे भी महंगाई के नीचे रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक ने महंगाई चार फीसद पर रहने का अनुमान लगाया है। रिजर्व बैंक का लक्ष्य भी यही था कि महंगाई को चार फीसद के आसपास रखा जा सके। इसलिए अब उसने अपना ध्यान विकास दर पर केंद्रित कर दिया है। फिलहाल विकास दर साढ़े छह फीसद पर रहने का अनुमान है। जिस तरह अमेरिकी शुल्क नीति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रही है, उसमें भारत के लिए अपना सकल घरेलू उत्पाद बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी हो गया है। इस वक्त अच्छी बात है कि विनिर्माण क्षेत्र में सुधार नजर आ रहा है, जो चिंताजनक स्तर तक गोते लगा चुका था। विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर होने का असर सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ता है। यह क्षेत्र इसलिए कमजोर पड़ा हुआ था कि महंगाई आम लोगों की सहनशक्ति से ऊपर चली गई थी और उन्होंने अपने दैनिक उपभोग में कटौती करनी शुरू कर दी थी। अब महंगाई घटी है, तो स्वाभाविक रूप से उपभोग का स्तर उठेगा, जिससे विनिर्माण क्षेत्र को बल मिलेगा। रेपो दर कम होने से ब्याज दरों में कमी आती है। इसका लाभ कर्ज लेने वालों को तो मिलता है, पर बचत खाते आदि में पैसा जमा कराने वालों को नुकसान होता है। हालांकि जिन लोगों के पास पूंजी अधिक है, वे लंबी अवधि की योजनाओं में जमा कर अधिक ब्याज का लाभ ले सकते हैं। सबसे अधिक राहत वाहन, भवन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों को महसूस होती है, पर बैंक चूंकि लंबे समय से कारोबारी शिथिलता से जूझ रहे हैं, वे रेपो दर में पच्चीस आधार की कटौती का लाभ तुरंत अपने ग्राहकों को देना शुरू कर देंगे, कहना मुश्किल है। इस वक्त जिस तरह विश्व बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है, निर्यात में और कमी आने की चिंता बढ़ गई है। पहले ही निर्यात के मामले में संतोषजनक वृद्धि नहीं हो पा रही थी, कई देशों के साथ व्यापार घाटा चिंताजनक दर से बढ़ रहा था, उसमें घरेलू बाजार को मजबूत करने पर बल देना होगा। रिजर्व बैंक का कहना है कि बाजार में अतिरिक्त पूंजी प्रवाह बढ़ाया जाएगा, इससे विनिर्माण क्षेत्र को बल मिलेगा, मगर खपत बढ़ाना फिर भी बड़ी चुनौती रहेगी। ऐसे में, रेपो दर में कटौती का लाभ इस बात पर निर्भर करेगा कि घरेलू बाजार को मजबूत करने पर कितना जोर दिया जा रहा है। जब बेरोजगारी की दर पर काबू पाने और प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी के साधन विकसित नहीं हो पा रहे हैं, तो उसमें केवल रेपो दर में कटौती से आर्थिक बेहतरी का दावा करना मुश्किल ही बना रहेगा।

# सामाजिक क्रांति के महानायक डॉ.अम्बेडकर की पत्रकारिता आज भी प्रासंगिक



संजय कुमार

संविधान निर्माता और बहुजनों के मसीहा डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर महान एवं जुझारू पत्रकार भी थे। डॉ. अम्बेडकर ने 'मूकनायक' पाक्षिक अखबार के जरिये 31 जनवरी 1920 को सामाजिक क्रांति का जो बीज, पत्रकारिता की दुनिया में बोया था वह अम्बेडकरी पत्रकारिता के से जाना जाता है। मुख्यधारा की मीडिया में गांधी, तिलक, राजेन्द्र प्रसाद, आदि की पत्रकारिता की चर्चा तो खूब होती है, लेकिन डॉ.अंबेडकर ने जो और जिस तरह की पत्रकारिता की थी उसकी चर्चा नहीं के बराबर दिखती है। जितना आसान गांधी, तिलक, राजेन्द्र प्रसाद आदि की पत्रकारिता थी उतनी डॉ.अंबेडकर की नहीं। डॉ. अंबेडकर की पत्रकारिता खास और अलग थी। समाज और देश को आइना दिखाने वाली वंचित समाज की पत्रकारिता थी।

डॉ. अंबेडकर के सामने उद्देश्य के साथ-साथ मिशन और एक लड़ाई की तरह पत्रकारिता थी। जो, जाति के सवाल को लेकर, अछूत और पिछड़ों के हक को लेकर थी। कह सकते है कि समाज में व्याप्त गैर-बराबरी के सवाल को लेकर एक ऐसा वैचारिक युद्ध, जो समाज में सभी जाति को बराबरी देने को लेकर था। जहाँ एक ओर पत्रकारिता एक वर्ग के हितों की रक्षा के लिए खड़ी थी, वहीं उसमें वंचितों की समस्याओं और सवालों को जगह नहीं दी जाती थी। वंचित वर्ग पत्रकारिता की छाया से दूर ही रहा बल्कि, उनकी ओर ताका तक नहीं जाता था। ऐसे में डॉ. अंबेडकर ने बेजुबानों का नायक बन 'मूकनायक' के प्रकाशन की घोषणा की और विज्ञापन पूरी शुल्क के साथ तिलक के समाचार पत्र 'केसरी' में दिया। तिलक ने विज्ञापन को छापने से साफ इंकार कर दिया था। डॉ.अंबेडकर एक पत्रकार की भूमिका में आये, उन्हें लग गया था कि मीडिया एक सशक्त माध्यम है, जो बहुजनों को गोलबंद कर सकता है। बाबा साहब का मानना था कि दलितों को जागरूक बनाने और उन्हें संगठित करने के लिए उनका अपना स्वयं का मीडिया का होना बहुत जरूरी है। इसी मकसद के लिए उन्होंने 31 जनवरी, 1920 को मराठी पाक्षिक 'मूकनायक' का प्रकाशन प्रारंभ कर, पहल शुरू की। डॉ. अंबेडकर ने कलम को थामा और उसे सिपाही बनाया। इस 'मूकनायक' के प्रकाशन हेतु शाहू महाराज ने उस समय रूपये 2500/- की सहायता की थी। चूँकि उस समय डॉ.अंबेडकर मुम्बई के सिडनहैम कालेज में प्राध्यापक थे, सरकारी सेवा में थे, इसीलिए उन्होंने संपादन के रूप में पांडुरंग नंदराय भटकर का नाम डाला। 'मूकनायक' पाक्षिक होकर शनिवार को प्रकाशित होता था और इसका पंजीयन क्रमांक बी-430 था, शीर्षक के दायीं ओर विज्ञापन की दरें और बायीं ओर वार्षिक शुल्क तथा फुटकर अंक का दाम दिया जाता था। इसके कार्यालय का पता-हरारवाला बिल्डिंग, डॉ. बाटलीवाला रोड़, पोपबावड़ी, परेल, मुम्बई था। इसके प्रथम पृष्ठ पर संत तुकाराम के अभंग की दो पंक्तियां दी गई थी। समाचार पत्र वंचित समाज में बदलाव लायेगा, इस बात का उन्हें भरोसा था। वे जानते थे कि सामाजिक आन्दोलन या क्रांति में समाचार पत्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है। ज्यादा पढ़ी लिखी जनता नहीं थी, केवल मराठी ही समझ पाती थी। ऐसे में उन्होंने मराठी पत्रों का प्रकाशन एवं सम्पादन किया। 'मूकनायक' (31जनवरी,1920), 'बहिष्कृत भारत' 3 अप्रैल,1927), 'समता' (29 जनवरी, 1928), 'जनता' (24नवंबर,1930) एवं 'प्रबुद्ध भारत' (14अक्टूबर,1956) पत्रों का प्रकाशन शुरू कर डॉ.अम्बेडकर ने देश की सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक सहित अन्य मुद्दों पर अपनी धरदार लेखनी से पत्रकारिता की शुरूआत की।

दलित पत्रकारिता के आधार स्तम्भ डॉ. अम्बेडकर दलित पत्रकारिता के पहले संपादक, संस्थापक एवं प्रकाशक बने। उन्होंने जिस तरह, 'मूकनायक' से सामाजिक पत्रकारिता की शुरूआत कर 'प्रबुद्ध भारत' तक की पत्रकारिता यात्रा की और शानदार सामाजिक एवं जनपक्षीय पत्रकारिता करते रहे वह अपने आप में खास थी। जो, बाबा साहब को एक महान पत्रकार-संपादक के रूप में स्थापित करता है।

बाबा साहब ने मूकनायक, बहिष्कृत भारत, समता, जनता और प्रबुद्ध भारत समाचार पत्रों के माध्यम से अपने विचारों से सृश्य यानी अछूतों को जागृत करने का काम किया। समाचार पत्रों ने दलितों की सोच एवं जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया। डॉ. अंबेडकर ने 1945 में कहा था कि और दलितों के पास अपना कोई प्रेस नहीं है। और जो प्रेस है, उसका दरवाजा दलितों लिए बंद है। अछूतों का अपना प्रेस हो ही नहीं सकता। कारण बिल्कुल साफ है। कोई भी प्रेस विज्ञापन की आय के बिना जिंदा नहीं रह सकता है।

31 जनवरी, 2020 को 'मूकनायक' पाक्षिक पत्र का शताब्दी वर्ष है। यह ऐतिहासिक मौका है। 'मूकनायक' के जरिये बाबा साहब उनकी आवाज बने थे जो समाज में दबे कुचले थे। जिनमें अपनी आवाज उठाने की ताकत तक नहीं थी। 'मूकनायक' पाक्षिक पत्र को निकाल कर अम्बेडकर ने दलित मीडिया की एक ऐसी आधारशिला रखी जिसने उस वक्त के हिन्दूवादी मीडिया के मुंह पर तमाचा मारते हुए उनकी बोलती बंद कर दी थी।

इतिहास के पन्ने गवाह है कि भारतीय मीडिया ने बहिष्कृत लोगों की आवाज बनने की बात तो दूर उनकी ओर ताका तक नहीं। हालात आज भी वैसा ही है। आज का जो मीडिया है वह भी बहुजन समाज को तरजही नहीं देता। डॉ.अंबेडकर ने जिस दौर में दलित पत्रकारिता की शुरूआत की थी, इन बातों को डॉ.अंबेडकर समझते थे और मीडिया के पक्षपात पूर्ण रवैया से लोहा लेने के लिए मीडिया में प्रवेश किये। बाबा साहब ने 1943 में भारतीय मीडिया को हिंदू और कांग्रेसी मीडिया कह कर संबोधित किया था। भारतीय मीडिया पर डॉ.अंबेडकर को कतई भरोसा नहीं था।

डॉ.अंबेडकर ने 36 वर्षों तक पत्रकारिता की। एक संपादक एवं पत्रकार की भूमिका में निष्पक्ष रहते हुए काम किया। समाज के ठेकेदारों, राजनीतिक दलों एवं नेताओं के साथ-साथ मीडिया के खिलाफ भी लंबी लड़ाई लड़ी। डॉ. अंबेडकर द्वारा प्रकाशित पत्रों में मूकनायक, बहिष्कृत भारत, समता, जनता और प्रबुद्ध भारत का आकलन करें तो तस्वीर साफ दिखती है। डॉ.अंबेडकर की पत्रकारिता के खास मकसद थे। समाचार पत्रों के नामों को ध्यान से देखें तो सभी नामों में एक खास मकसद छुपा हैं। एक घार है, जो संदेश देता है। बाबा साहब अपने पत्रों के नाम के जरिये वंचित समाज को निश्चित दिशा में ले जाने के लिए संघर्ष करते रहे।

'मूकनायक' को ही लीजिये। नायक का शाब्दिक अर्थ होता एक दिशा देने वाला। डॉ. अंबेडकर पूरे 'बहिष्कृत भारत' की बात करते हैं। वैसा भारत जहाँ एक ओर समाज में ऐसे लोग है जिन्हें सब कुछ करने की आजादी है जबकि दूसरी ओर समाज में दूसरे यानी अछूत लोगों पर प्रतिबंध है। वे बहिष्कृत है। डॉ.अंबेडकर ने 'बहिष्कृत भारत' के लोगों की आवाज को, इस पत्र में जगह देते हुए आवाज बुलंद कर 'समता' समाज की वकालत ही नहीं बल्कि अधिकार की लड़ाई 'समता' पत्र से लड़ी। फिर 'जनता' को लेते हुए भारत को प्रबुद्ध भारत बनाने के लिए 'प्रबुद्ध भारत' पत्र निकालते हैं। जहां बाबा साहब के समाचार पत्रों में प्रगतिशीलता के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन की बात थी। वहीं, उस दौर के अखबारों के नामों में और आज के अखबारों में भी ठहराव नजर आता है। बाबा साहब ने जितने भी समाचार पत्र निकालें उसमें बहुजन आंदोलन की जड़ें थी। हासिये के लोगों थे। एक समाज था।

मूकनायक, बहिष्कृत भारत, समता, जनता और प्रबुद्ध भारत केवल समाचार पत्र ही नहीं थे, बल्कि अपने आप में एक हथियार थे। एक ऐसा हथियार जो आजादी व मुक्तिगाथा के शब्दों से पिरोया हुआ था। तभी तो अंबेडकर भी मीडियानुमा हथियार की ताकत को जान कर सामाजिक क्रांति के अग्रदूत बहुजन आंदोलन में मीडिया की आवश्यकता पर जोर देते हुए अपनी राजनीतिक पार्टी की राज्यों को भी अपना पत्र निकालने के लिए प्रोत्साहित किया था। सिर्फ खुद ही पत्र नहीं निकालते थे बल्कि अपने समाज के लोगों एवं संगठन के लोगों को भी कहते थे कि वह पत्रिका के माध्यम से लोगों को गोलबंद करें। 'मूकनायक' के कुल 19 अंक निकले थे। अंक 12 तक मुख्य पत्रिका लेखन पूरी तरह से बाबा साहब ने किया 5 जुलाई 1920 को बाबा साहब लंदन चले गए। उसके बाद उनकी जिम्मेदारी ज्ञानदेव रुवनाथ घोलप जी ने उठाई और अंक13 से 19 कुल 7 अंक निकाले थे ।

'मूकनायक' के प्रवेशांक के संपादकीय में डॉ.अंबेडकर ने इसके प्रकाशन के औचित्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए लिखा था, खासकर समाज में व्याप्त जाति के सवाल को लेकर। बाबा साहब ने अपने पहले संपादकीय में हिंदू धर्म में व्याप्त भेदभाव को सवालों के घेरे में लिया। वे लिखते हैं, मैं हिंदू हूं कहने मात्र से समाधान नहीं होगा, उसे उसकी जाति क्या है यह बताना जरूरी होता है। मतलब यही होता है कि हिंदू को उसकी मानवीय पहचान दिखाने के लिए प्रत्येक हिंदू को जातिगत भेदभाव दिखाना पड़ता है। संपादकीय में हिंदू धर्म की आलोचना करते हैं। वे लिखते हैं कि भेदभाव जितना अनुपम है उतना ही निंदनीय भी। क्योंकि भेदभाव पूर्ण आचरण में से हिंदू धर्म का जो स्वरूप बनता है वह हिंदू धर्म की पवित्रता को शोभा नहीं देता। हिंदू धर्म में जो जातियां है ऊंच-नीच की भावना से प्रेरित होती है। हिंदू समाज का स्वरूप एक मीनार की तरह है जहां हरेक जाति उस मीनार की मंजिल के रूप में है। लेकिन यहां एक बात याद रखनी चाहिए कि इस मीनार की मंजिलों के बीच कोई सीढ़ी नहीं होती है। इसलिए एक मंजिल से दूसरी मंजिल पर जाने का कोई मार्ग नहीं मिलता है। जो जिस मंजिल में जन्मा है उसी में उसे मरना होता है। नीचे की मंजिल का मनुष्य कितना लायक क्यों ना हो उसके लिए उसे ऊपर की मंजिल पर प्रवेश नहीं मिल सकता तथा ऊपर की मंजिल का मनुष्य कितना भी नालायक क्यों न हो उसे नीचे की मंजिल में भेजने की ताकत किसी में नहीं है। बाबा साहब लिखते हैं कि सीधे तौर पर कहा जा सकता है कि जाति-जाति के बीचए ऊंच-नीच की भावना मनुष्य के गुण-अवगुण की नीवं पर नहीं रखी गई है, ऊंची जाति में जन्मा व्यक्ति कितना भी अवगुणी क्यों ना हो, उसे उच्च जाति का ही कहना पड़ता है। उसी तरह नीची जाति में जन्मा व्यक्ति कितना भी गुणवान क्यों ना हो उसे नीच ही कहा जाता है। दूसरे, उन लोगों में एक दूसरे के बीच रोटी बेटी का व्यवहार भी नहीं होता। इसके हर एक जाति में भाईचारे के संबंध जातिगत है। निकट संबंध को नजरअंदाज भी कर लें, फिर भी एक दूसरे से बाहरी आचरण खुला नहीं है। अछूत जाति का अर्थ होता है ऐसा मनुष्य जिसे छू लेने मात्र से दूसरी जाति के लोग अपवित्र हो जाते हैं। भ्रष्ट हो जाते हैं। अपने पहले संपादकीय में बाबा साहब ने पिछड़ों पर भी कलम चलाई है उन्होंने लिखा है कि सत्ता और ज्ञान के अभाव में ब्राह्मणेत्तर (मुख्य रूप से ओबीसी) पिछड़े रह गए यही कारण है कि उनकी प्रगति नहीं हो सकी, यह बात स्पष्ट है। परंतु उनके दुख में दरिद्रता शामिल नहीं थी, क्योंकि उनके लिए खेती, व्यापार उद्योग और नौकरी करके जीवनयापन करना कठिन नहीं था। लेकिन सामाजिक भेदभाव के कारण अछूत, बहिष्कृत समाज पर जो प्रभाव पड़ा, वह बड़ा ही भयानक है। वे संपादकीय में आज हो रहे और भविष्य में होने वाले अन्याय को दूर करने की चिंता व्यक्त करते हैं। यही नहीं, उस दौर के समाचार पत्रों पर भी हमला करते हुए बाबा साहब लिखते हैं कि मुंबई से निकलने वाले समाचार पत्रों को बारीकी से देखा जाए तो पता चलता है उनमें से ज्यादातर पत्र किसी खास जाति हित को संरक्षित करते हैं। वे दूसरी जातियों की परवाह नहीं करते।

दर्जनों संपादकीय टिप्पणियों को मिलाकर डॉ.अंबेडकर के 40 लेख 'मूकनायक' में छपी। जो अपने आप में वह दस्तावेज हैढ्ढ ये लेख जाति के नाम पर समाज के आंखों पर लगी काली पट्टी को खोलने को लेकर काफी है। डॉ.अंबेडकर 'जाति का विनाश' चाहते थे। मीडिया के साथ ही सभी क्षेत्रों में दलितों की हिस्सेदारी सुनिश्चित किए जाने के प्रबल पक्षधर थे। बाबा साहब डॉ.अंबेडकर केवल वंचितों के महानायक ही नहीं थे बल्कि पत्रकारिता जगत के भी महानायक थे क्योंकि पत्रकारिता में जो सामाजिक क्रांति का बीच उन्होंने बोया था आज वह 'अंबेडकरी पत्रकारिता' के तौर पर जाना जाता है।

**( लेखक केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना के उप निदेशक हैं )**

# न्याय, समानता और समावेश की राह पर - डॉ. अंबेडकर की प्रेरणा और भाजपा का संकल्प



**डॉ संजय मयूख**

भाजपा के राष्टीय मीडिया सहङ्कप्रमुख, राष्टीय प्रवक्ता, बिहार विधान परिषद में भाजपा के मुख्य सचेतक एवं हृष्ठ के उपङ्कसचेतक

14 अप्रैल का यह दिन सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र, समानता और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती का दिन है। वह व्यक्तित्व जिसने न केवल भारत का संविधान रचा, बल्कि हमें यह सिखाया कि संघर्षों के बीच भी अवसर ढूंढा जा सकता है, और बदलाव की लौ किसी एक हाथ में नहीं, पूरे समाज में होती है।। डॉ. भीमराव अंबेडकर एक विचारक, सुधारक और दूरदर्शी थे, जिन्होंने यह स्पष्ट किया कि जातिगत भेदभाव केवल एक सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि राष्ट की एकता और प्रगति में भी सबसे बड़ा रोड़ा है। आज जब हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, तो यह आवश्यक है कि हम न केवल उन्हें स्मरण करें, बल्कि उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लें। भारतीय जनता पार्टी की नीति और दृष्टिकोण डॉ. अंबेडकर के विचारों के मूल तत्वों से मेल खाता है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास% का मूल मंत्र उसी सामाजिक समरसता और समावेशी विकास की दिशा में कार्य करता है, जिसकी कल्पना बाबा साहेब ने की थी।

**भाजपा सरकार ने डॉ. अंबेडकर के सपनों को किया साकार** – डॉ. अंबेडकर ने देखा कि भारत की आत्मा तब तक स्वतंत्र नहीं हो सकती, जब तक उसकी सबसे कमजोर और वंचित जातियां न्याय और समान अवसरों से वंचित हैं। भाजपा सरकार ने न केवल डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाया, बल्कि उन्हें नीति और कार्यान्वयन में भी उतारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने भीम एप, डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, और पंचतीर्थ जैसी पहलों के माध्यम से अंबेडकर जी के जीवन, संघर्ष और विचारों को जन-जन तक पहुँचाया है। भाजपा सरकार ने अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए बजट में रिकॉर्ड बढ़ोतरी की है, जिससे शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर खुल सकते हैं। भाजपा का मूल विचार राष्टवाद है। वो राष्टवाद जो हर वर्ग, हर जाति और हर समुदाय को साथ लेकर चलता है। डॉ. अंबेडकर भी यही चाहते थे कि एक ऐसा भारत का निर्माण हो जहाँ व्यक्ति को उसकी जाति, धर्म या जन्म से नहीं, बल्कि उसकी योग्यता और योगदान से पहचाना जाए। भाजपा सरकार ने उनकी इस सोच को धरातल पर उतारने का प्रयास किया है।

**डॉ. अंबेडकर का भारत, भाजपा की दिशा**– देश में कम ही लोग जानते हैं कि डॉ. अंबेडकर का योगदान केवल समाज सुधार या संविधान तक सीमित नहीं था। आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. बीआर अंबेडकर का योगदान भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता के रूप में उनकी भूमिका से कहीं आगे है। उनकी गहरी बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता ने प्रमुख आर्थिक और सामाजिक ढांचों को प्रभावित किया, जिससे वे स्वतंत्र भारत के शासन और विकास को आकार देने में मील का पत्थर साबित हुए हैं।

डॉ. अंबेडकर की डॉक्टरेट थीसिस ने भारत के वित्त आयोग की स्थापना को प्रेरित किया। साथ ही, उनके विचारों ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम, 1934 के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने और आरबीआई की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे हमारे देश में रोजगार कार्यालयों के संस्थापकों में से एक थे। उन्होंने रोजगार कार्यालयों की स्थापना, राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड प्रणाली की स्थापना और दामोदर घाटी परियोजना, हीराकुंड बांध परियोजना और सोन नदी परियोजना जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं जैसे प्रणालीगत प्रगति का समर्थन किया, जिससे बुनियादी ढांचे और संसाधन प्रबंधन में उनकी दूरदर्शिता का पता चलता है। भाजपा सरकार ने भी इसी दृष्टिकोण को अपनाते हुए देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, डिजिटल इंडिया और उज्ज्वला योजना जैसी पहलों ने उन तबकों तक विकास की किरण पहुँचाई है, जो दशकों तक विपक्षी दलों को नीति के चलते उपेक्षित थे।

**संविधान निर्माता से आगे-राष्ट निर्माता**– डॉ. अंबेडकर ने संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में जिस संविधान का निर्माण किया, वह आज भी विश्व के सबसे समावेशी लोकतंत्रों में से एक का आधार है। उन्होंने यह स्पष्ट किया था कि केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं है। हमें सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता भी मिलनी चाहिए। यह विचार भाजपा की न्यू इंडिया की परिकल्पना का मूल आधार है। जहाँ हर नागरिक को समान अवसर और सम्मान मिले। भाजपा ने अपने शासन में यह सुनिश्चित किया है कि डॉ. अंबेडकर के विचार केवल किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि वे नीतियों, योजनाओं और ज़मीन पर कार्यों के माध्यम से जीवित रहें। भाजपा सरकार का मानना है कि हमारा भारत तभी सशक्त होगा जब प्रत्येक नागरिक सशक्त होगा। आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के सभी वर्गों के विकास लिए पूरी प्रतिबद्धता से समर्पित है।

# जिजीविषा- ऋतुचित्त से हो चित्त स्थिर, क्या होगा अगर हम ऐसा कर सकें

**(अनन्या मिश्रा)**

हर ऋतु, चाहे वह सुख हो या दुख, केवल समय का एक हिस्सा है। जैसे गर्मी के मौसम में हम पंखा या एसी का उपयोग करते हैं, वैसे ही जीवन की कठिन परिस्थितियों में हमें अपनी आंतरिक शांति का सहारा लेना होता है।

क्या आपने कभी अनुभव किया है कि जैसे मौसम बदलता है, वैसे ही मन भी बदलता रहता है? कभी सुख, कभी दुःख, कभी प्रेम, कभी घृणा, हमारे भीतर यह उतार-चढ़ाव अनवरत चलते रहते हैं। ये बदलाव बाहरी मौसम के समान हैं, जो समय के साथ होते रहते हैं। हम जिन स्थितियों में होते हैं, उनसे हमारा मन भी प्रभावित होता है। लेकिन, क्या होगा अगर हम उस चंचल मन को स्थिर कर सकें? क्या होगा अगर हम भीतर से इतना सशक्त हो सकें कि कोई भी बाहरी परिस्थिति हमें हिला न सके?

इससे जुड़ा एक अद्भुत सिद्धांत है जिसे हम 'ऋतुचित्त' कहते हैं। ऋतुचित्त का अर्थ है, वह मानसिक अवस्था जहां मन बाहरी परिस्थितियों के प्रभाव से मुक्त हो जाता है। जब मन स्थिर होता है, तब वह किसी भी ऋतु (मौसम) की तरह अप्रभावित रहता है। जैसे गर्मी, सर्दी, या बारिश अपने समय पर आती हैं, वैसे ही मन की अवस्थाएं आती हैं, लेकिन एक स्थिर और साधक व्यक्ति उनके बीच भी शांत और स्थिर रहता है। यह स्थिति केवल संतों की नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति इसे पा सकता है, अगर वह सही मार्ग का अनुसरण करे।

जीवन की यात्रा में, हम अक्सर बाहरी मौसमों के बदलाव को सहजता से स्वीकार कर लेते हैं- गर्मी की तपिश, वर्षा की फुहारें, शरद की ठंडक। लेकिन, जब बात हमारे आंतरिक मनोभावों की आती है, तो हम उन पर नियंत्रण पाने की चेष्टा में संघर्षरत रहते हैं। क्या हो यदि हम अपने मन को भी ऋतुओं की भांति स्वाभाविक रूप से प्रवाहित होने दें? यही विचार 'ऋतुचित्त' का है-एक ऐसा मन जो परिस्थिति के अनुसार सहजता से ढलता है, बिना किसी प्रतिरोध के।

कल्पना कीजिए, आप एक व्यस्त सड़क पर गाड़ी चला रहे हैं और अचानक कोई वाहन आपके सामने आ जाता है। स्वाभाविक प्रतिक्रिया हो सकती है क्रोध या झुंझलाहट। लेकिन, यदि आपका चित्त 'ऋतुचित्त' है, तो आप उस क्षण को एक परिवर्तनशील परिस्थिति के रूप में देखेंगे, अपनी भावनाओं को नियंत्रित करते हुए शांत रहेंगे। यह न केवल आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि आपके निर्णय लेने की क्षमता को भी प्रभावित करता है।



मनोविज्ञान के अनुसार, इमोशनल रेग्यूलेशन या भावनाओं का नियंत्रण, इस सिद्धांत से मेल खाता है। जब हम अपनी भावनाओं को नियंत्रित करना सीखते हैं, तो हम अपने चित्त को स्थिर कर पाते हैं। यदि, किसी दिन हमारा मन उदास है, तो हम उस उदासी को पहचानते हैं, लेकिन उसे अपनी पहचान नहीं बनने देते। हम जानते हैं कि यह सिर्फ एक ऋतु है, जो समय के साथ बदल जाएगी। इस तरह, हम अपने मन को बाहरी परिस्थितियों से अनावश्यक रूप से प्रभावित होने से बचाते हैं। भगवद्गीता में, श्रीकृष्ण अर्जुन को समत्व की शिक्षा देते हैं- 'समत्वं योग उच्यते'– अर्थात, समता ही योग है। यह समता बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन की ओर संकेत करती है, जहां मन सुख-दुःख, लाभ-हानि, जय-पराजय में समान रहता है। यह अवस्था प्राप्त करने के लिए मनोविज्ञान में 'इमोशनल रेगुलेशन' या 'भावनात्मक नियंत्रण' का उल्लेख मिलता है, जो हमें अपनी भावनाओं को पहचानने, समझने और प्रबंधित करने की क्षमता प्रदान करता है।

इसी प्रकार मनोविज्ञान में, 'कॉग्निटिव रीफ्रेमिंग' एक तकनीक है जिसमें हम किसी परिस्थिति को नए दृष्टिकोण से देखते हैं, जिससे हमारी भावनात्मक प्रतिक्रिया बदलती है। उदाहरण के लिए, यदि कोई सहकर्मी आपकी आलोचना करता है, तो इसे व्यक्तिगत आघात मानने के बजाय, इसे सुधार के अवसर के रूप में देखना 'कॉग्निटिव रीफ्रेमिंग' है। यह प्रक्रिया 'ऋतुचित्त' के विकास में सहायक होती है, जहां हम प्रत्येक परिस्थिति को एक नए अनुभव के रूप में स्वीकारते हैं।

ऋतुचित्त का अभ्यास जीवन में एक अद्वितीय शक्ति लाता है। सोचिए- सोशल मीडिया पर कितनी बार हम दूसरों के कमेंट्स या लाइक्स से अपनी मानसिक स्थिति को प्रभावित होते हैं। कभी हम खुश होते हैं, कभी निराश। कभी कुछ लोग हमारी तारीफ करते हैं, तो कभी कोई आलोचना करता है। लेकिन जब हमारे भीतर एक स्थिर चित्त होता है, तो न तारीफ से हमारा अहंकार बढ़ता है, न आलोचना से हमारा आत्मविश्वास टूटता है। हम अपने वास्तविक स्वभाव में रहते हैं, जो न तो दूसरों की स्वीकृति से प्रभावित होता है, न ही अस्वीकृति से। श्रीमद्भगवद्गीता के सातवें अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है...

'बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान्मां प्रपद्यते। वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः॥' (गीता 7.19)

अर्थात, जब कोई व्यक्ति जीवन के कई जन्मों के बाद ज्ञान प्राप्त करता है, तो वह यह समझ पाता है कि अंततः सब कुछ परमात्मा है। यही ज्ञान उसे अपनी असल पहचान तक पहुंचाता है, जिससे वह इस जीवन के हर परिवर्तन और ऋतु से मुक्त हो जाता है। यह ज्ञान उसे यह समझने में मदद करता है कि हर ऋतु, चाहे वह सुख हो या दुख, केवल समय का एक हिस्सा है।

जैसे गर्मी के मौसम में हम पंखा या एसी का उपयोग करते हैं, वैसे ही जीवन की कठिन परिस्थितियों में हमें अपनी आंतरिक शांति का सहारा लेना होता है। वह शांति जो न मौसम से प्रभावित होती है, न किसी और से। यही ऋतुचित्त का सच्चा अभ्यास है। यह केवल एक मानसिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में शांति और समृद्धि का द्वार खोलता है।

हमारे मन का स्थिरता की ओर बढ़ना कोई आसान काम नहीं है, परंतु यह पूरी तरह से संभव है। मन में कभी न कभी उथल-पुथल होगी, परंतु जैसे नदी के गहरे पानी में मछली की गति बिना किसी रुकावट के रहती है, वैसे ही हम भी अपनी गहरी शांति में रहते हुए उथल-पुथल का सामना कर सकते हैं। जब हम यह समझ जाते हैं कि जीवन में जो कुछ भी हो रहा है, वह एक अस्थायी स्थिति है, तो हम खुद को उसके साथ जोड़ने की बजाय उससे बाहर खड़ा हो पाते हैं।

जब हम अपने मन के उतार-चढ़ाव को स्वीकार करते हैं, तो हम उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं। अगर हम हर भावनात्मक प्रतिक्रिया को अपनी पहचान बनाने देते हैं, तो हम उस भावना के गुलाम बन जाते हैं। लेकिन अगर हम उसे एक अस्थायी स्थिति के रूप में देखते हैं, तो हम उससे मुक्त हो सकते हैं। यही है मानसिक स्थिरता की कुंजी।

हम अपने जीवन के हर पहलू में जल्दी परिणाम चाहते हैं- कभी अपनी नौकरी, कभी रिश्तों, कभी व्यक्तित्व के मामले में। लेकिन क्या हम यह समझते हैं कि हर चीज़ का एक समय होता है, और समय के साथ जीवन के ऋतु भी बदलते रहते हैं? एक व्यक्ति जो जीवन में मेहनत करता है और अपनी आंतरिक शांति को बनाए रखता है, वह किसी भी बाहरी बदलाव से प्रभावित नहीं होता। उसका चित्त हमेशा स्थिर रहता है।

ऋतुचित्त का अभ्यास करने के लिए हमें पहले अपने भीतर की आवाज़ को सुनना सीखना होगा। जब हम अपने अंदर की स्थिति से वाकिफ होते हैं, तो हम बेहतर तरीके से बाहरी दुनिया से जुड़ सकते हैं। अपने चित्त को स्थिर करने के लिए हमें पहले अपनी भावनाओं और विचारों का निरीक्षण करना होगा। जब हम यह जानते हैं कि हर परिस्थिति अस्थायी है, तो हम उसे स्वीकार कर सकते हैं और शांति पा सकते हैं। जब हमारे मन की स्थिरता कायम रहती है, तब हम किसी भी जीवन की परिस्थिति से ना तो डरते हैं, और ना ही उसे भागने का रास्ता तलाशते हैं। हम उसे पूरी तरह से स्वीकारते हैं और उसी में अपने सर्वोत्तम प्रयासों को डालते हैं।

ऋतुचित्त का अभ्यास करना हमें सिखाता है कि जीवन के उतार-चढ़ाव हमारे नियंत्रण से बाहर हैं, लेकिन हमारी प्रतिक्रिया उन्हें नियंत्रित करने में हमारी शक्ति है। जब हम अपने भीतर की शांति को जान पाते हैं, तो हम किसी भी ऋतु से प्रभावित नहीं होते। यह शांति हमें जीवन की सबसे बड़ी स्थिरता देती है। यह लेखिका के निजी विचार हैं। वे आईआईएम इंदौर में सीनियर मैनेजर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत ईकेवाईसी, एनपीसीआइ एवं भौतिक सत्यापन कार्य में तेजी लायेः जिलाधिकारी

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिला पदाधिकारी सिवान की अध्यक्षता में आहूत बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत ईकेवाईसी, NPCI एवं भौतिक सत्यापन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। और कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत प्राप्त नये आवेदनों का निष्पादन अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए ससमय करना करने के साथ हीं सहकारिता, गव्य विकास, पशुपालन, मत्स्य, लघु सिंचाई



इत्यादि विभागों के कार्यो की भी समीक्षा की गई एवं जिला पदाधिकारी, सिवान द्वारा निदेश दिया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उक्त समीक्षात्मक बैठक में श्री आलोक कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, सीवान श्री आलेख कुमार शर्मा, सहायक निदेशक (शष्य), प्रक्षेत्र, सीवान -सह-अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, सीवान, सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), सीवान, सहायक निदेशक, उद्यान, सीवान, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सीवान, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सीवान एवं अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### निजी चिकित्सक, लैब व जांचघर की सूची उपलब्ध कराने की उठी मांग

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के एक निजी होटल में शहरी एवं ग्रामीण विकास मंच की एक बैठक रविवार को अखिलेश राज की अध्यक्षता में की गई। बैठक के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल की कुव्यवस्था, डॉक्टरों की उपस्थिति आदि पर विशेष चर्चा की गई। बैठक के उपरांत अखिलेश राज ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल के जो सुविधा क्षेत्र की जनता को मिलनी चाहिए ओ नही मिल पा रही है। जिसके चलते आम जनता मानसिक एवं आर्थिक स्थिति से ठगा महसूस कर रही है। जिसके चलते झोलाछाप और कुशल चिकित्सक ग्रामीण एवं शहरी मरीजों को अपने दलालों के माध्यम से चंगुल में फसाने में कामयाब हो रहे है। जिसका परिणाम कभी-कभी मरीज को जान देकर भी चुकानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र के प्राइवेट डॉ., लैब, जाचघर एवं प्रशासन द्वारा सील की गई अस्पतालों की सूची के साथ साथ अनुमंडल अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों की सूची समेत अन्य कई बिषय पर पत्र के माध्यम से मांग की है। उन्होंने ये भी कहा कि इस विषय को लेकर मंच द्वारा समय-समय पर सिविल सर्जन एवं अनुमंडल पदाधिकारी को पत्राचार द्वारा सूचित किया जाता रहा है। बैठक में मंच के संथापक अध्यक्ष सागर श्रीवास्तव, बिट्टू जायसवाल, अमजद अली, पूर्व प्रमुख रीना देवी, राकेश पंडित, राजू डे, विजय राम आदि उपस्थित रहे।

### 07 फेरों में चलेगी न्यू जलपाईगुड़ी-अयोध्या कैंट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा हेतु 05742/05741 न्यू जलपाईगुड़ी-अयोध्या कैंट-न्यू जलपाईगुड़ी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी वाया छपरा, सीवान, देवरिया का संचलन न्यू जलपाईगुड़ी से 18 मई से 29 जून तक प्रत्येक रविवार को तथा अयोध्या कैंट से 19 मई से 30 जून तक प्रत्येक सोमवार को 07 फेरों के लिये किया जायेगा। 05742 न्यू जलपाईगुड़ी-अयोध्या कैंट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 18 मई से 29 जून तक प्रत्येक रविवार को न्यू जलपाईगुड़ी से दोपहर 01.40 बजे प्रस्थान कर कटिहार से शाम 06.10 बजे,बरौनी से रात्रि 09.25 बजे, दूसरे दिन हाजीपुर से रात्रि 00.20 बजे, छपरा से 02.15 बजे, सीवान से 03.10 बजे, देवरिया सदर से सुबह 04.25 बजे, गोरखपुर से 05.30 बजे तथा मनकापुर से 08.00 बजे छूटकर अयोध्या कैंट 09.30 बजे पहुंचेगी.वापसी यात्रा में 05741 अयोध्या कैंट-न्यू जलपाईगुड़ी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 19 मई से 30 जून तक प्रत्येक सोमवार को अयोध्या कैंट से दोपहर 11.40 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर से दोपहर 03.55 बजे, देवरिया सदर से शाम 04.55 बजे, सीवान से शाम 06.05 बजे, छपरा से रात्रि 07.25 बजे, हाजीपुर से रात्रि 09.25 बजे दूसरे दिन बरौनी से रात्रि 00.15 बजे, कटिहार से सुबह 04.20 बजे छूटकर न्यू जलपाईगुड़ी सुबह 09.30 बजे पहुंचेगी.इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी के 20 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे.

### 06 फेरों में चलेगी गुवाहाटी-श्री गंगानगर-गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा हेतु 05636/05635 गुवाहाटी-श्री गंगानगर-गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी वाया छपरा ,सीवान,भटनी,देवरिया का संचलन गुवाहाटी से 21 मई से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को तथा श्री गंगानगर से 25 मई से 29 जून तक प्रत्येक रविवार को 06 फेरों के लिये किया जायेगा.05636 गुवाहाटी-श्री गंगानगर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 21 मई से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को गुवाहाटी से 18.15 बजे प्रस्थान कर कामाख्या से शाम 06.32 बजे, दूसरे दिन न्यू जलपाईगुड़ी से सुबह 03.55 बजे, कटिहार से 07.20 बजे, बरौनी से 10.25 बजे, हाजीपुर से दोपहर 02.00 बजे, छपरा से 02.45 बजे, सीवान से शाम 04.40 बजे, भटनी से शाम 05.19 बजे, देवरिया सदर से शाम 05.40 बजे, गोरखपुर से रात्रि 07.40 बजे, अयोध्या कैंट से रात्रि 11.55 बजे, तीसरे दिन लखनऊ से सुबह 02.20 बजे, कानपुर सेंट्रल से 04.10 बजे, मथुरा जं. से 10.55 बजे, जयपुर से शाम04.10 बजे, चौथे दिन श्री गंगानगर सुबह 03.30 बजे पहुंचेगी.वापसी यात्रा में 05635 श्री गंगानगर-गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 25 मई से 29 जून तक प्रत्येक रविवार को* श्री गंगानगर से दोपहर 01.20 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गांधी नगर जयपुर से रात्रि 00.04 बजे, मथुरा जं. से सुबह 04.45 बजे, कानपुर सेंट्रल से दोपहर 12.30 बजे, लखनऊ से दोपहर 02.30 बजे, अयोध्या धाम जं. से शाम 05.05 बजे, गोरखपुर से रात्रि 08.50 बजे, देवरिया सदर से रात्रि 10.00 बजे, सीवान से रात्रि 11.10 बजे, तीसरे दिन छपरा से रात्रि 00.50 बजे, हाजीपुर से 02.10 बजे, मुजफ्फरपुर से सुबह 03.05 बजे, न्यू जलपाईगुड़ी से दोपहर 01.55 बजे तथा चौथे दिन कामाख्या से रात्रि 00.10 बजे छूटकर गुवाहाटी 00.25 बजे पहुंचेगी.इस गाड़ी में शयनयान के 18 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे.

# अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन 20 को

**शहर के भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में होगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, जुटेंगे देश-विदेश के कवि व शायर**

के. के. सिंह सेंगर/
नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**छपरा (सारण)।** आगामी 20 अप्रैल को छपरा शहर स्थित भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में कलाद्वीप फाऊडेशन के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन होने जा रहा है।कलाद्वीप फाउंडेशन के बैनर तले अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरा में आगामी 20 अप्रैल को देश और विदेश के कवि व नामचीज कलाकार अपनी जलवा बिखेरेंगे। रविवार को सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल छपरा में आयोजित प्रेसवार्ता में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ हरेंद्र सिंह ने बताया कि यह आयोजन बिहार व छपरा के लिए बहुत गौरवान्वित होने वाला आयोजन है। जिसमे देश के जाने-माने मुंबई की लोकगायिका डॉ नीतू कुमार नूतन, नेपाल उर्दू एकेडमी के अध्यक्ष डॉ इम्तियाज वफा शामिल हो रहे है। वहीं अंतर्राष्ट्रीय कलाद्वीप फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक प्रखर पुंज ने प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि यह आयोजन 20 अप्रैल को तीन सत्र में होगा। जिसमें पहले सत्र में स्थानीय कलाकार रामप्रकाश मिश्रा व रामेश्वर गोप के द्वारा क्षेत्रीय कला का प्रदर्शन किया जायेगा। वहीं दूसरे सत्र में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन होगा। जहां देश-विदेश से आए हुए कवि एवं शायर अपना कविता व शायरी प्रस्तुत करेंगे। वहीं तीसरे सत्र में टॉक शो का आयोजन होगा। जिसमें शिक्षा, संस्कृति एवं संस्कार पर एक्सपर्ट द्वारा विस्तृत चर्चा किया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस में कलाद्वीप फाउंडेशन सदस्य डॉ सीमा सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह, डॉ पार्थ सारथी गौतम, संजीव चौधरी, सोमेश राय, अभियान श्रीवास्तव, चंदन सिंह, विजय मिश्रा, शंकर सिंह, सीए अमित कुमार, डॉ शहजाद आलम, ट्विंकल सौरव, प्रियंका कुमारी, अंजली सिंह, खुशबू ठाकुर, मनोज कुमार (मुखिया), प्रणव सिंह, अमन राज आदि शामिल रहे।

## सामूहिक विवाह समारोह में एक दूसरे के हुए 15 जोड़े

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के राम जानकी मंदिर परिसर मे आज 15 कन्याओं का विवाह आरोही जन कल्याण संस्था के द्वारा किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के विधायक नारायण प्रसाद रहे। जिसमें 15 गरीब कन्याओं का बहुत धूमधाम से शादी संपन्न कराया गया। उसमें 14 लड़कियों की शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार कराया गया। वहीं एक लड़की की शादी मुस्लिम रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ। इस संस्था के अध्यक्ष मुनीलाल पासवान उपाध्यक्ष सिकंदर पासवान कोषाध्यक्ष प्यारेलाल चौरसिया सचिव राम रतन चौधरी निर्देशक हृदय आनंद सिंह संयोजक शंभू नाथ यादव संगठन सचिव दिग्विजय सिंह अन्य सदस्यों में चंदेश्वर चौरसिया गुर्जर राम देवलाल कुशवाहा पीएम दास रामचंद्र गिरी शिकारी यादव शेख टुना मुहमदिन मियां शाहिद दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित होकर विवाह को संपन्न कराए।

# सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्व छात्रों का हुआ मिलन, साझा की गई पुरानी स्मृतियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मांझी (सारण)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, शिवा जी नगर, मांझी में रविवार को प्रबुद्ध नागरिक गोष्ठी एवं पुरातन छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने कार्यक्रम की भूमिका रखी, जबकि अध्यक्ष पृथ्वीनाथ ओझा ने विद्यालय की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा को साझा किया। उन्होंने अपने अनुभवों के माध्यम से स्कूल के योगदान को रेखांकित किया। पूर्व छात्रों ने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए बताया कि विद्यालय ने उन्हें अनुशासन और संगठन का महत्व सिखाया। पूर्व छात्र अर्जुन आनंद ने अपने 20 वर्ष पुराने छात्र जीवन को स्मरण करते हुए कहा कि आचार्यो का भय उस समय कष्टदायक लगता था, परंतु आज वही अनुशासन सफलता का आधार बना है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश यादव, प्रबंधन समिति के सदस्य, पूर्व आचार्य अरविन्द पाण्डेय, बिनोद गुप्ता, मनोज प्रसाद, अमिताभ ओझा, ममता कुमारी, जगमोहन चौहान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

> **पूर्व छात्रों ने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए बताया कि विद्यालय ने उन्हें अनुशासन और संगठन का महत्व सिखाया**

# मैट्रिक, इंटर व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अव्वल छात्रों को किया गया सम्मानित

**कोठियां जेठहंस स्थित जेएमएस कोचिंग सेंटर में सम्मान समारोह आयोजित**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गरखा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के कोठियां जेठहंस स्थित जेएमएस कोचिंग सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह में मैट्रिक, इंटर व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अव्वल प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कोचिंग संचालक मनु कुमार की ओर से छात्रों को मेडल, कप एवं उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। मैट्रिक परीक्षा में हिमांशु कुमार ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं मुस्कान कुमारी, सुधीर कुमार, गोलू कुमार, स्वाती कुमारी, रियांशु कुमार, रूबी कुमारी, मुन्ना कुमार और गुड़िया कुमारी ने भी शानदार प्रदर्शन कर कोचिंग का नाम रौशन किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में आकाश कुमार ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विशाल कुमार, श्रुति कुमारी, सोनू कुमार, अभिमन्यु कुमार, अंशु कुमार, अमरेश कुमार, आदित्य कुमार, आजाद कुमार एवं प्रभाष कुमार को भी मेडल व कप देकर सम्मानित किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विवेक कुमार को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर वैघनाथ कुमार और तृतीय स्थान पर आकाश कुमार रहे। आशीका कुमारी और सोनी कुमारी को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता श्रीनिवास सिंह एवं कोचिंग के संरक्षक व मौजमपुर के सरपंच आदित्य सिंह ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में भाजपा नेता अजय मांझी, धनंजय सिंह, बालेश्वर सिंह, राम विनोद उपाध्याय, राम विनोद प्रभाकर, जयप्रकाश महतो, जयप्रकाश सिंह, अवधेश कुमार, देवेश उपाध्याय, गजेंद्र सिंह, धनंजय राय, अभिषेक कुमार, राम बाबू राम, शिवकुमार, भरत सिंह और धरणीधर उपाध्याय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नौ दिवसीय श्रीराम कथा का श्रद्धा व भक्तिमय वातावरण में हुआ समापन

**श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मांझी (सारण)।** नगर पंचायत क्षेत्र के कुंवर टोली में श्रीराम दरबार सेवा समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का समापन रविवार को श्रद्धा व भक्ति के माहौल में हुआ। समापन के दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा व्यास आचार्य रविरंजन तेजस्वी ने श्रीराम के जीवन प्रसंगोः शबरी मिलन, लंका दहन, राम-रावण युद्ध एवं राज्याभिषेक आदि का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है। भगवान श्रीराम ने त्याग, सेवा, बलिदान और आदर्शो के माध्यम से समाज में संगठन की भावना जागृत की और बुराईयों का नाश किया। समापन अवसर पर आरती के दौरान पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। कथा वाचक ने कहा कि असत्य और अधर्म चाहे जितना भी शक्तिशाली हो, अंत में सत्य और धर्म की ही जीत होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से संकट के समय भी सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में ई. सौरभ सन्नी ने भी भावपूर्ण संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि जिन घरों में माता-पिता की सेवा, गुरुजनों का सम्मान, गौ माता का वास और ईश्वर का स्मरण होता है, वह घर स्वर्ग के समान होता है। कार्यक्रम के अंत में रामायण पूजन, आरती व प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा पश्चिमी के जिलाध्यक्ष विश्वमोहन सिंह, हेमनारायण सिंह, मनोज प्रसाद द्वारा व्यास जी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आचार्य रविशंकर तेजस्वी, मोहन शर्मा, संत रामप्रिय दास, उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह, पूजा शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# अम्बेडकर जयंती पर संवाद का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाबासाहेब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर जयंती के अवसर पर अग्रणी मानवाधिकार संस्था लोक स्वातंत्र्य संगठन (पीयूसीएल) एवं रामकृष्ण विवेकानंद एजुकेशनल सोसायटी, बेतिया के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय परिसंवाद का आयोजन किया गया। रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर, बेलबाग, बेतिया में नागरिक अधिकारों के संरक्षण में डॉ. अंबेडकर का योगदान विषयक कार्यक्रम की अध्यक्षता पीयूसीएल के जिलाध्यक्ष डॉ. आर.के. चौधरी ने की। डॉ. चौधरी ने कहा कि जातीय आधार पर किए जा रहे उत्पीड़न, शोषण और अत्याचार के विरुद्ध डॉ. अंबेडकर के संपूर्ण विचार नागरिक अधिकारों के प्रति उनकी संवेदनशीलता दशार्ता है। मुख्य वक्ता शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोरख प्रसाद श्मस्तानाश ने कहा कि भारत का संविधान मानवाधिकारों का खुला दस्तावेज है जिसके शिल्पीकार थे बाबासाहेब। उनका जीवन ही उनका दर्शन है।मुख्य अतिथि पीयूसीएल के राज्य सचिव डॉ. जगमोहन कुमार ने कहा कि नागरिक अधिकारों के संरक्षक डॉ. अंबेडकर सभी नागरिकों हेतु न्याय, समानता, स्वतंत्रता जैसे मूल अधिकारों के लिए आजीवन प्रयत्नशील रहें। संविधान में इसे कानूनी मान्यता दिलाई। विशिष्ठ वक्ता डॉ. शमसुल हक ने कहा कि बाबासाहेब का कहना था कि शिक्षा हमारे सर्वांगीण विकास का माध्यम है। संचालन पीयूसीएल के जिला सचिव डॉ. रमेश कुमार धन्यवाद ज्ञापन पूर्व जिला सचिव मनोज कुमार ने किया। कार्यक्रम में पंकज, डॉ. राजेश कुमार चंदेल, डॉ. श्याम चंद्र गुप्त, रामचंद्र साह, जगदेव प्रसाद, अंजनी कुमार सिन्हा, डॉ. अमित कुमार मिश्रा, सुनील तिवारी, इमरान कुरैशी, पवन कुमार, लालजी साह, आनंद कुमार अरुण, नवीन कुमार मिश्र, रा. वि. एडु. सोसाइटी के राधाकांत देवनाथ, सुब्रत बनिक, संजय शर्मा आदि की सक्रिय भागीदारी रही। वहीं परिसंवाद के खुले सत्र में रीड संस्था के दर्जनों छात्र-छात्राएं अपने प्रश्नों और डाउट्स का अतिथि वक्ताओं से जवाब प्राप्त कर लाभान्वित हुए।

# दिल्ली-सहरसा अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन का 19 अप्रैल तक चार फेरों में हो रहा संचालन, छपरा, सोनपुर सहित कई स्टेशनों पर ठहराव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दिल्ली और सहरसा के बीच आरक्षित विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष गाड़ी (संख्या 04414/04413) चार फेरों में दिल्ली और सहरसा के बीच संचालित की जाएगी।

**04414 दिल्ली-सहरसा विशेष ट्रेनः**

यह गाड़ी दिल्ली से 11, 12, 14 एवं 18 अप्रैल, 2025 को दोपहर 3:20 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी और खगड़िया होते हुए शाम 4:00 बजे सहरसा पहुंचेगी।

**04413 सहरसा-दिल्ली विशेष ट्रेनः**

वापसी दिशा में यह ट्रेन सहरसा से 12, 13, 15 एवं 19 अप्रैल, 2025 को रात 8:00 बजे प्रस्थान करेगी और खगड़िया, बरौनी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल होते हुए रात 8:10 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

इस ट्रेन में कुल 19 कोच होंगे, जिनमें 10 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी तथा 02 एसएलआर कोच शामिल हैं। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पूर्व समय-सारणी की पुष्टि कर लें और यात्रा के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करें। इसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने दी है।

### संकट मोचन मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ व भजन कीर्तन

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हनुमान जयंती के अवसर पर मांझी थाना के सामने स्थित संकट मोचन मंदिर में गायक दिवाकर सिंह की टीम द्वारा सस्वर सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन से पहले संयोजक संजीव वर्णवाल एवं आशुतोष गोस्वामी द्वारा ध्वजारोहण और विधिवत पूजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर मंदिर में 51 किलो लड्डू का भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# खतियानी लोहार जाति का अस्तित्व सरकार ने किया है मिटाने का काम



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हुसैनगंज प्रखंड के जीतपट्टी गांव में लोहार कल्याण समिति बिहार जिला इकाई सीवान की ओर से लोहार चौपाल का आयोजन किया गया. महीने की तीसरी बैठक की अध्यक्षता प्रेम शर्मा ने की. प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला सचिव सीवान चौपाल में जीतेन्द्र शर्मा ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की. मुख्य रूप से जाति प्रमाण पत्र जो वर्तमान सरकार कमार का दे रही है उस पर चिंता व्यक्त किए.उन्होंने कहा कि की हम खतियानी लोहार है. लेकिन सरकार हम लोगों की अस्तित्व मिटा दी है.जातीय जनगणना में कई जातियों का कोड अलग किया गया.लेकिन हमारी जाति का स्वतंत्र कोड सरकार अब तक जारी नहीं की.बिहार के सभी जनप्रतिनिधियों से हमारे समाज के लोग मिलते रह रहे हैं.हमारी वोट भी उन्हें मिल रहा है. लेकिन हमारी मूल समस्या पर किसी का भी ध्यान नहीं है. उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी गांवों में चौपाल का आयोजन कर सभी लोगों को संगठित किया जाएगा और अपने हक की आवाज हर जगह उठाया जाएगा.अशोक कुमार शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री बिहार ने शिक्षित होने पर प्रकाश डाला. प्रदेश महासचिव अनिल शर्मा ने एकता मे बल है इस बात को बताया.राजकुमार शर्मा ने राजनीति में भागीदारी की मांग की. दिनेश शर्मा ने स्वच्छ समाज बनाने की बात रखी.इस मौके पर राजेश शर्मा, राम पुकार शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, मिश्री लाल, इनर शर्मा, मंटु शर्मा, रामसागर शर्मा, प्रेम शंकर शर्मा, राकेश शर्मा इत्यादि लोहार के लोग उपस्थित रहे मंच संचालन डॉ आशुतोष शर्मा ने किया.

# बेतिया ईसाई पैरिश यूथ द्वारा रक्तदान शिविर




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्नेह,शांति, सेवा के पर्व ईस्टर के पावन सप्ताह के आरम्भ में बेतिया ईसाई पैरिश यूथ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन मिशन स्कूल, बेतिया चर्च परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतीक ई शर्मा ने बताया कि रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे जबर्दस्त आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। अतरू हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों फादर हेनरी फर्नांडो, फा० फ्रांसिस खालको, सिस्टर ऑफ एमजे सोसायटी, जॉय माइकल, और शिवानंद प्रसाद, डॉ. राहुल सिन्हा, अमन ऐलन, सनी विलियम, हर्षित ओस्टा, अमित इग्नायस, सुमित विक्टर, राहुल राजेश उपस्थित रहे। मौके पर 25 उदारदिल युवाओं और लोगों ने आगे आकर इस मानवता सेवा में रक्तदान किया। सिन्हा मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड लेप्रोस्कॉपिक सेंटर जो डॉ मोहनीश कुमार सिन्हा और डॉ अनुराधा खेमका द्वारा संचालित है इसी के सौजन्य से इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस पुनीत सेवा कार्य में बेतिया ईसाई यूथ के प्रतिबद्ध युवाजनो का सराहनीय योगदान रहा।

CMYK

# 180 प्रतिशत का रिटर्न, अब कंपनी दे रही है 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस

**मुंबई।** कैप्टन टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड ने निवेशकों को बोनस शेयर देने का ऐलान किया है। कंपनी ने शनिवार यानी आज इस बोनस इश्यू के लिए रिकॉर्ड डेट भी तय कर दिया है। जोकि इसी महीने है। बता दें, कंपनी ने इससे पहले 2019 में निवेशकों को बोनस शेयर दिया था।

### किस दिन है रिकॉर्ड डेट?

बीएसई एक्सचेंज को दी जानकारी में कैप्टन टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड ने बोनस शेयर का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा है कि एक शेयर पर एक शेयर बोनस दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने शनिवार को बताया है कि 21 अप्रैल की तारीख रिकॉर्ड डेट तय किया गया है। क्योंकि रिकॉर्ड डेट की तारीख सोमवार के दिन है।



### शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा रहा है?

शुक्रवार को कैप्टन टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड के शेयरों का भाव 1.94 प्रतिशत की तेजी के साथ 525 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। महज एक साल में ही निवेशकों का पैसा दोगुना हो चुका है। कंपनी के शेयर इस दौरान 183 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न देने में सफल रहा है। 5 साल में स्टॉक का भाव 3300 प्रतिशत से अधिक चढ़ा है। बता दें, इस कंपनी का मार्केट कैप 600 करोड़ रुपये से अधिक का है।

## केनरा बैंक के शेयर में रॉकेट सी तेजी, 105 तक जाएगा भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पब्लिक सेक्टर के केनरा बैंक के शेयरों में शुक्रवार को गजब की तेजी आई। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यह शेयर 88.48 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 91.40 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। यह शेयर 2.23 प्रतिशत बढ़त के साथ 90.45 रुपये पर बंद हुआ। 3 मार्च 2025 को शेयर 78.58 रुपये के 52 हफ्ते के निचले स्तर तक आ गया था। जून 2024 में शेयर की कीमत 129.35 रुपये के स्तर तक पहुंच गई। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।

### क्या है टारगेट प्राइस

इनक्रेड इक्विटीज ने अपने लेटेस्ट नोट में केनरा बैंक के शेयर के लिए टारगेट प्राइस तय किया है। इस बैंक के लिए शेयर टारगेट प्राइस 105 रुपये है। यह एक दिन पहले के मुकाबले करीब 17 फीसदी की बढ़त को दिखाता है।

इनक्रेड इक्विटीज ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए मुनाफा कम होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, ब्रोकरेज ने जिक्र किया कि फंड-आधारित लेंडिंग रेट यानी एमसीएलआर की सीमांत लागत से कोई अहम लाभ होने की संभावना नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केनरा बैंक की ऋण लागत में नरमी आने का अनुमान है तथा आकर्षक मूल्यांकन से उसे सपोर्ट प्राप्त होगा।

### दिग्गज निवेशक का है बड़ा दांव

दिग्गज निवेशक रेखा झुनझुनवाला ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में केनरा बैंक को अपने पोर्टफोलियो में शामिल किया। इस तिमाही में रेखा झुनझुनवाला ने 1.46 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी। यह 13,24,43,000 शेयर के बराबर है।

## संक्षिप्त समाचार

**कार्नेगी ग्लोबल टेक समिट**

### टैरिफ पर 90 दिनों की रोक एक अवसर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टैरिफ विवाद के बीच नफा और नुकसान का आकलन लगातार किया जा रहा है। सभी देश अपने-अपने हित को लेकर सजग हैं। इसी बीच 9वें कार्नेगी ग्लोबल टेक समिट में भी यह मुद्दा छाया रहा। कार्नेगी इंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस के वरिष्ठ शोधकर्ता एशले जे टेलिस का कहना है कि हाल के वर्षों में भारत की व्यापार नीति में बड़ा बदलाव आया है। इसे देखते हुए भारत को अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने की बड़ी सोच अपनानी चाहिए।




टेलिस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 90 दिनों के लिए टैरिफ (शुल्क) रोकने और भारत जैसे देशों पर पारस्परिक टैरिफ को 10 फीसदी तक कम करने के फैसले पर कहा कि 90 दिनों की यह रोक भारत के लिए अवसरों की अवधि है। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों को स्थायी समाधान खोजने का मौका मिलेगा और वे व्यापारिक विवादों से आगे बढ़कर आपसी सहयोग के अन्य क्षेत्रों पर ध्यान दे पाएंगे। इसके साथ ही यह कदम बाजारों और व्यापारिक साझेदारों को आगे की रणनीति बनाने का वक्त भी देगा। जीटीआरआई ने दी थी भारत को अमेरिका के साथ एफटीए से बचने की सलाह टेलिस ने यह बात भारत को अमेरिका के साथ पूर्ण एफटीए से बचने की ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की सलाह की प्रतिक्रिया में कही। टेलिस ने कहा कि भारत को दीर्घकालिक तौर से इस दिशा में आगे कदम बढ़ाना चाहिए।

### अनिल अंबानी का रिलायंस पावर का स्टॉक 20 प्रतिशत तक चढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक तरफ जहां ट्रंप के टैरिफ की वजह से शेयर बाजार में अनिश्चितता का माहौल है। तो वहीं अनिल धीरूभाई अम्बानी ग्रुप स्टॉक रिलायंस पावर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में बीते एक महीने के दौरान 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। इस अकेले स्टॉक का प्रदर्शन बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स, निफ्टी50 और निफ्टी बैंक इंडेक्स से अच्छा प्रदर्शन किया है। बीते एक महीने के दौरान निफ्टी50 1.60 प्रतिशत, बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स में 1.52 प्रतिशत और बैंक निफ्टी इंडेक्स में 6.13 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। स्मॉल कैप इंडेक्स में पिछले एक महीने में 3.81 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। वहीं, इस दौरा मिड कैप इंडेक्स में 2.31 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है।



मार्च 2020 में कंपनी के शेयरों का भाव 1 रुपये से भी कम हो गया था। लेकिन वहां से स्टॉक रिकवर करने में सफल रहा है। जिसकी वजह से स्टॉक का भाव 40 रुपये के लेवल तक पहुंच गया। हालांकि, इस स्टॉक का भाव अपने 375 रुपये के आल टाइम हाई से अब भी बहुत दूर है।

#### क्या है टारगेट प्राइस

रिलायंस पावर के शेयरों पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट्स की मानें तो शॉर्ट टर्म के लिए 48 रुपये से 52 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। वहीं, अनिल अंबानी के शेयरों का 52 वीक लो लेवल 36 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी ने हाल ही में कर्ज कम करने के लिए फैसले किए हैं। जिसकी वजह से डेट टू इक्विटी रेशियो 1.61 से घटकर 0.86 हो गया है। वहीं, वित्तीय मोर्चे पर सितंबर का महीना इस कंपनी के लिए शानदार रहा था। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 2878 करोड़ रुपये रहा था। वहीं, दिसंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 42 करोड़ रुपये रहा था।

# भारत तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनने की ओर अग्रसर

- पश्चिमी कंपनियों के लिए भारत एक बड़ा और आकर्षक बाजार
- अमीरों की संख्या बढ़ने से घरेलू खर्च में तेजी से वृद्धि

### जर्मनी, जापान को पीछे छोड़ भारत की बोलेगी तूती, सिर्फ ये दो देश ही होंगे आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका का टैरिफ कई जगह नुकसान दिखा रहा है तो कई जगह फायदा भी। भारत के संदर्भ में अलग-अलग जानकारों के मुताबिक अमेरिकी टैरिफ का असर अलग-अलग नजर आ रहा है, लेकिन इतना तय है कि पश्चिमी कंपनियों के लिए भारत एक बड़ा बाजार बनने वाला है। इसका फायदा पश्चिमी कंपनियों समेत भारत को भी मिल सकता है। भारत इस समय दुनिया का सबसे पसंदीदा बाजार बन गया है। इसलिए, जब दुनिया में टैरिफ को लेकर लड़ाई चल रही है, पश्चिमी देश भारत के साथ व्यापार समझौता करने के लिए उत्सुक हैं। विकसित देश भारत में कम टैरिफ पर अपना सामान बेचना चाहते हैं। यही भारत का सबसे बड़ा हथियार है, जिससे वह व्यापार में मोलभाव कर सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत बहुत जल्द जर्मनी और जापान जैसे देशों को पीछे छोड़ सकता है।

**तेजी से बढ़ रहे उपभोक्ता-** अब भारत में ऐसे बहुत से लोग हैं जो अमेरिकन व्हिस्की, हार्ले-डेविडसन मोटरसाइकिल या ब्रिटिश लग्जरी कारें खरीद सकते हैं। भारत जल्द ही तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनने वाला है।

क्रू की एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2026 तक भारत जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ देगा। रिपोर्ट में बताया है कि भारत से आगे सिर्फ अमेरिका और चीन ही होंगे। यानी भारत इन दोनों देशों के बाद तीसरा सबसे बड़ा बाजार होगा।

**अमीरों का बड़ा योगदान-** भारत में अमीर लोगों की संख्या बढ़ रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2023 में भारत में करीब 4 करोड़ लोग (15 साल से ऊपर की आबादी का 4 प्रतिशत) अमीर थे, जिनकी सालाना आय 10,000 डॉलर (8.60 लाख रुपये) से ज्यादा थी। अगले 5 सालों में इनकी संख्या दोगुनी से ज्यादा हो जाएगी और साल 2028 तक 8.8 करोड़ लोग ऐसे होंगे जिनकी सालाना आय 10,000 डॉलर से ज्यादा होगी।



**घरेलू खर्च में होगी बढ़ोतरी-** फिच सॉल्यूशन कंपनी बीएमआई की एक रिपोर्ट में भी यही बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति घरेलू खर्च 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जो इंडोनेशिया, फिलीपींस और थाईलैंड जैसे अन्य विकासशील एशियाई देशों से ज्यादा होगा। स्थ्रह और भारत के बीच कुल घरेलू खर्च का अंतर भी लगभग तीन गुना हो जाएगा।

**मिडिल क्लास ने खोले दरवाजे-** इन दोनों रिपोर्टों से पता चलता है कि भारत में अमीर लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी वजह से लोग ज्यादा खर्च कर रहे हैं और महंगी चीजें खरीदने का चलन बढ़ रहा है।

### पश्चिमी देश क्या चाहते हैं?

पश्चिमी सरकारें चाहती हैं कि उनके उत्पादों पर कम टैक्स लगे, ताकि वे भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सकें। इसलिए, पश्चिमी देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां, खासकर वे जो आम लोगों के लिए सामान बनाती हैं, भारत में ज्यादा सामान बेचने के लिए आ रही हैं। भारत का बाजार बहुत बड़ा है, इसलिए कंपनियां यहां आना चाहती हैं।

विदेशी कंपनियों के लिए भारतीय बाजार इतना आकर्षक इसलिए है क्योंकि भारत में अमीर लोग बढ़ रहे हैं और उनके पास ज्यादा पैसा है। पश्चिमी देशों की अर्थव्यवस्थाएं विकास के लिए संघर्ष कर रही हैं। वहां लोगों की उम्र बढ़ रही है और वे कम खर्च कर रहे हैं। ऐसे में, भारत में अमीर लोगों की एक बड़ी आबादी है जो महंगी चीजों पर खूब खर्च करेगी।

# आरवीएनएल, आईआरएफसी और रेलवे स्टॉक पर दांव लगाने की सलाह दे रहे हैं एक्सपर्ट्स?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले एक साल के दौरान रेलवे सहित कई अन्य सेक्टर की कंपनियों के शेयरों की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली है। आईआरएफसी, रेल विकास निगम लिमिटेड, रेलटेल, कॉनकॉर्ड और इरकॉन इंटरनेशनल के शेयर इस समय डिस्काउंट पर उपलब्ध हैं। आइए जानते हैं कि इस समय किस कंपनी पर दांव लगाना सही रहेगा?

**करेक्शन के दौर से गुजर रहे हैं स्टॉक-** एक्सपर्ट्स के अनुसार मौजूदा समय में ये रेलवे स्टॉक इस समय करेक्शन के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में कई रेलवे स्टॉक डिस्काउंट पर उपलब्ध हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि बजट में किसी बड़े रेलवे प्रोजेक्ट का ऐलान नहीं हुआ है। जिसने रेलवे स्टॉक को झकझोर कर रख दिया। लेकिन हाल ही में 4 नए प्रोजेक्ट्स का ऐलान किया है। इन 4 प्रोजेक्ट्स की कीमत 18,658 करोड़ रुपये है। इन 3 स्टॉक्स के प्रदर्शन को लेकर मेहता इक्विटीज़ के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (वाइस) प्रशांत तपसे कहते हैं, बहुत रिस्क ना लेने वाले निवेशकों के लिए आईआरएफसी सबसे बेहतर विकल्प रहेगा। कंपनी का बिजनेस मॉडल सबसे बेहतर है। सरकार की तरफ से मिल रहे सपोर्ट और हाई बिजनेस यील्ड लॉन्ग टर्म के लिए बेहतर रहेगा। वहीं, ऐसे निवेशक जो शॉर्ट टर्म में रिस्क उठा सकते हैं उन्हें लॉन्ग टर्म के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों पर दांव लगाना चाहिए।




### आईआरएफसी टारगेट प्राइस

लक्ष्मीश्री इंवेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड अंशुल जैन कहते हैं, रेलवे पीएसयू स्टॉक बड़ी गिरावट बाद अब रिकवर कर रहा है। बीते 33 हफ्तों में आईआरएफसी के शेयर 52 प्रतिशत गिरा है। लेकिन चार्ट पैटर्न अच्छा बना रहा है। ऐसे में यह स्टॉक 140 रुपये के लेवल तक जा सकते हैं।

### आरवीएनएल टारगेट प्राइस

इस स्टॉक के प्रदर्शन को लेकर अंशुल जैन कहते हैं, 33 हफ्ते में रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर 52 प्रतिशत तक टूट गए हैं। कंपनी के शेयर 388 रुपये के स्तर तक पहुंच सकते हैं।

### रेलटेल शेयर प्राइस

यह स्टॉक 39 हफ्तों में 56 प्रतिशत गिरा है। मौजूदा समय में स्टॉक 275 रुपये के जोन में दिखा रहा है। शेयर 333 रुपये के लेवल तक जा सकते हैं। अंशुल जैन कहते हैं कि आईआरएफसी के शेयर दांव लगाने के लिए सबसे बेहतर रहेगा। अन्य की तुलना में

## रेलवे ने अशोका बिल्डकॉन को दिया 568 करोड़ रुपये का काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर स्टॉक अशोका बिल्डकॉन को एक बड़ा प्रोजेक्ट मिलने जा रहा है। कंपनी ने शनिवार यानी आज शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया है कि सेंट्रल रेलवे की तरफ से मंगाई गई एक बोली के लिए कंपनी सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी बनकर उभरी है। अब कंपनी के शेयर मंगलवार को फोकस में रहेंगे। बता दें, सोमवार को अम्बेडकर जयंती की वजह से शेयर बाजार बंद रहेगा। एक्सचेंज को दी जानकारी के अनुसार सेंट्रल रेलवे के प्रोजेक्ट के लिए कंपनी ने सबसे कम बोली लगाई है। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 568.86 करोड़ रुपये है। इसमें जीएसटी शामिल नहीं है। इस प्रोजेक्ट में छोटे ब्रिज, बड़े ब्रिज आदि का काम है। कंपनी को यह काम 30 महीने के अंदर पूरा करना होगा।

### अशोका बिल्डकॉन के शेयरों का प्रदर्शन कैसा है?

शुक्रवार को कंपनी के शेयर 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 186.40 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले 5 साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 270 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, इस साल कंपनी के शेयर सिर्फ 9.24 प्रतिशत का रिटर्न ही दे पाए हैं। 2025 का साल कंपनी के पोजीशनल निवेशकों के लिए अच्छा नहीं रहा है। इस दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 38.99 प्रतिशत टूटा है। बता दें, एक महीने के अंदर कंपनी के शेयरों में 5.48 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। कंपनी का 52 वीक हाई 319 रुपये है। वहीं, 52 वीक लो लेवल 148 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 5232 करोड़ रुपये है।

### 2018 में कंपनी ने दिया था बोनस शेयर

बीएसई के बेवसाइट पर दी जानकारी के अनुसार कंपनी के शेयर 2018 में एक्स-बोनस ट्रेड किए थे।

# सुकून की तलाश में शुरू किया था काम, अब करोड़ों का हुआ कारोबार

**नई दिल्ली-** कारोबार शुरू करने के लिए कई बार किसी खास प्लान की जरूरत नहीं पड़ती। बस यूं ही हो जाता है। प्लान की जरूरत पड़ती है तो तब जब वह कारोबार बड़ा हो जाता है। ऐसा ही कुछ हुआ मुंबई की हिना पटेल के साथ। हिना का कारोबार बुनाई-कढ़ाई से जुड़ा है। इसके ब्रांड का नाम मैजिक नीडल्स है। शौक के तौर पर शुरू हुआ इसका कारोबार आज देश-दुनिया में फैल चुका है। आज इनके ब्रांड की वैल्यू करोड़ों रुपये में है। साल 2013 में हिना पटेल गर्भवती थीं। उस दौरान उन्हें सुकून की तलाश थी। वह अपने जुड़वां बच्चों का इंतजार करते हुए कुछ नया करना चाहती थीं। ऐसे में उन्होंने बुनाई की सुइयां उठाईं और ऊन से तरह-तरह की चीजों को बुनना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि उस दौरान वह अपने बच्चों के लिए छोटे स्वेटर और एक्सेसरीज बना रही थीं। इस दौरान उन्हें एहसास हुआ कि भारत में अच्छी क्वालिटी के धागे और हाथ से बने सामान मिलना कितना मुश्किल है। और इसी के बाद उनके कारोबार की शुरुआत हो गई।

**एक ऑर्डर ने बदल दिया सब कुछ-** शुरुआत में हिना ने अपनी बनाई हुई चीजें ऑनलाइन बेचना शुरू किया। कुछ ही महीनों में उन्हें बच्चों के एशिया के सबसे बड़े स्टोर से एक बड़ा ऑर्डर मिला। हिना इसे अपने कारोबार के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बताती हैं। जैसे-जैसे मांग बढ़ी, वैसे-वैसे उनका मिशन भी बढ़ता गया।



उस एक ऑर्डर ने सब कुछ बदल दिया। जो घर पर एक शौक के तौर पर शुरू हुआ था, वह धीरे-धीरे एक बढ़ता हुआ ऑनलाइन बिजनेस बन गया। जैसे-जैसे ऑर्डर आने लगे, हिना को एहसास हुआ कि वह सब कुछ अकेले नहीं कर सकतीं। उन्होंने अपने आसपास की महिलाओं की मदद ली।

### 300 महिलाओं की टीम

हिना बताती हैं, पहले कारीगरों को मुंबई में लोकल लोगों के जरिए जोड़ा गया। धीरे-धीरे यह नेटवर्क लोगों के बताने से बढ़ता गया। कई महिलाओं ने हमारे साथ काम करने में दिलचस्पी दिखाई। कुछ महिलाओं ने मांग बढ़ने पर अपनी टीम भी बना ली। मैजिक नीडल्स ने 300 से ज्यादा महिलाओं को ट्रेनिंग दी है। इनमें से कई महिलाएं अब गोदाम का काम, ऑर्डर पूरा करना, सामान का हिसाब रखना और डिजाइन का काम भी करती हैं।

### क्या है कारोबार?

मैजिक नीडल्स आज एक बड़ा ब्रांड बन गया है। यह ब्रांड करोड़ों रुपये का है। यह रंग-बिरंगे धागों के हाथ से बने घर के सजावटी सामान और कपड़े बनाता है। साथ ही 300 से ज्यादा महिलाओं को काम करने का मौका दे रहा है। यह ब्रांड धीरे-धीरे फैशन को भी बढ़ावा दे रहा है। यह दुनिया भर में क्राफ्टिंग करने वाले लोगों को जोड़ रहा है। यह 35 से ज्यादा देशों में फैला हुआ है।

### करोड़ों का हुआ ब्रांड

हिना बताती हैं कि उन्होंने एक लाख रुपये से कम के निवेश से मैजिक नीडल्स की शुरुआत की थी। धीरे-धीरे बढ़कर अब यह 8.5 करोड़ रुपये का ब्रांड बन गया है। आज इनके ब्रांड के देशभर में कई स्टोर हैं। वह बताती हैं कि कई लोगों के लिए मैजिक नीडल्स सिर्फ एक ब्रांड नहीं है।

यह सीखने, जुड़ने और अपनापन महसूस करने की जगह है। हिना बताती हैं कि उनके धागे का यह कारोबार आज जिंदगी बन गया है।

# गोड्डा-देवघर मेमू स्पेशल ट्रेन का बदला रूट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** ट्रेन संख्या 03146/03145 देवघर-गोड्डा-देवघर मेमू स्पेशल संशोधित समय के साथ और हरलंतर-हंसडीहा के रास्ते चलने की जगह रविवार से संशोधित मार्ग अर्थात दुमका-हंसडीहा के रास्ते चली।

परिचालन दक्षता बढ़ाने और देवघर और गोड्डा के बीच रेल संपर्क को बेहतर बनाने के लिए यह बदलाव किया गया है। संशोधित समय और रुट के अनुसार, ट्रेन संख्या 03146 देवघर-गोड्डा मेमू स्पेशल देवघर से पांच बजे प्रस्थान करेगी और मार्ग में निम्नलिखित स्टेशनों पर रुकते हुए आठ गोड्डा पहुंचेगी।

यह मोहनपुर, घोरमारा, बासुकीनाथ, दुमका, बारापलासी, नोनीहाट, हंसडीहा और पोड़ैयाहाट में रुकेगी। वहींवापसी दिशा में ट्रेन संख्या 03145 गोड्डा-देवघर मेमू स्पेशल गोड्डा से 08:15 बजे प्रस्थान करेगी और पोड़ैयाहाट, हंसडीहा, नोनीहाट, बारापलासी, दुमका, बासुकीनाथ, घोरमारा और मोहनपुर में ठहराव के साथ। 11:15 बजे देवघर पहुंचेंगी।

# कोर्ट को मिली धमकी

- दोनों पत्रों में प्रेषक का पता अलग-अलग
- प्रशासन के फूले हाथ-पांव
- पुलिस अनुसंधान में जुटी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची की एनआइए कोर्ट को स्पीड पोस्ट से एक धमकी भरा पत्र मिला है, जिसमें एनआइए कोर्ट पर हमला करने, जेल ब्रेक करने तथा नक्सली प्रशांत बोस और शीला मरांडी को जेल से बाहर निकालने की धमकी दी गई है।

शिकायत मिलने के बाद रांची की कोतवाली थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। धमकी भरे दो पत्र दो अलग-अलग लिफाफों में डालकर भेजे गए थे। दोनों लिफाफों में प्रेषक के नाम एवं पता अलग-अलग हैं।

अंदर वाले लिफाफे में एक मोबाइल नंबर (9264473891) लिखा है। माना जा रहा है कि न्यायिक कार्यों के निष्पादन में न्यायाधीश को भयभीत करने के उद्देश्य से छद्म नाम वाला यह पत्र भेजा गया है।

पत्र में यह भी उल्लेख है कि एनआइए कोर्ट के जज पर हमला करने और जेल ब्रेक करने के लिए शूटर को पैसे भी दे दिए गए हैं।

पत्र से संकेत मिल रहा है कि जेल में बंद नक्सली शीला मरांडी और प्रशांत बोस को जेल से बाहर निकालने के बारे में बात कही गई है है। पत्र में अरुण कुमार के नाम का जिक्र है।

वहीं, लिफाफे पर लिखा गया मोबाइल नंबर किसी राहुल जेसीईसीईई बोर्ड, रांची के नाम पर है। धमकी भरा पत्र देने में प्रेषक के तौर पर अनामिका इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड खेलगांव, लालगंज रोड नंबर तीन और खूंटी के ग्राम - मानपुर, पोस्ट- कर्रा के साकेत तिर्की का नाम सामने आया है।

धमकी भरा पत्र 11 अप्रैल को पुलिस के हाथ लगा। इस मामले में रांची के कोतवाली थाना में धमकी संबंधी प्राथमिकी दर्ज की गई है। पत्र मिलने के बाद पुलिस की टीम कर्रा व खेलगांव गई थी। कर्रा पोस्ट आफिस में सीसीटीवी नहीं होने के कारण पुलिस को कुछ प्राप्त नहीं हो सका, जबकि खेलगांव के पास भी कुछ नहीं मिला है। पुलिस अनुसंधान में जुटी है।

# टूरिज्म रोड शो बना निवेशकों का बेहतरीन मंच

## बंगाल और झारखण्ड के बीच बढ़ी मिठास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग ने कोलकाता में दो दिवसीय टूरिज्म रोड शो का आयोजन किया, जिसमें राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम न सिर्फ निवेशकों के लिए एक बेहतरीन मंच बना, बल्कि झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच के पुराने, गहरे रिश्तों को भी एक बार फिर सामने लाया। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि झारखंड और बंगाल सिर्फ पड़ोसी नहीं, बल्कि एक साझा विरासत का हिस्सा हैं।

### कोलकाता से हुई टूरिज्म अभियान की शुरूआत

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति, परंपराएं और स्वाद सब कुछ एक-दूसरे से जुड़े है। उन्होंने बताया कि झारखंड आने वाले ज्यादातर पर्यटक बंगाल से होते हैं। इसलिए इस टूरिज्म अभियान की शुरूआत कोलकाता से करना बहुत खास है।

मंत्री ने कहा कि आइए झारखंड, जहां झरने सिर्फ पानी नहीं, संगीत बहाते है, जहां पहाड़ सिर्फ ऊंचे नहीं, कहानियां भी कहते हैं और जहां हर यात्रा एक खास अनुभव बन जाती है। मंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड सरकार पर्यटकों और निवेशकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार पर्यटन क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है और झारखंड को पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर झारखंड पर्यटन विभाग की टीम ने कई प्रमुख बिजनेस ग्रुप्स और अन्य के साथ मीटिंग्स कीं। इन बैठकों में झारखंड में होटल, रिसॉर्ट और पर्यटन से जुड़ी अन्य सुविधाओं के विकास को लेकर चर्चा हुई।

# करोड़ों रुपये खर्च के बाद भी एक किमी दूर से पानी लाने को मजबूर

- दो साल बाद भी आधा-अधूरा है काम
- विश्रामपुर में जल जीवन मिशन का हाल



**रघुवीर नारायण पांडेय**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** केंद्र सरकार की ओर हर घर को पानीयुक्त बनाने के लिए शुरू किया गया जल जीवन मिशन फेल होता नजर आ रहा है। विश्रामपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में हर घर नल से जल देने की योजना में सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए। लेकिन लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा। यह समस्या किसी एक पंचायत या किसी एक गांव की नहीं है, अधिकतर गांवों की स्थिति कुछ ऐसी ही है। विश्रामपुर प्रखंड के सभी दस पंचायतों में योजना की शुरूआत की गई। यह दो वर्ष बाद भी अधूरा पड़ा है। कई गांवों में केवल जलमीनार खड़ा तो कहीं पाइपलाइन का काम अधूरा है। अधिकारी अपनी कमी छुपाने के लिए कागजों में काम पूरा कर दिए हैं। लेकिन अभी कई गांवों में पाईप लाईन बिछाना, जलमिनार खड़ा करना, नल लगाना बाकी है। जहां टोंटियां लगी हैं वहां पानी नहीं आ रहा है। गौरा का गटियाही नौका टोला के लोग पेयजल को लेकर पूरे दिन परेशान रहते हैं। उन्हें एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। छोटी -छोटी बच्चियां पानी लेने के लिए माथे पर डेकची व हाथों में बाल्टी लिए जा रही थी। कैमरे से फोटो लेते देख भाग खड़े हुए। जंगलों पहाड़ों में बच्चियां एक किलोमीटर दूर जाकर पानी लाती हैं। आने- जाने में हमेशा डर सा बना रहता है।

गांव के लोगों ने बताया कि गर्मी के मौसम में काफी समस्या बढ़ जाती है। घर के बगल से गुजरने वाली नदी भी सूख जाती है। इसके कारण काफी परेशानी होती है। नहाने के लिए चुआंड़ी का पानी उपयोग कर लेते हैं। लेकिन पीने के लिए भटकना पड़ता है। लोगों ने कहा कि समस्या को लेकर पंचायत क्षेत्र की मुखिया व अन्य लोगों से भी शिकायत की गई। लेकिन किसी ने आगे बढ़कर सहयोग नहीं करना चाहा। पंचायत व गांव में मुंहदेख कर दरवाजे पर जल मीनार लगाए गए हैं। जल मीनार लगाने में भी पैसे वसूले गए हैं। वे गरीब परिवार पैसे नहीं दे सके। इसके कारण सुविधा नहीं मिल सका। आज वे सभी भटक रहे हैं। जल संकट से जूझ रहे लोग विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवां पंचायत का गौरा गांव जहां पेय जल की समस्या है।

यहां कोई चापाकल या अन्य कोई साधन नहीं है। लोग वर्षों से एक किलोमीटर दूर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते हैं। जल जीवन मिशन के तहत हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। बावजूद पाईप लाईन बिछाने का कोई काम नहीं किया गया। इसमें पंचायत के जिम्मेवार लोगों के द्वारा भेदभाव की नीति अपनाई गई। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की टंकी बनाने और पाइप लाइन बिछाने के काम में करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए, बावजूद जल संकट से छुटकारा नहीं मिल रहा है।

# पार्किंग निर्माण में घालमेल की आशंका, एक साल में टूटा ग्रिल

## 15 लाख 54 हजार की लागत से हुआ था निर्माण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** शहर के सुभाष चौक से लेकर बिजली ऑफिस तक पार्किंग के नाम पर सड़क के एक किनारे पेवर ब्लॉक व स्टील का रेलिंग लगाया गया था, ताकि शहर खूबसूरत दिखे। लोग अपने छोटे वाहन मोटरसाइकिल, साइकिल इसमें लगाए और पैदल ही फुटपाथ पर ही चले।

योजना का अभी तक एक साल भी पूरे नहीं हुए और रेलिंग में लगा स्टील का खंभा टूटने लगा है, कुछ उखड़कर नाली में गिरा पड़ा है। खंभे में लगे स्टील की कड़ी टूटकर सड़क किनारे बिखरी पड़ी है, जिसे देखने वाला कोई नहीं है।

ठेकेदार को 15 लाख 54 हजार रुपये में काम करने का आदेश मिला था। ठेकेदार ने 11 जुलाई 2024 को अप पूरा कर दिया। नगर परिषद द्वारा ठेकेदार को इसके एवज में 15.54 लाख भुगतान भी कर दिया गया। एक साल तक इसे मेंटनेंस करने का आदेश मिला था, लेकिन यह महज सात माह भी नहीं चला और स्टील का रेलिंग टूटने लगा है।

15 दिन पहले नगर परिषद ने पार्किंग के अंदर लगाई गई दो-चार दुकानों को हटाकर फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त किया। लेकिन जिस उदेश्य को लेकर इसे बनाया गया था ,उसे देखकर ऐसा लगता है कि कमीशन का खेल में आम जनता का टैक्स का पैसा पानी में चला गया।

आने-जाने वाले लोग देखकर यही बोलते हैं कि इसकी क्या जरूरत थी? योजना बनाने से पहले शहर की भौगोलिक रुप रेखा को देख लिया जाता। चलने को सड़क नहीं है और सड़क को घेर कर पार्किंग बनाई जा रही है। आखिर बड़े वाहन छोटी सी सड़क पास क कैसे पास करेंगे। सड़क पर फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए नप के पास कोई विजन नहीं है।

# विधायक ने किया डीप बोरिंग का शिलान्यास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टुण्डी।** टुण्डी विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आज टुण्डी प्रखंड के फूलझर गांव के मोहली टोला में गर्मी को देखते हुए डीप बोरिंग कार्य का शिलान्यास कर जनता को समर्पित किया।

बताते चलें कि टुण्डी विधायक इन दिनों लगातार जनहित से जुड़े हर समस्याओं पर विशेष फोकस कर रहे हैं। खासकर जनता जनार्दन को असुविधाओं से सामना करना न पड़े इसके लिए आज भूमि संरक्षण विभाग धनबाद द्वारा कार्यान्वित डीप बोरिंग कार्य का विधिवत शिलान्यास किया ताकि गांव के लोगों को मनचाहा पानी हर समय सरल रूप से उपलब्ध हो सके। बताते चलें कि टुण्डी विधायक द्वारा इन दिनों जनहित के हर कार्य को लगातार बखूबी किए जा रहे हैं ताकि टुण्डी विधानसभा क्षेत्र की जनता समस्याओं से जुझे नहीं और उन्हें पानी, बिजली, सड़क जैसे मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सके। मौके पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो के अलावा उनके निजी सचिव बसंत महतो, मनोज महतो, आनंद महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# रांची को जाम से मिलेगी निजात

## दो-दो नई फ्लाई ओवर बनकर तैयार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** शहरवासियों को जल्द दो नए फ्लाईओवर की सौगात मिलने वाली है। दोनों ही फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। रातू रोड फ्लाईओवर इसी महीने के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा। वहीं, सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर का काम रैंप को लेकर फंसा हुआ है।

अब फ्लाईओवर में आइटीआइ की ओर 500 मीटर सर्विस लेन का काम बचा हुआ है। इसके अलावा दो मीटर सर्विस रोड राजभवन और मेट्रो गली के आसपास बचा हुआ है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा साइनएज का काम बचा है। इसके बनते ही यह फ्लाईओवर पूरा हो जाएगा और सरपट गाड़ियां दौड़ सकेंगी।

यह जानकारी रातू रोड फ्लाईओवर के निर्माण से जुड़े एनएचएआई के इंजीनियर ने कहीं। उन्होंने कहा कि रातू रोड फ्लाईओवर मई में आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। रातू रोड फ्लाईओवर के निर्माण में लगभग 450 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

वहीं सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर का काम रैंप की नई डिजाइन को लेकर फंसा है। आदिवासियों संगठनों का विवाद थमे तो इसमें रुका हुआ काम शुरू होगा। इसे पथ निर्माण विभाग की ओर से तैयार किया जा रहा है।

पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विनोद कच्छप ने कहा कि अगर सरना स्थल में रैंप का विवाद नहीं होता तो अबतक फ्लाईओवर में गाड़ियां चलने लगती। फिलहाल कुछ भी कहने की स्थिति नहीं है।

बता दें कि सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर का सर्विस रोड, साइनएज, लाइट, डिवाइडर, रिफ्लेक्टर शीशा, रोड में कालीकरण का काम लगभग पूरा कर लिया गया है।

अब वन विभाग के गेट के पास और सिरमटोली सरना स्थल के पास वी-सेफ का काम अूधरा है। साथ ही फिनिशिंग वर्क 100 प्रतिशत बाकी है। सिरमटोली फ्लाईओवर के निर्माण में लगभग 400 करोड़ रुपये लगे हैं।

पथ निर्माण विभाग की ओर से सिरमटोली -मेकान फ्लाईओवर का काम एलएनटी को सौंपा गया है। निर्माण में लगी कंपनी के इंजीनियरों ने बताया कि निवारणपुर के नीचे कुछ काम बाकि है।

सर्विस रोड, मरम्मत समेत पाइपलाइन शिफ्टिंग का काम हल्की बाकि है। इसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन सिरमटोली के पास सरना स्थल पर रैंप का विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ डालटनगंज ने खोली पनशाला, मिलेगी राहत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जायंट्स ग्रुप आफ डालटनगंज ने शहर के निर्वाणा होटल के पास पनशाला खोला। रविवार को मुख्य अतिथि समाजसेवी ज्ञानचंद पांडेय ने फीता काटकर पनशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने संस्था के सेवा कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में शहर में पेयजल की समस्या गंभीर हो जाती है। राहगीर अपनी प्यास बुझाने के लिए बेचैन हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में यह पनशाला राहगीरों की प्यास बुझाने में कारगर होगा।

संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद मुर्तजा ने बताया कि पनशाला खोलने का मुख्य उद्देश्य गर्मी में लोगों की प्यास बुझाना है। संस्था का यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। प्रत्येक वर्ष गर्मी के दिनों में संस्था के द्वारा पनशाला व अन्य गतिविधियों के माध्यम से राहगीरों की सेवा किया जाता है। मौके पर मंजीत प्रकाश ने कहा कि समाज के जरूरतमंदों की सेवा करना ही मुख्य उद्देश्य है। दो माह पनशाला को संचालित किया जाएगा। प्रतिदिन चना व गुड के साथ शीतल जल से राहगीरों की सेवा किया जायेगा। उद्घाटन में संस्था के लोगों ने शरबत वितरण किया। मौके पर रेणु शर्मा, सीमा भसीन, तृप्ता आनंद, संजू सिंह, आकांक्षा जायसवाल, प्रियंका साहू, सतीश जौरिहार, अभय कुमार, अनिल सिंह, मोहम्मद जावेद, गौतम सेन, सुरेश जायसवाल, पंकज लोचन, विजय कुमार, डा कुलदीप सहित कई लोग मौजूद थे।

# नव नियुक्त सचिव को अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** रंजन चंद्रवंशी शुरू से ही समाज सेवी रहे हैं। समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझते हुए कई काम किए हैं। यही कारण है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उन्हें सचिव बनाया है। उक्त बातें महासभा के डॉ गणेश चंद्रवंशी ने कही। वे शनिवार को अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में बेलवाटीका में आयोजित रंजन चंद्रवंशी के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रंजन चंद्रवंशी एक ईमानदार व नेक इंसान हैं। इनके नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा का संगठन बेहतर ढंग से विकास करेगा। साथ ही महासभा को भी मजबूती मिलेगी। मौके पर महासभा के गणमान्य लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नव नियुक्त सचिव रंजन चंद्रवंशी को शौल ओढाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर रंजन चंद्रवंशी ने कहा कि समाज को सबसे ऊपर रखकर चलने वाले व्यक्ति हैं। आने वाले दिनों में समाज हित के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। सम्मानित करने वालों में डॉक्टर गणेश चंद्रवंशी, संतोष कुमार चंद्रवंशी, प्रेम कुमार चंद्रवंशी, संजय कुमार चंद्रवंशी, लक्ष्मण चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, कांति चंद्रवंशी, मंजू कुमारी चंद्रवंशी, शैलेश चंद्रवंशी, बृज किशोर चंद्रवंशी, शंभू नाथ चंद्रवंशी, कृष्णा चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी आदि शामिल थे।

## देवी मंडप में धूमधाम से मनी हनुमान जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** । शहर के सूदना गायत्री मंदिर रोड स्थित प्राचीन देवी मंडप में हनुमान जयंती मनाया गया। इस अवसर पर शनिवार की शाम में विशेष पूजा अर्चना के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। भक्तजनों ने भजन कीर्तन के बाद मंदिर में विधिवत आरती की। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर पुजारी पंडित मिथिलेश मिश्रा, सीनू पाठक, शोभा दुबे, विनीता सिंह, प्रियंका गुप्ता, सरोज देवी, ब्यूटी पांडेय, सुभद्रा पांडेय, अनुराधा तिवारी, रंजुला सिन्हा, मालती देवी, माधुरी देवी, प्रिया, रंभा, चिंता, बबीता पाल, अनीता पांडेय, सुषमा मिश्रा, राजीव रंजन पांडेय, नवल किशोर तिवारी, सुधीर सोनी, धनंजय सिंह, अंजनी पांडेय, रघुवीर पांडेय, मनीष उपाध्याय सहित कई मौजूद थे।

## युवक लापता, अनहोनी की आशंका



**टुण्डी।** प्रखंड के पण्डरा बेजरा गांव निवासी रफीक अंसारी पिता हाकिम अंसारी दो दिनों से लापता हैं। जिससे परिजनों को किसी अनहोनी का डर सता रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार पण्डरा बेजरा गांव निवासी रफीक अंसारी पिता हाकिम अंसारी बाजार के नाम से घर से निकले जो आज दो दिन होने को चला काफी खोजबीन से भी अता पता नहीं चल पाया है जिससे परिजनों को किसी अनहोनी का डर सता रहा है जबकि उनके मोटरसाइकिल और जुता मिलने से और परिजन सकते में हैं इस लापता की खबर स्थानीय थाना पूर्वी टुंडी को अवगत करा दिया गया है।

# सरकारी अस्पतालों की सुधरेगी तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** विभिन्न बीमा योजनाओं में दावा के रूप में प्राप्त होने वाली राशि से सरकारी अस्पतालों की दशा सुधरेगी। इस राशि से न केवल अस्पतालों का रख रखाव होगा तथा संरचनाएं दुरुस्त होंगी, बल्कि आउटसोर्सिंग से चिकित्सक एवं नर्स भी बहाल किए जा सकेंगे।

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, झारखंड अबुआ स्वास्थ्य योजना तथा राज्य कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना से मिलने वाली दावा राशि का उपयोग इनमें किया जा सकेगा। स्वास्थ्य विभाग ने इसे लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया है।

इसके तहत प्रत्येक सरकारी अस्पतालों को इन बीमा योजनाओं से प्रति बेड 50 हजार रुपये चरणबद्ध ढंग से उपार्जित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रति बेड 25 हजार, वित्तीय वर्ष 2026-27 में 35 हजार तथा 2027-28 से 50 हजार रुपये उपार्जित करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस तरह, 50 हजार रुपये का लक्ष्य प्राप्त होने पर सभी सरकारी अस्पतालों को मिलाकर कुल 300 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे, जिनका उपयोग संबंधित अस्पतालों के स्वास्थ्य संरचनाएं दुरुस्त करने में किया जा सकेगा।

स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि इससे भविष्य में सरकारी अस्पताल निजी अस्पतालों से प्रतियोगिता कर सकेंगे। साथ ही अस्पताल आईपीएचएस-2022 के मानकों को पूरा कर पाएगा।

जारी दिशा-निर्देश के अनुसार मेडिकल कॉलेजों में अति विशेषज्ञ चिकित्सकों, सदर अस्पतालों में विशेषज्ञ एवं अति विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा रेफरल, अनुमंडल अस्पतालों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं ली जा सकेंगी।

अस्पतालों में कार्यरत सरकारी चिकित्सकों के बीच अब बीमा राशि की 15 प्रतिशत राशि ही प्रोत्साहन राशि के रूप में बटेगी। शेष 85 प्रतिशत राशि से निजी चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं अति विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा ली जाएगी।

इस राशि से अस्पताल का रखरखाव और संचालन होगा तथा दवा आदि का भी क्रय किया जाएगा। बीमा राशि के लिए अलग से बैंक खाता खोला जाएगा ताकि उसका ही प्रबंधन हो तथा पारदर्शिता हो।

वैसे तो स्वास्थ्य विभाग ने वर्ष 2027-28 तक प्रति बेड 50 हजार रुपये बीमा दावा से उपार्जित करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन रांची सदर अस्पताल तथा कोडरमा सदर अस्पताल अभी ही इस लक्ष्य के करीब पहुंच चुका है।

500 बेड वाले रांची सदर अस्पताल ने पिछले वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक ही प्रति बेड 44 हजार रुपये तथा 100 बेड वाले कोडरमा सदर अस्पताल ने प्रति बेड 28,320 रुपये की राशि उपार्जित कर ली थी।

## परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला अध्यक्ष बिपिन यादव के नेतृत्व में नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय से मुलाकात की। साथ ही विद्यार्थियों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया। बताते चलें कि कुछ दिन पहले सत्र 2018- 21 व 2019- 22 जेनेरिक पेपर परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था। इसमें अधिकतर बच्चों को बहुत कम अंकों से अनुत्तीर्ण कर दिया गया है। इससे प्रश्न उठ रहा है कि इतने सारे बच्चे एक साथ अनुत्तीर्ण कैसे हो सकते हैं। वहीं विद्यार्थियों का कहना है कि हमारे कॉपी की जांच में कहीं त्रुटि हुई है। इसे लेकर संगठन ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम इस पर कार्रवाई करेंगे। इसकी परीक्षा पुनः आयोजित करवाने की जल्द कोशिश करेंगे। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय को इस परीक्षा का अंकपत्र भी जल्द जारी कर देना चाहिए। क्योंकि परीक्षा का परिणाम काफी लंबे अंतराल के बाद आया है। इसमें और विलंब नहीं होना चाहिए । इस पर परीक्षा नियंत्रक ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह भी जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। मौके पर मणि, विभीषण, विक्रम, अरविंद आयुष, अनिकेत, राहुल, उज्जवल सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पूरन के सिक्सर से घायल हुआ फैन

## सिर से निकला खून, उपचार के बाद जीत का जश्न मनाने के लिए लौटा



नई दिल्ली, एजेंसी। निकोलस पूरन के 31 गेंदों पर 61 रन और एडेन मार्करम के 31 गेंदों पर 58 रन की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने एकाना स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2025 के 26वें मैच में मेहमान गुजरात जायंट्स पर 6 विकेट से आसान जीत दर्ज की। इस दौरान लखनऊ के धमाकेदार



बल्लेबाज पूरन के एक छक्के से फैन घायल हो गया और उसके सिर पर चोट लगी। लेकिन फैन ने उपचार के बाद फिर से मैच देखा और टीम की जीत का जश्न मनाया। गुजरात से मिले 181 रनों का लक्ष्य के जवाब में जब पूरन बल्लेबाजी कर रहे थे तो एक सिक्सर शॉट फैन के सिर पर लगा। फैन के सिर से खून निकल रहा था और उसका उपचार किया गया। हालांकि चोट के बाद फैन ने घायल अवस्था में ही मैच पूरा देखा और टीम के जीतने के बाद जश्न मनाया। उक्त फैन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लखनऊ ने रोमांचक मुकाबले में 3 गेंदें रहते 186 रन बनाते हुए जीत अपने नाम की। पूरन के आईपीएल 2025 में अब तक सबसे ज्यादा रन हैं और वह ऑरेंज कैप होल्ड किए हुए हैं। पूरन अब तक 6 मैच खेले हैं और इस दौरान 6 इनिंग्स में 69.80 की औसत और 87 के हाईएस्ट स्कोर के साथ कुल 349 रन बनाए हैं। आईपीएल 2025 में अब तक उनके नाम 4 अर्धशतक भी हैं। पूरन अभी तक टूर्नामेंट में 26 चौके और 31 छक्के भी लगा चुके हैं।

# वाह शर्मा जी के बेटे...



## गुरु युवराज से लेकर तेंदुलकर तक, दिग्गजों ने शतकवीर अभिषेक को ऐसे दी बधाई

हैदराबाद, एजेंसी। अभिषेक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 55 गेंद में 141 रन की पारी खेली। उनकी पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने जीत हासिल की। अभिषेक के मेंटर युवराज सिंह से लेकर सचिन तेंदुलकर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा...कई क्रिकेटरों ने अभिषेक की पारी को शानदार बताया और उन्हें बधाई दी है। आईपीएल 2025 के 27वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का तूफान एक बार फिर देखने को मिला। हैदराबाद में खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ रिकॉर्ड चेज किया। 246 रन के लक्ष्य को सनराइजर्स ने नौ गेंद रहते हासिल कर लिया। इस जीत में अभिषेक शर्मा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 55 गेंद में 14 चौके और 10 छक्के की मदद से 141 रन की पारी खेली। अभिषेक के शतक के बाद अब सोशल मीडिया पर उनकी जमकर तारीफ हो रही है। फैंस से लेकर दिग्गज क्रिकेटर्स भी उनकी तारीफ कर रहे हैं। अभिषेक के मेंटर युवराज सिंह से लेकर सचिन तेंदुलकर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा...कई क्रिकेटरों ने अभिषेक की पारी को शानदार बताया और उन्हें बधाई दी है।



युवराज ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- वाह शर्मा जी के बेटे! 98 रन पर सिंगल फिर 99 रन पर सिंगल! इतनी परिपक्वता! शानदार पारी अभिषेक शर्मा। ट्रेविस हेड ने भी शानदार खेल दिखाया। इन ओपनर्स को साथ में देखना एक शानदार अनुभव है! मैच में श्रेयस अय्यर ने भी शानदार खेल दिखाया। उन्हें भी खेलते देखना शानदार है। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने लिखा, अभिषेक की हाथ की



गति अविश्वसनीय है और जिस तरह से वह गेंद को मीलों दूर भेजने के लिए अपने हाथों को गेंद के नीचे ले जाते हैं, वह देखने लायक है। यह एक बेहतरीन पारी है। इसे जारी रखें! सूर्यकुमार ने लिखा- रख विश्वास। उन्होंने सनराइजर्स की एक क्लिप भी शेयर की, जिसमें हैदराबाद के खिलाड़ियों ने अभिषेक की पारी को एक शब्द में बताया है। नीतीश रेड्डी ने इसे- मास कहा। वहीं, अभिनव मनोहर ने इसे- बेहद जरूरी बताया। ट्रेविस हेड ने इसे- अविश्वसनीय बताया। वहीं, क्लिप में अभिषेक की मां भी दिख रही हैं। उन्होंने कहा, सबको खुशी है, पूरे हैदराबाद को खुशी है, मां को भी खुशी है कि हम मैच जीते हैं।

# आर्चरी वर्ल्ड कप: भारत की स्वर्णिम कामयाबी

## भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम को तीरंदाजी विश्वकप के चरण-1 में गोल्ड

**ऑबर्नडेल (अमेरिका), एजेंसी।** भारतीय तीरंदाजों ने अमेरिका में कामयाबी का परचम लहराया है। तीरंदाजी विश्वकप के पहले चरण में भारत ने स्वर्ण पदक जीता है। कांटे की टक्कर में इंडिया ने चीनी ताइपे के प्रतिद्वंद्वियों को मात दी। आज स्वर्ण पदक के लिए तीसरी वरीयता प्राप्त चीन से भी मुकाबला होगा। बता दें कि बुधवार को भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ अपना खाता खोला था। अमेरिका में आयोजित तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में भारत ने शानदार शुरुआत की है। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने वर्ल्डकप के इस प्रतिष्ठित मुकाबले में चीनी ताइपे के खिलाड़ियों को पटखनी दी। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव ने गजब के धैर्य का परिचय दिया और कांटे की टक्कर के दौरान चीनी ताइपे के खिलाड़ियों- हुआंग आई-जौ और चेन चिह-लुन को 153-151 से हराया। पहली और दूसरी सीरीज में पिछड़ने के बाद ज्योति-ऋषभ ने जोरदार वापसी की। दोनों ने मुकाबले को चौथे और निर्णायक सीरीज में जीता, जिसके बाद भारत की झोली में स्वर्ण पदक आया। इससे पहले शुक्रवार को भारत ने यूरोपीय देश स्लोवेनिया को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

कांटे की टक्कर; शुरुआत में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी फाइनल में गोल्ड के लिए कांटे की टक्कर के बीच भारत की मिश्रित जोड़ी पहली और दूसरी सीरीज में 37-38 और 38-39 से हार गई, लेकिन ज्योति और ऋषभ ने हौसला कायम रखा। तीसरे सेट में जोरदार वापसी करते हुए दोनों ने दो 10 और एक इनर 10 निशाना लगाया। इसकी बदौलत भारतीय जोड़ी को 39-38 के करीबी अंतर से जीत मिली।



### निर्णायक मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी चीनी ताइपे के तीरंदाजों पर हावी हुए

तीसरे सेट में भारत को मिली जीत के साथ मुकाबला चौथे और निर्णायक चरण में गया। चीनी ताइपे के प्रतिद्वंद्वी हुआंग आई-जौ और चेन चिह-लुन के मुकाबले भारतीय तीरंदाजों ने कई बेहतरीन निशाने लगाए। निर्णायक सेट में भारतीय जोड़ी ने 39-36 से जीत हासिल की। कुल स्कोर 153-151 रहा।

### सोना जीतने से पहले सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी ने स्लोवेनिया के खिलाड़ियों को हराया

यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि इस स्पर्धा को 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल किया गया है। क्वालीफिकेशन स्कोर के आधार पर ज्योति और ऋषभ को पांचवीं वरीयता मिली थी। दोनों ने पहले दौर में स्पेन को 156-149 से हराया था। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने डेनमार्क को कांटे की टक्कर में 156-154 से हराया। सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी ने स्लोवेनिया के खिलाड़ियों को 159-155 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई थी।

# हार्दिक ने जीता महिला क्रिकेटर का दिल

## गिफ्ट में दे दी ये खास चीज, वादा किया पूरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही है. वह अभी तक खेले गए 5 मैचों में एक ही जीत दर्ज कर सकी है. इसी बीच मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. इस वीडियो में वह एक भारतीय की एक युवा महिला क्रिकेटर के साथ नजर आए हैं. इस खिलाड़ी से पंड्या महिला प्रीमियर लीग 2025 के दौरान मिले थे. तब उन्होंने एक वादा किया था, जो अब पूरा किया है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में हार्दिक पंड्या के साथ युवा ऑलराउंडर खिलाड़ी काशवी गौतम नजर आ रही हैं. काशवी गौतम महिला प्रीमियर लीग 2025 में गुजरात जायंट्स की टीम का हिस्सा थीं.



पंड्या ने काशवी गौतम को अपना एक बल्ला गिफ्ट किया है. इस बल्ले पर उन्होंने अपना ऑटोग्राफ भी दिया. साथ ही काशवी गौतम को हाल ही में टीम इंडिया में चुने जाने के लिए बधाई भी दीं. बता दें, काशवी पहली बार भारतीय टीम के लिए सेलेक्ट हुईं हैं. पंड्या का ये वीडियो अब फैंस के बीच काफी वायरल हो रहा है और हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है. बता दें, महिला प्रीमियर लीग 2025 का एलिमिनेटर मुकाबला मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स के बीच खेला गया था. मैच के बाद गुजरात जायंट्स टीम की खिलाड़ी हरलीन देओल ने काशवी गौतम की पंड्या के मुलाकात करवाई थी. तब हरलीन देओल ने बताया था कि काशवी मुंबई इंडियंस के कप्तान भी बहुत बड़ी फैन हैं. फिर पंड्या ने गौतम को एक स्पेशल बल्ला देने का वादा किया था. पंड्या ने अब अपना ये वादा पूरा कर दिया है.

### पहली बार भारतीय टीम में शामिल

काशवी गौतम को 27 अप्रैल से 11 मई तक श्रीलंका में खेली जाने वाली ट्राई सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है. उन्हें महिला प्रीमियर लीग 2025 में अपनी छाप छोड़ी थी. जहां काशवी ने 9 मैचों में 11 विकेट हासिल किए थे. वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली भारतीय महिला खिलाड़ी रहीं थीं. इसके अलावा वह बल्लेबाजी भी करती हैं और बड़े शॉट लगाने के लिए जानी जाती हैं. काशवी गौतम चंडीगढ़ की रहने वाली हैं और ये पहला मौका है जब चंडीगढ़ की किसी महिला क्रिकेटर का भारतीय क्रिकेट टीम में चयन हुआ है.

### एक ही दिन में हार गए बाबर-रिजवान

# पाकिस्तानी आवाम के सामने हो गई भारी बेइज्जती

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के लिए शनिवार का दिन कुछ खास नहीं रहा. दोनों ही खिलाड़ियों के लिए पाकिस्तान सुपर लीग 2025 की शुरुआत काफी खराब रही. अपने पहले-पहले मैच में इस स्टार खिलाड़ियों को अपने फैंस के सामने हार का सामना करना पड़ा. बाबर इस लीग में पेशावर जाल्मी टीम के कप्तान हैं. वहीं, मोहम्मद रिजवान मुल्तान सुल्तान टीम की कमान संभाल रहे हैं. बाबर को कप्तान के साथ-साथ बतौर बल्लेबाज भी सीजन के पहले मैच में फ्लॉप रहे. पाकिस्तान सुपर लीग 2025 में 12 अप्रैल को डबल हेडर मैच खेले गए. डबल हेडर के पहले मुकाबले में पेशावर जाल्मी का सामना क्वेटा ग्लैडिएटर्स से हुआ, यहां बाबर की टीम पेशावर जाल्मी को करारी हार मिली. इस मैच में क्वेटा ग्लैडिएटर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 216 रन बनाए. जिसमें सऊद शकील और फिन एलन का बड़ा योगदान रहा. सऊद शकील ने 42 गेंदों पर 59 रनों की पारी खेली और फिन एलन ने सिर्फ 25 गेंदों पर 53 रन ठोके. लेकिन बाबर की टीम टारगेट का पीछा करते हुए 15.1 ओवर में ही 136 रन बनाकर ऑलआउट हो गई.



बतौर बल्लेबाज बाबर इस मैच में खाता भी नहीं खोल सके. वह सिर्फ 2 गेंदों का सामना करके मोहम्मद आमिर का शिकार बन गए. इस पारी के दौरान पेशावर जाल्मी के कुल 6 खिलाड़ी खाता खोलने में नाकाम रहे, जिसके चलते उनकी टीम को सीजन के पहले ही मैच में बड़ी हार का सामना करना पड़ा.

**शतक लगाकर भी टीम को नहीं जीता से रिजवान-** डबल हेडर का दूसरा मैच मुल्तान सुल्तान और डेविड वार्नर की कप्तानी वाली कराची किंग्स के बीच खेला गया. मुल्तान सुल्तान ने मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद रिजवान के शतकीय पारी के चलते 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 234 रन बनाए.

## आईपीएल की वजह से आपस में भिड़ गए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, हेड-मैक्सवेल की हुई लड़ाई, स्टोइनिस भी नहीं रहे पीछे

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2025 का 27वां मैच काफी रोमांचक रहा. इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में पंजाब किंग्स पर 8 विकेट से जीत दर्ज की. इस मुकाबले में फैंस को खूब चौके-छक्के देखने को मिले और एसआरएच की टीम ने 246 रनों के लक्ष्य को हासिल करके धमाल मचा दिया. ये इस लीग के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज था. हालांकि, इस मुकाबले के दौरान ऑस्ट्रेलियाई



खिलाड़ियों के बीच गर्मा-गरमी का माहौल भी देखने को मिला. ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल की वजह से आपस में ही भिड़ गए. सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए इस मुकाबले के दौरान ऑस्ट्रेलिया के स्टार ट्रेविस हेड और ग्लेन मैक्सवेल के बीच तीखी बहस देखने को मिली. ये घटना सनराइजर्स हैदराबाद की पारी के 9वें ओवर में घटी, तब ग्लेन मैक्सवेल गेंदबाजी पर थे. उनका ये ओवर काफी महंगा साबित हुआ और हेड ने मैक्सवेल के ऊपर लगातार दो छक्के जड़े, जिसके बाद मैक्सवेल ने गुस्से में गेंद को हेड की तरफ थ्रो कर दिया. इसके बाद दोनों स्टार खिलाड़ियों के बीच जुबानी जंग देखने को मिली. इस ओवर के बाद मार्कस स्टोइनिस भी ट्रेविस हेड से कुछ बात करते हुए नजर आए, जो आईपीएल में ग्लेन मैक्सवेल के साथ पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे हैं. हालांकि यह ड्रामा ज्यादा देर नहीं चला. हेड ने मुकाबले के बाद इस लड़ाई पर बयान भी दिया. ट्रेविस हेड ने कहा, 'टीम के साथियों के खिलाफ खेलना हमेशा मजेदार होता है. ये थोड़ी दोस्ताना लड़ाई थी.'

### आईएलएल कप

## मोहन बागान सुपर जाएंट ने जीता आईएसएल कप, बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराया



कोलकाता, एजेंसी। मोहन बागान की टीम आईएसएल के इतिहास में एक ही सत्र में लीग विजेता शील्ड और आईएसएल कप जीतने वाली सिर्फ दूसरी टीम बनी। मुंबई सिटी ने 2020-21 में यह कारनामा किया था। मोहन बागान सुपर जाइंट ने शनिवार को फाइनल में बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में दोहरी सफलता हासिल कर ली। मोहन बागान ने लीग विजेता शील्ड के बाद आईएसएल कप भी अपने नाम कर लिया। पहला हाफ गोल रहित बराबर रहने के बाद 49वें मिनट में मोहन बागान के अल्बर्टो रोड्रिग्ज के आत्मघाती गोल से बेंगलुरू एफसी ने बढ़त बनाई लेकिन जेसन कमिंग्स ने 72वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया। निर्धारित समय में स्कोर 1-1 रहा। मैच इसके बाद अतिरिक्त समय में खिंचा और जेमी मैकलारेन ने अतिरिक्त समय के छठे मिनट में गोल दागकर मोहन बागान सुपर जाइंटस की जीत सुनिश्चित की। मोहन बागान की टीम आईएसएल के इतिहास में एक ही सत्र में लीग विजेता शील्ड और आईएसएल कप जीतने वाली सिर्फ दूसरी टीम बनी। मुंबई सिटी ने 2020-21 में यह कारनामा किया था।

# दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 11 मई से 30 जून तक होंगी गर्मी की छुट्टियां



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एकेडमिक कैलेंडर जारी हो गया है। नए एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार, छात्रों का 11 मई से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा।

शिक्षकों को 28 जून से स्कूलों में रिपोर्ट करना होगा। छठी से आठवीं क्लास के लिए एडमिशन पूरे साल स्कूल स्तर पर जारी रहेंगे, जबकि नॉन प्लानड एडमिशन तीन चक्रों में होंगे और इनके लिए रजिस्ट्रेशन भी तीन चरणों में होगा।

पांचवीं, सातवीं, नौवीं और ग्यारहवीं क्लास की कंपार्टमेंट परीक्षा का परिणाम 8 मई को आएगा। इसके अलावा मिड-टर्म एग्जाम 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे।

दिल्ली शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने स्कूलों के लिए वार्षिक स्कूल कैलेंडर जारी किया है। इसके अनुसार, शरद ऋतु की छुट्टियां 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक होंगी। वहीं, सर्दियों की छुट्टियां एक जनवरी से 15 जनवरी तक होंगी। निदेशालय ने कहा कि छठी से नौवीं क्लास के लिए प्लान्ड एडमिशन 1 अप्रैल से 30 जून तक आयोजित किए जाएंगे।

शिक्षा निदेशालय के अधिकारी ने बताया कि स्कूलों के लिए एकेडमिक कैलेंडर जारी करने से चीजें व्यवस्थित रूप से संचालित की जा सकती हैं। इसके अनुरूप ही पूरे वर्ष की गतिविधियां होंगी।

बता दें कि, दिल्ली के स्कूलों में 1 अप्रैल से ही नया शिक्षा सत्र शुरू हुआ है। इस बीच दिल्ली में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ दिन से लू और तापमान बच्चों तो क्या बड़ों के भी पसीने छुड़ा रहा है। अगले कुछ दिन में तापमान और बढ़ने के आसार हैं। दिल्ली में पारा चढ़ने के बीच डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अत्यधिक गर्मी के फलस्वरूप ज्यादा पसीना निकलने और लवण की कमी के कारण हल्के चकत्ते और मांसपेशियों में ऐंठन से लेकर थकान और लू लगने (हीटस्ट्रोक) जैसी गंभीर स्थिति तक कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा गर्मी के दौरान सचेत करने को समय-समय पर अलग-अलग रंगों में अलर्ट जारी किए जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा और एआईएडीएमके के साथ आने से राज्यसभा में बदल गया गणित, विपक्ष को कितना घाटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने राज्यसभा में बिना मनोनित सदस्यों के ही बहुमत सुनिश्चित कर लिया है और यह बड़ा बदलाव एक दिन पहले एआईएडीएमके के एनडीए के साथ आने से हुआ है। भाजपा और एआईएडीएमके के इस गठबंधन से राज्यसभा के गणित में बड़ा बदलाव आया है। एआईएडीएमके के चार सांसदों के समर्थन से एनडीए की ताकत और बढ़ गई है, जबकि विपक्ष की स्थिति कमजोर हो गई है। रोचक यह है कि जब भाजपा शासित सरकार ने राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश किया था, तब एआईएडीएमके ने इस विधेयक के विरोध में वोट किया था। वर्तमान में राज्यसभा में कुल 236 सदस्य हैं, जिनमें नौ सीटें खाली हैं। एनडीए के पास राज्यसभा में 119 सदस्य हैं, जिसमें हरियाणा के निर्दलीय सांसद कार्तिकेय शर्मा का भी समर्थन है, जिन्होंने भाजपा के समर्थन से चुनाव जीता था। अब, एआईएडीएमके के चार सांसदों के समर्थन के साथ, भाजपा-नेतृत्व वाले गठबंधन की संख्या बढ़कर 123 हो जाएगी। ऐसे में, जब सदन अपनी पूर्ण सदस्यता यानी 245 तक पहुंचेगा, तब भी एनडीए के पास बहुमत रहेगा। इसके अलावा, एनडीए को छह नामांकित सदस्य का भी समर्थन प्राप्त है, जिससे प्रभावी सदस्यता 125 हो जाती है। सभी छह नामांकित सदस्य भाजपा द्वारा नियुक्त किए गए हैं और सामान्यतः नामांकित सदस्य उस पार्टी के पक्ष में मतदान करते हैं जो उन्हें सदन में भेजती है। एआईएडीएमके के आने से राज्यसभा में बदलाव एआईएडीएमके के सांसदों के शामिल होने से, एनडीए की प्रभावी सदस्यता बढ़कर 129 (मनोनित सदस्यों को मिलाकर) हो जाएगी। वहीं, सरकार द्वारा खाली सीटों को भरने के बाद यह संख्या 134 या उससे अधिक हो सकती है। राज्यसभा में नौ खाली सीटों में से चार नामांकित सदस्य के लिए होंगी, जिनकी नियुक्ति केंद्र सरकार करेगी, चार जम्मू-कश्मीर से और एक आंध्र प्रदेश से, जहां एनडीए सहयोगी टीडीपी की सरकार है। गौरतलब है कि भाजपा के पास साझीदारी में 98 सदस्य हैं, जिनमें दो सदस्य शामिल हैं। अन्य सहयोगियों में जद (यू) के 4 सदस्य, राकांपा के 3, तेदेपा के 2, और शिवसेना, एजीपी, पीएमके, आरएलडी, आरएलएम, तमिल मनीला कांग्रेस (मूपनार), एनपीपी, जद (एस), आरपीआई (अठावले), यूपीपीएल और एमएनएफ के एक-एक सदस्य हैं।

### गाजियाबाद से पटना के लिए 1 मई से मिलेगी सीधी फ्लाइट, वंदे भारत ट्रेन से भी कम किराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से अब पटना के लिए भी फ्लाइट मिलेगी। 1 मई से इसकी शुरुआत हो होगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस को उड़ान की अनुमति मिल गई है। 180 सीटर विमान रोजाना हिंडन से पटना और पटना से हिंडन की उड़ान भरेगा। इसके शुरू होने से एनसीआर में रहने वाले बिहार के लोगों को सहूलियत मिलेगी। हिंडन एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ानों पर लगा स्टे हटने के बाद कनेक्टिविटी लगातार बढ़ रही है। मार्च में सात शहरों के लिए उड़ान शुरू हुई और अब एक मई से पटना के लिए भी सीधी उड़ान मिलेगी। हिंडन एयरपोर्ट से जुड़ने वाला पटना 13वां शहर होगा। कंपनी ने पटना की उड़ान की बुकिंग शुरू कर दी है। शुरुआत में कुछ छूट भी दी जा रही है। टिकट की कीमत चार हजार रुपये से शुरू हो रही है, जो वंदे भारत ट्रेन की एग्जीक्यूटिव चेयर कार के किराये से भी कम है। पटना से सुबह विमान 11:50 बजे उड़ान भरेगा और दोपहर 1:40 बजे हिंडन पहुंचेगा। हिंडन से दोपहर 2:25 उड़ान शुरू होगी और शाम 4:10 बजे पटना पहुंचेगी। हिंडन एयरपोर्ट के डायरेक्टर उमेश यादव का कहना है कि कंपनी ने बुकिंग शुरू कर दी है। इस उड़ान के शुरू होने से गाजियाबाद के साथ नोएडा, मेरठ और हापुड़ में रहने वाले लोगों को पटना जाने-आने में बड़ी सहूलियत मिलेगी। लखनऊ समेत चार और शहरों के लिए उड़ान सेवा की शुरुआत होगी। सांसद अतुल गर्ग का कहना है कि पटना के लिए उड़ान सेवा शुरू होने से बिहार के रहने वाले लोगों लोगों को बड़ी सहूलियत होगी।

# दिल्ली विधानसभा भवन को राष्ट्रीय धरोहर बनाने की तैयारी, 113 साल पुरानी इमारत का क्या इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा भवन को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा मिल सकता है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 113 साल पुरानी इमारत को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा दिलाने के लिए बैठकें शुरू कर दी हैं। बीते शुक्रवार को भी अफसरों के साथ बैठक हुई थी।

गुप्ता ने कहा कि वह जल्द ही इसका प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत से मुलाकात करेंगे। इसके बाद एएसआई को आगे की कार्यवाही के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा मिलने के बाद विधानसभा भवन परिसर के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकेगी। उसके संरक्षण काम ज्यादा बेहतर तरीके से होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा भवन राष्ट्रीय धरोहर घोषित होने के बाद विशेष दिन जैसे गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस या फिर सप्ताह में एक-दो दिन आम लोगों के विजिट के लिए खुला रहेगा। दिल्ली विधानसभा परिसर में एक फांसी घर मिला है। 2016 में सुरंग का पता लगने के बाद फांसी घर की भी बात सामने आई थी।

**1912 बनकर तैयार हुई थी इमारत:** अलीपुर रोड पर विधानसभा भवन साल 1911 में बनकर तैयार हुआ था। 1912 में जब देश की राजधानी को कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित किया गया तो इस भवन को केन्द्रीय विधानसभा के रूप में इस्तेमाल किया गया। इसे बनाने वाले आर्किटेक्ट मॉन्टेग्यू थॉमस थे। इमारत चंद्रावल गांव की जमीन पर बनी है। स्थानीय लोगों को जमीन के बदले किरोड़ीमल कॉलेज के पास जगह दी गई थी।

विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि 100 साल से अधिक पुरानी इस इमारत को नेशनल हेरिटेज का दर्जा दिलाने का मकसद इसका संरक्षण सुनिश्चित करना है। राष्ट्रीय विरासत का दर्जा मिलने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि इसमें कामकाज बंद हो जाएगा। अवकाश वाले दिन आम लोग इस परिसर में घूम सकेंगे। परिसर में एक संग्रहालय भी बनाया जाएगा, इसमें इमारत से जुड़ी सभी जानकारी उपलब्ध होगी। परिसर को 100 फीसदी सौर ऊर्जा के प्रयोग का लक्ष्य रखा है। सदन को आधुनिक सुविधाओं से भी लैस किया जाएगा।

# भाजपा देश को अनपढ़ रखना चाहती है; शिक्षा को लेकर अरविंद केजरीवाल का भाजपा पर कटाक्ष



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने रविवार को केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए शिक्षा को बर्बाद करने का आरोप लगाया। गुजरात मॉडल को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए केजरीवाल ने कहा कि भाजपा पूरे देश को 'अनपढ़' रखना चाहती है। दिल्ली में भी शिक्षा व्यवस्था को 'बर्बाद' कर रही है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ये गुजरात मॉडल है। ये बीजेपी मॉडल है, जो ये पूरे देश में लागू करना चाहते हैं। ये डबल इंजन मॉडल है। पूरे देश को ये अनपढ़ रखना चाहते हैं। आप मुझे एक राज्य बता दीजिए जहां इनकी सरकार हो और इन्होंने वहां शिक्षा का कबाड़ा ना किया हो। इसी मॉडल के तहत अब ये दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को भी ध्वस्त करने में लगे हैं।

केजरीवाल समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा शेयर की गई एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें एक न्यूज रिपोर्ट थी, जिसमें लिखा था, 157 स्कूलों में 10वीं क्लास में कोई भी छात्र पास नहीं हुआ। बता दें कि यह न्यूज रिपोर्ट मई 2023 में प्रकाशित हुई थी। अखिलेश यादव ने एक्स पर 'पोस्ट' किया था, गुजरात मॉडल ही फेल हो गयाज गुजरात में 157 स्कूलों में 10वीं की बोर्ड परीक्षा में एक भी छात्र पास नहीं हुआ। भाजपा हटाएंगे, भविष्य बचाएंगे! केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि हाल ही में कई निजी स्कूलों में कथित फीस वृद्धि के बाद राजधानी दिल्ली में शिक्षा प्रणाली पूरी तरह से भाजपा सरकार के तहत माफियाओं के 'चंगुल में फंस गई है'। हाल ही में फीस वृद्धि को लेकर स्कूलों में हो रहे विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए, अरविंद केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली के लोग एक बार फिर पूरी तरह से शिक्षा माफिया की दया पर हैं। शिक्षा माफिया की हिम्मत कैसे हुई कि वे हमारे बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करें? क्योंकि नेता और मंत्री उनकी जेब में हैं - ठीक वैसे ही जैसे वे हमारी सरकार के सत्ता में आने से पहले हुआ करते थे। दिल्ली 'आप' अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भी भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के मंत्रियों को दिल्ली में हो रहे हालात के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, अभिभावक निजी स्कूलों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं और भाजपा के मंत्री सरकारी स्कूल-सरकारी स्कूल का खेल खेलने में व्यस्त हैं। उन्हें समस्या वाली जगह जाकर उसका समाधान करना चाहिए।

# गलत तरीके से बोरवेल से पानी निकालना पाप; दिल्ली हाई कोर्ट ने दिया दक्षिण अफ्रीका का उदाहरण?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि गैरकानूनी तरीके से बोरवेल से पानी निकालना पाप से कम नहीं है, ऐसे लोगों पर किसी तरह का अंकुश लगाने की जरूरत है। हाई कोर्ट ने दुख जताया कि अगर इन गैरकानूनी बोरवेल को नहीं रोका गया तो दिल्ली की हालत भी कुछ साल पहले दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग जैसी हो सकती है। बता दें कि वहां एक समय के बाद पानी खत्म हो गया था। चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने 9 अप्रैल को कहा,किसी तरह का अंकुश लगाना जरूरी है। जिस तरह से गैरकानूनी बोरवेल पानी का स्तर घटा रहे हैं,वह पाप से कम नहीं है। क्या आपको पता है कि जोहान्सबर्ग में क्या हुआ था? कुछ साल पहले उस शहर में कई महीनों तक पानी नहीं था। उन्होंने बहुत बड़े जल संकट का सामना किया था। क्या आप चाहते हैं कि दिल्ली में भी वैसी ही स्थिति आए? अदालत ने नगर निगम के अधिकारियों से पूछा कि उन्होंने निर्माण कार्यों के लिए बोरवेल की अनुमति कैसे दी। अदालत वकील सुनील कुमार शर्मा की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी,जिसमें उन्होंने कहा था कि रोशनारा इलाके के गोयनका रोड पर एक निर्माणाधीन इमारत में कई गैरकानूनी बोरवेल या सबमर्सिबल पंप लगे हुए हैं और उन्हें हटाने की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने अदालत को यह भी बताया कि दिल्ली नगर निगम ने एक आरटीआई अर्जी के जवाब में कहा है कि इमारत में छह बोरवेल लगे हुए पाए गए। वहीं, दरियागंज के एसडीएम ने आरटीआई अर्जी के जवाब में कहा है कि इमारत में तीन बोरवेल पाए गए थे,जिन्हें सील कर दिया गया है। अदालत ने एमसीडी,दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और इलाके के एसएचओ के उच्च अधिकारियों द्वारा संपत्ति का संयुक्त सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि इस तरह की गैरकानूनी हरकतों से पानी का स्तर लगातार गिरता जा रहा है,इसलिए हम आदेश देते हैं कि एमसीडी कमिश्नर,दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ और संबंधित थाने के एसएचओ द्वारा नियुक्त उच्च अधिकारियों की एक टीम इस इमारत का सर्वेक्षण करे।

# अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध: बांग्लादेश



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के विदेश सचिव एमडी जाशिम उद्दिन ने हाल ही में बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के बीच हुई मुलाकात को एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। बैठक में पीएम मोदी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंताओं को रेखांकित किया था। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि बांग्लादेश सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी और उनके खिलाफ अत्याचारों की गहन जांच की जाएगी। विदेश सचिव उद्दिन ने आश्वासन दिया कि बांग्लादेश अपनी धरती पर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम अपने नागरिकों को लेकर किसी भी तरह की हिंसा या धमकी को बर्दाश्त नहीं करते। हमें अपनी जिम्मेदारियों का पूरा अहसास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों नेताओं की इस मुलाकात से दोनों देशों के रिश्तों में आई खटास को दूर करने में मदद मिलेगी। उद्दिन ने कहा, हम उच्च राजनीतिक स्तर पर मुलाकात को दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान हुई यह बैठक दोनों नेताओं के लिए पहली व्यक्तिगत मुलाकात थी। मैं इसे एक महत्वपूर्ण कदम मानता हूं, जो हमारे रिश्तों पर छाए बादलों को हटाने और आगे बढ़ने में मदद करेगा। उन्होंने भारत के साथ खुले संवाद और सहयोग पर जोर देते हुए हाल के उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान को भी रेखांकित किया।

# हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने ट्रम्प पर केस किया: फंड रोकने की धमकी दी थी; आरोप- यहूदी विरोधी नफरत रोकने में नाकाम



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया है। प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रोकनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया है। ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डॉलर के फंड की समीक्षा कर रहा है। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया है कि ट्रम्प का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट (प्रथम संशोधन) का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स ने आरोप लगाया है कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। कोर्ट में दायर याचिका में ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने की मांग भी की गई है। हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को एक चिट्ठी भेजी थी। इस चिट्ठी में यूनिवर्सिटी को कुछ शर्तें पूरी करने के लिए कहा गया था। ऐसा न करने पर यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग पर रोक लगाने की धमकी दी गई। इस कदम के पीछे ट्रम्प प्रशासन का दावा था कि हार्वर्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थान एंटी-सेमिटिज्म (यहूदियों के खिलाफ नफरत) को रोकने में नाकाम रहे हैं। प्रशासन ने आरोप लगाया कि कैंपस में यहूदी छात्रों और प्रोफेसरों के खिलाफ भेदभाव हो रहा है। यूनिवर्सिटी को मिलने वाली फंडिंग सर्च, स्टूडेंट स्कॉलरशिप, और कई साइंस और मेडिकल प्रोजेक्ट्स के लिए बेहद जरूरी है। गाजा में जारी इजराइल-हमास जंग के खिलाफ पिछले साल अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया था। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक 1000 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार भी हुए। इस दौरान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों ने फिलिस्तीनी झंडा फहराया था। यूनिवर्सिटी ने इसे पॉलिसी के खिलाफ बताते हुए छात्रों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही थी। ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 33 अरब रुपए) के अनुदान को रद्द कर दिया था। प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी पर भी यहूदी छात्रों के हो रहे उत्पीड़न को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया था। अमेरिकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग, न्याय विभाग और सामान्य सेवा प्रशासन की जॉइंट टास्क फोर्स टु कॉम्बैट एंटी-सेमिटिज्म ने यह कार्रवाई की।

# अब अमेरिका में 30 दिन से अधिक रुकने पर पंजीकरण अनिवार्य, नियम टूटने पर जुर्माना-जेल-प्रत्यर्पण जैसे दंड



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी ने विदेशी नागरिकों के लिए 30 दिन से ज्यादा समय तक रुकने पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। नए नियमों के मुताबिक ऐसे नागरिकों को हर वक्त पंजीकरण का प्रमाण रखना होगा वरना जुर्माना, कैद तथा प्रत्यर्पण जैसा दंड भुगतना होगा। ये नियम विदेशी नागरिकों, वीजाधारकों और कानूनी रूप से उन सभी स्थायी निवासियों पर भी लागू होंगे जिनके पास वैध दस्तावेज नहीं हैं और वे 30 दिन से अधिक समय से अमेरिका में रह रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक बयान में कहा कि नए नियम राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून प्रवर्तन को लेकर हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, अमेरिका में 30 दिन से अधिक समय से मौजूद सभी विदेशी नागरिकों को संघीय सरकार में पंजीकरण कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर उन्हें जुर्माने के अलावा उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है। उन्हें इस प्रकार प्रत्यर्पित किया जा सकता है ताकि दोबारा हमारे देश में न आ पाएं। इससे पहले एक फेडरल जज ने भी ट्रंप प्रशासन को पंजीकरण अनिवार्य करने की मंजूरी दी थी। ट्रंप प्रशासन के फैसले के तुरंत बाद सुरक्षा विभाग ने विज्ञप्ति जारी कर लोगों पंजीकरण शुरू कराने की अपील की है। विज्ञप्ति में इस बात पर जोर दिया गया है कि 30 दिन से अधिक समय से रहने वाले लोगों के लिए पंजीकरण की समय सीमा 11 अप्रैल है। आगे यह प्रक्रिया पूरे जोर-शोर से लागू की जाएगी। विभाग ने 25 फरवरी को भी घोषणा की थी कि अवैध रूप से रहने वाले विदेशी नागरिक यदि खुद रिपोर्ट नहीं करते हैं तो उन्हें जुर्माना या अभियोजन का सामना करना पड़ सकता है। पंजीकरण कराने वाले नागरिकों को फिंगरप्रिंट देना होगा और अपना प्रमाण के साथ पता देना होगा। 14 वर्ष से कम उम्र के नागरिकों के माता-पिता या अभिभावकों को सुनिश्चित करना होगा कि वे पंजीकृत हैं। ट्रंप प्रशासन के इस कदम का कई समूहों ने विरोध दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि अर्थव्यवस्था में योगदान करने वाले कामकाजी लोगों के लिए मुसीबत खड़ी हो जाएगी। अमेरिका में उनके गहरे पारिवारिक ताल्लुक हैं।

# घुसकर हाथ-पैर बांधे फिर अंधाधुंध की गोलीबारी; ईरान में आठ पाकिस्तानी कर्मचारियों की हत्या

**इस्लामाबाद/तेहरान , एजेंसी।** ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में बलूच लड़ाकों ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के आठ कामगारों की बेरहमी से हत्या कर दी। समाचार एजेंसी पीटीआई ने डॉन अखबार की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि बर्बर वारदात शनिवार को मेहरिस्तान जिले के एक गांव में हुई।

ईरानी अधिकारियों ने पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या की वारदात की पुष्टि भी कर दी है। मृतक बहावलपुर के रहने वाले थे और एक कार मरम्मत की दुकान पर काम करते थे। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि मारे गए सभी आठ पाकिस्तानी दक्षिणी पंजाब के बहावलपुर शहर के थे। वे एक कार्यशाला में रह रहे थे, जहां वे कारों की डेंटिंग, पॉलिश, पेंटिंग और मरम्मत का काम करते थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, अज्ञात हथियारबंद लोग रात में कार्यशाला में घुस आए और उनके हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी की और उन्हें मार डाला। हमलावर आठ पाकिस्तानी कामगारों की हत्या करने के बाद वहां से भाग निकले। दुखद घटना की सूचना मिलने के बाद ईरानी पुलिस मौके पर पहुंची।

प्रतिबंधित बलूचिस्तान नेशनल आर्मी (बीएनए) के प्रवक्ता ने आठ पाकिस्तानियों की हत्या की जिम्मेदारी ली। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि ईरानी पुलिस घटना की जांच कर रही है। सिस्तान बलूचिस्तान में यह दूसरी ऐसी घटना थी। पिछले साल जनवरी में हथियारबंद लोगों ने सरवन शहर में नौ पाकिस्तानियों की हत्या कर दी थी, जो ईरान में मोटर मैकेनिक के तौर पर काम कर रहे थे और एक वर्कशॉप में रह रहे थे। पाकिस्तान और ईरान के स्थानीय समूह बलूचिस्तान में आजादी के लिए दशकों से चल रहे संघर्ष का हिस्सा हैं। पिछले साल जनवरी में ईरान ने पाकिस्तान पर हमला किया था।

# जीवन रक्षक एंबुलेंस परियोजना रोटरी का सराहनीय कदम : बिपिन चाचन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन की आधिकारिक क्लब विजिट का भव्य आयोजन किया गया। सेवा और आदर्शों के उत्सव के रूप ने मनाया गया। इस कार्यक्रम ने क्लब की सेवा भावना, समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता और रोटरी के मूल्यों को एक बार पुनः प्रतिष्ठापित किया। क्लब मीटिंग संख्या 2675 की शुरूआत रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, और रोटेरियन जतिन अग्रवाल, सचिव, द्वारा की गई। इस विशेष अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन, फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचन और अन्य गणमान्य अतिथियों का भव्य स्वागत हुआ। समारोह का संचालन पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन मन्नू श्रीवास्तव ने किया।

स्वागत के क्रम में, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन को रोटेरियन शमिता मुखर्जी द्वारा मंच तक लाया गया, जबकि रोटेरियन स्वगतिका प्रधान ने फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचन का स्वागत किया। पुष्पभिनंदन के दौरान, रोटेरियन अलका गुप्ता ने डीजी और फर्स्ट लेडी का जहां दिल से स्वागत किया, वहीं पीडीजी महेश केजरीवाल एवं रोटेरियन पुष्पा केजरीवाल को पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन संध्या राज ने सम्मानित किया। ओएनजीसी के श्री टी. एन. उन्नीकृष्णन नायर (सीजीएम-पी, एसेट हेड) और श्री बलबीर सिंह का रोटेरियन नरेश लोधा एवं पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन पी. ए. जकारिया ने क्रमशः स्वागत



किया। संयुक्त सचिव रोटेरियन जतिन अग्रवाल ने क्लब की सेवाओं और आगामी परियोजनाओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में रोटरी क्लब के कार्यों और सामाजिक उत्थान में उसकी भूमिका को बिंदुवार रेखांकित किया। उन्होंने सभी रोटेरियन साथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और बताया कि ओएनजीसी के साथ प्रस्तावित सीएसआर परियोजना के तहत बोकारो में एक उन्नत जीवन रक्षक एम्बुलेंस की योजना मूर्त रुप लेने जा रही है, जो शहर के लिए एक वरदान साबित होगी। इसके उपरांत रीता मुंशी को बतौर रोटेरियन और ओएनजीसी के टी. एन. उन्नीकृष्णन नायर को मानद रोटेरियन के रूप में क्लब में विधिवत इंडक्ट किया गया।

पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन महेश केजरीवाल ने रोटरी क्लब के कार्यों की सराहना की और सदस्यों को इसी प्रकार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रोटरी के मूल्यों और उनकी सफलता के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन संजय तिवारी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन का विस्तार से परिचय दिया, जिसमें उनके रोटरी सफर, सेवाओं और प्रभावशाली नेतृत्व को उजागर किया गया। उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की प्रेरणा और नेतृत क्षमता समाज व क्लब के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन ने अपने संबोधन में रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के सेवा कार्यों, सामुदायिक सहभागिता के कार्यक्रमों और क्लब के संगठनात्मक एकता की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने क्लब द्वारा प्रस्तावित जीवन रक्षक एम्बुलेंस परियोजना को अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता का एक "दूरदर्शी और जीवनदायिनी पहल" बताया। उन्होंने रोटरी के आदर्श वाक्य ह्लसेवा स्वयं से ऊपर ह्व को केवल नारा न मानते हुए, इसे जीवन का आदर्श मार्ग बताया और सभी से अनुरोध किया कि वे स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में स्थायी और प्रभावी परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करें।

समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन को स्मृति उपहार रोटेरियन महेश गुप्ता द्वारा भेंट किया गया, और फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचन को रोटेरियन अलका गुप्ता द्वारा स्मृति उपहार भेंट किया गया। समारोह का समापन रोटेरियन निरुपमा सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ, जिन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों और सदस्यों तथा मीडिया बंधुओं का आभार व्यक्त किया। इसके बाद रोटेरियन स्वागतिका प्रधान के नेतृत्व में एनी खोनेन और एनी सुनीता द्वारा लक्की ड्रा का आयोजन किया गया और इसके उपरांत राष्ट्रगान के साथ इस भव्य कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के उपरांत, सहभोज और फेलोशिप का आयोजन हुआ, जिसकी मेजबानी रोटेरियन सपना एवं रोटेरियन वनित सेठ, एनी नीति एवं रोटेरियन विनय सेठ, एनी श्रीमोयी एवं रोटेरियन अनीश कुमार और एनी जैसिंटा एवं रोटेरियन तुषार सिंह ने की।

# श्री बजरंग मार्केट में मां भगवती जागरण का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार रात्रि को श्री बजरंग मार्केट रणधीर वर्मा चौक हनुमान मंदिर रोड में महावीर जयंती के शुभ अवसर पर मां भगवती का भव्य जागरण का आयोजन हुआ। जागरण के पूर्व चीरा गोड़ा स्थित जागृति मंदिर से माथे पर ज्योत निकाल कर रणधीर वर्मा चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर लाया गया, तत्पश्चात ज्योत को जागरण स्थल तक लाकर सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं नमन कर आशीर्वाद लिया। जागरण का उद्घाटन धनबाद के अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व सांसद में पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा,अमितेश सहाय, पप्पू सिंह, सुनैना किन्नर, धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल,संजीव चौरसिया धनबाद थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।सभी ने मां भगवती को नमन का आशीर्वाद लिए। कार्यक्रम में कलाकारों ने विभिन्न माता के गुणगान के गीतों पर



समा बांधा ।श्रोताओं ने मां भगवती के गीतों पर रातभर झूमकर आनंद लिया और मां के जयकारा लगाए। कार्यक्रम का आयोजन श्री बजरंग मार्केट कोर्ट मोड द्वारा किया गया और सफल बनाने में रंजन गुप्ता, राजू नयन,बापी सेन, आमोद श्रीवास्तव,नागेंद्र पंडित,अमित राय, मनोज कुमार, राहुल कुमार,उदय शंकर, विकास, मुन्ना प्रसाद, अमित कुमार, रवींद्र कुमार सिंह समेत श्री बजरंग मार्केट के समस्त दुकानदरो ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक सहित चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरला थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पचौरा बस्ती में छापेमारी कर चोरी का एक पल्सर बाइक समेत एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे दशरथ मरांडी चढ़ा है, जो इसी घर में रहता था। दरअसल पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पचौरा बस्ती में पूरी घेराबंदी कर जब छापेमारी की गई तो पहले तो कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिला, लेकिन टीम जब घर के पिछले हिस्से में बनी एक टूटे फूटे कमरे में घुसी तो वहां चादर से ढका एक नीले रंग का पल्सर बाइक बरामद हुआ। जिसका आरोपी कोई भी कागजात पुलिस को नहीं दे पाया। मामले की जानकारी देते हुए हरला थाना प्रभारी अनिल कच्छप ने बताया कि आरोपी दशरथ मरांडी ने अपने स्वीकृत बयान में बताया है कि वह दुग्धा में आयोजित सरहुल मेला से बाइक टपाई है। पुलिस मामले अनुसंधान में इनके साथियों की कुंडली खंगालने में जुटी हुई है।

### गुरुद्वारों में मनाया जा रहा बैसाखी और सज्जन दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिख समाज के द्वारा आज बैसाखी और खालसा पंथ के सज्जन दिवस को बड़े ही धूमधाम के साथ सभी गुरुद्वारा में मनाया जा रहा है। सिख समाज के द्वारा बैसाखी पर्व को खेती समाप्त होने के उपलक्ष में मनाया जाता है, जबकि आज ही के दिन गुरु गोविंद सिंह के द्वारा अपने पांच प्यारो को सजाने का काम किया गया था। इसी को लेकर




आज दोनों ही पर्व को एक साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही गुरुद्वारे में सबद कीर्तन और अरदास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।इस दौरान लंगर के साथ कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। सभी गुरुद्वारों में सिख समाज के लोग पूरे परिवार के साथ दोनों ही पर्व को मनाने पहुंचे हैं।

### खुले में शराब पीने वाले शराबियों को पुलिस ने खदेड़ा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी एरिया में खुले में शराब पीने और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने बीती देर रात अभियान चलाया। इस दौरान कई शराबियों को शराब पीते देखने पर उन्हें दौड़कर पीटने का भी काम किया गया। यह अभियान सेक्टर 4 सेक्टर



5 सहित अन्य इलाकों में चला। एसपी के निर्देश पर सिटी डीएसपी आलोक रंजन की अगुवाई में कई थाना प्रभारी के साथ पुलिस ने कई इलाकों में इस अभियान को चलाया है। शराब पीने वाले लोग शराब दुकान और खेलों के पीछे बैठकर शराब का सेवन करते नजर आए। इस दौरान दुकानदारों को भी कड़ी चेतावनी दी गई मडीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि लोगों की शिकायत और एसपी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है ।आगे भी इस तरह की कार्रवाई चलती रहेगी ,जो भी शराब पीकर गाड़ी चलाएंगे उनका चालान भी काटा जाएगा और जो खुले में शराब पीते पकड़े जाएंगे उन पर कानून के मुताबिक कार्रवाई होगी।

### रोटरी चास ने लगाया प्याऊ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैसाखी के शुभ अवसर पर रोटरी क्लब, चास ने गर्मी को देखते हुए आम जनता के उपयोग के लिए बाय पास रोड में प्याऊ का संचालन शुरू किया किया। समाजसेवी संपतमल बैद ने राहगीर को पानी पिलाकर इस प्याऊ का उद्घाटन किया। संपतमल बैद ने कहा कि गर्मियों में प्याऊ खोलकर रोटरी क्लब चास ने पुण्य का काम किया है, इससे




आम लोगों को पीने योग्य पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि लोगों को पीने योग्य स्वच्छ पानी मिलेगा और यह प्याऊ लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि चास मुख्य व्यवसायिक केंद्र है और यहां प्रतिदिन सैकड़ो लोग खरीदारी किए आते हैं, अब उन्हें पीने के लिए पानी खरीदना नहीं पड़ेगा। मुकेश ने बताया कि रोटरी क्लब ने चास में आज दो प्याऊ खोले हैं।कुल ६ प्याऊ खोलेगा। इस अवसर पर विमल रामपुरिया, शुभम चोपड़ा, कमल लोढ़ा, अंकित चोपड़ा, निर्मल रामपुरिया, ललिता चोपड़ा, संजय बैद आदि उपस्थित थे।

# नवनिर्मित श्री श्री काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा निकाली

## गोविंदपुर के अमलाटांड में निकाली गई कलश यात्रा

**गोविंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत अमलाटांड़ बस्ती में नवनिर्मित श्री श्री काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत रविवार प्रातः संगीन के साए में निकली कलश यात्रा। संभवतः गोविंदपुर थाना क्षेत्र में यह पहला मौका है, जब 17 प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के संरक्षण में कलश यात्रा निकाली है। प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारियों में धनबाद जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सभी थाने के थानेदार, धनबाद के सभी कार्यपालक दंडाधिकारी शामिल हैं। यह व्यवस्था गोविंदपुर के पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली की अनुमंडल पदाधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट पर की गई है। जिसमें उन्होंने आशंका व्यक्त की थी कि नवनिर्मित मंदिर से 500 मीटर की दूरी पर अमलाटांड़ एवं अमरपुर में सड़क के दोनों ओर मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं। उन्होंने कलश यात्रा निकालने का विरोध किया था। जबकि हिंदू पक्ष कलश यात्रा निकालने पर अड़ गया था। इसके मद्येनजर थाना प्रभारी की रिपोर्ट पर प्रशासन ने यह कार्रवाई की है।

# बोकारो इस्पात प्रबंधन कर्मचारियों को मोबाइल सेट और सिम उपलब्ध कराए : प्रेम कुमार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ की एक बैठक संघ के प्रधान कार्यालय सेक्टर 4 जी में हुई। अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश कुमार और संचालन कार्यकारी महामंत्री सुरेन्द्र महतो ने किया। संघ के महामंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि बोकारो इस्पात प्रबंधन, अपने कर्मचारियों पर हमेशा कुछ न कुछ दबाव बढ़ाता रहता है,। गेट पास बदला, बायोमेट्रिक्स लाया और अब एच सी एम लेकर आई है, जससे कर्मचारियों को समस्या हो रही है,। एक आर का सारा काम कर्मचारियों को खुद मोबाइल से करने को मजबूर किया जा रहा है। इसलिए भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ बोकारो इस्पात प्रबंधन से मांग करती है कि सारे कर्मचारियों को मोबाइल सेट और सिम, मासिक रिचार्ज भता दिया जाय। साथ ही सारे कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया जाय। संघ विभागीय बैठक कर अपना सदस्यता अभियान चलाएगी, और आंतरिक चुनाव हेतु वोटर लिस्ट तैयार करेंगी। बोकारो इस्पात प्रबंधन मान्यता प्राप्त यूनियन का चुनाव गुप्त मतदान से जल्द करवाये। सेल प्रबंधन अपने मृत कर्मचारियों के आश्रितों को बिना ऊपरी उम्र सीमा कि बाध्यता के सीधे सेल में नियुक्ति दें।




**अप्रेन्टिस पास सारे आश्रित और विस्थापित को बिना ऊपरी उम्र सीमा कि बाध्यता के सीधे नियोजन दे प्रबंधन**

बैठक में संघ के संयुक्त महामंत्री मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष रामकुमार श्रीवास्तव, सहायक कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश मांझी, प्रेम चंद झा, रामा शंकर शर्मा, वासुदेव ठाकुर, जय प्रकाश यादव, कामता कुमार, सत्येंद्र पासवान, उमेश कुमार शर्मा, नागेंद्र कुमार सिंह, अहमद हुसैन अंसारी, योगेंद्र ठाकुर, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कैंडल मार्च निकाल कर सेल प्रबंधन के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नियोजन की मांग को लेकर सीआईएसएफ और बोकारो स्टील के सुरक्षा कर्मियों के द्वारा किए गए लाठी चार्ज के दौरान मारे गए विस्थापित प्रेम महतो को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आज विस्थापितों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान इस कैंडल मार्च में लाठी चार्ज में मारे गए प्रेम महतो की बहन भी शामिल रही। प्रेम माता की बहन ने कहा कि हमारे भाई के साथ जितने भी अप्रेंटिस किए हुए थे सभी को नियोजन दिया जाए। जो दोषी हैं उनको सख्त से सख्त सजा दी जाए। क्योंकि हमारे भाई की हत्या हुई है। इस कैंडल मार्च



में शामिल विस्थापितों ने कहा कि हम चाहते हैं कि इस हत्याकांड में शामिल लोगों को सजा मिले जो बंद बहाली चतुर्थ ग्रेड की है वह बहाली शुरू हो 1500 अप्रेंटिस को जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र दिया जाए। ऐसा अगर नहीं होता है तो विस्थापितों को कुबार्नी देगी देनी होगी तो हम लोग कुबार्नी देने के लिए तैयार हैं ।यह आज चेतावनी है बीएसएल प्रबंधन को।

## मजदूरी मांगने पर निकाल दिया जाता है नौकरी से

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील में काम करने वाले ठेका मजदूरों द्वारा न्यूनतम मजदूरी मांगे जाने पर काम से निकाल दिया जा रहा है। इसका विरोध बोकारो इस्पात कामगार यूनियन के ठेका प्रकोष्ठ ने शुरू कर दिया है, इसको लेकर प्रबंधन को चेतावनी भी दी जा रही है और ठेका प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्राण सिंह ने कहा कि अगर जल्द मजदूरों का शोषण अत्याचार बंद नहीं हुआ तो प्लांट के सभी गेट को पूरी तरह से बंद करने का काम करेंगे। प्राण सिंह ने कहा कि मजदूरों के द्वारा न्यूनतम मजदूरी ठेकेदार से मांगे जाने पर सेफ्टी और मेडिकल के नाम पर मजदूरों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है, सेफ्टी की प्रक्रिया पूरा होने के बाद भी गेट पास नहीं बनाया जा रहा है। यह सिर्फ न्यूनतम मजदूरी मांगे जाने के कारण हो रहा है।

# बाबा साहब के प्रतिमा स्थल को भाजपाइयों ने दीपों से किया रोशन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत के संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की कल जन्म जयंती है। उनकी जयंती के पूर्व संध्या पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर आज बाबा साहेब के सभी प्रतिमा स्थल पर दीप जलाने का काम किया गया। बोकारो के सेक्टर तीन स्थित अंबेडकर चौक में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिला अध्यक्ष समेत तमाम पार्टी के नेता मौजूद रहे। अमर कुमार बावली ने कहा कि भाजपा हमेशा से बाबा साहब को सम्मान देते आ रही है, चाहे वह भारत रत्न देने का मामला हो या फिर पंच तीर्थ की स्थापना या फिर संविधान गौरव दिवस मनाने का निर्णय। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के बने संविधान के कारण ही आज लोग अपनी हक अधिकार लेने के लिए आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बताए रास्तों पर चलना ही हमें आदि उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। बाबा साहब ने दलित आदिवासी गरीब मजलूमों को जीने का बड़ा अधिकार दिया है।

**बाबा साहब के बताए रास्तों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि**

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभा यात्रा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव (चैत्र पूर्णिमा) पर भुईफोड मंदिर, धनबाद से हनुमान मंदिर, रणधीर वर्मा चौक तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में झांकीयों के साथ समाजसेवी एवं हनुमान जी के परम भक्त अमरेश सिंह शामिल हुए। अमरेश सिंह ने कहा हजारो राम भक्तों ने शोभा यात्रा में शामिल होकर रथ को पूर्ण श्रद्धा से खिचा, जय जय बजरंगबली के घंटो जयकारा लगाएं। रणधीर वर्मा चौक पर मनोरम भक्ति और उत्साह से भरा हनुमान जी की आरती का दृश्य मन और अंतरात्म के लिए काफी हृदयस्पर्शी,सुखद व आनंददायक था। कहा की हनुमान जी को सिर्फ भगवान के भक्ति के रूप में ही नहीं देखा जाता



बल्कि उन्हें शक्ति,साहस व सेवा का सच्चा उदाहरण माना जाता है उनकी भक्ति ऐसी थी कि उन्होंने अपना सब कुछ राम जी को समर्पित कर दिया। उन्होंने विशेष कर शोभा यात्रा के सफल आयोजन लिए एकल अभियान के युवा समिति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही समस्त श्रद्धालुओं को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी के परम भक्त श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर हार्दिक बधाई देकर जय जय बजरंगबली के नारे लगाए।

# सुरक्षा वैक्सीन सेंटर का स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने किया उद्घाटन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को सुरक्षा वैक्सीन सेंटर का उत्घाटन झारखंड के स्वास्थ मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के द्वारा किया गया। ये पूरे झारखंड का पहला विस्तृत वैक्सीन सेंटर है जिसमें एक ही छत के नीचे नवजात बच्चों से लेकर सभी उम्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाला टीकाकरण, उचित वातावरण एवं किफायती दर पर दिया जाएगा। सुरक्षा वैक्सीन सेंटर का दृष्टिकोण है कि वैसी सभी बीमारी, जो सही समय पर वैक्सीन लगने से बचा जा सकता है, उनको समाज से जड़ से खत्म करना है और सामुदायिक प्रतिरोधक छमता का विस्तार करना है।सुरक्षा विक्सिन सेंटर स्वास्थ सुरक्षा एवं सभी उम्र के लोगों के टीकाकरण एवं इसकी जागरूकता के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह का सेंटर अभी पूरे झारखंड में नहीं है। झारखंड की कोयला राजधानी धनबाद से इसकी शुरूआत की गई है। जिसका विस्तार निकट भविष्य में झारखंड के अन्य जिलों में भी की जाएगी। सुरक्षा वैक्सीन सेंटर विचार रखता है कि वो समाज के सभी वर्ग के लोगों को विभिन्न तरह के प्राणघातक बीमारियों से बचने के लिए मुफ्त में डॉक्टरी सलाह मुहैया कराये एवं बाजार से किफायती दर पर टीका उपलब्ध करवाये। यहां आये सभी लोगों का डिजिटल वैक्सीन कार्ड सॉफ्टवेर की मदद से रखा जायेगा एवम उनको सही समय पर अगले डोज की जानकारी फोन और मैसेज के माध्यम से दी जायेगी ताकि उनका सही समय पर टीकाकरण हो सके। यहाँ पर विशेषज्ञ केमिस्ट के द्वारा सही तापमान में वैक्सीन



का रख रखाव किया जाता है। इस उत्घाटन कार्यक्रम में स्वास्थ मंत्री ने बताया की वो इस नई पहल के साथ हैं एवं उनके तरफ से सेंटर को हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने इस अनूठे पहल की काफी सराहना की एवं संचालकों की हौसला अफजाई की। इस उत्घाटन कार्यक्रम में सेंटर के संचालक मनीष लाला एवं प्रकाश कुमार के द्वारा बताया गया कि धनबाद राउंड टेबल एवं कल्याणी डायग्नोस्टिक सेंटर के द्वारा जरूरतमंद बच्चों को हर कुछ माह के अंतराल पे मुफ्त में एचपीभी वैक्सीन मिलेगा । जिसके पहले चरण में आज यहाँ 30 बच्चियों को मुफ्त में वैक्सीन दिया गया है ।इस सफल कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में पीयूष कुमार, प्रथम प्रभात,पूजा सिन्हा,अनूप गोयल , गणेश गोयल, सौरभ सिन्हा, मिकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com